नई दिल्ली
सोमवार 9 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्णा पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 324
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## हम चैंपियन थे...चैंपियन हैं : टीम इंडिया ने तीसरी बार जीता टी-20 वर्ल्ड कप...न्यूजीलैंड को अहमदाबाद में ढेर कर इतिहास रचा

# 'होली' पर देश भर में 'दिवाली'

1 96 रन से फाइनल जीतने के बाद देश ने एक साथ दो त्यौहार मनाए जमीन पर रंग भी उड़े और आसमान भी आतिशबाजी से नहा उठा

2 विजेता टीम को करीब 27.50 करोड़ और उपविजेता टीम को करीब 14.67 करोड़ रुपए मिले

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

ये संडे खास था। ये उम्मीदों और आत्मविश्वास से लबरेज संडे था। सेमीफाइनल में भारतीय टीम इंग्लैंड से सिर्फ 7 रन से जीती थी। टीम की मुट्ठी से मैच फिसल ही गया था। पर, जीत-हार का फैसला, कहते हैं आखिरी वक्त पर भी होता है। और, आखिरी वक्त पर भारत ने जीत को अपनी मुट्ठी में खींच लिया। ये है टीम इंडिया। यही टीम फाइनल में दिखी। परफैक्ट फाइनल। परफैक्ट जीत। सबको यकीन था कि ये तो होना ही था। फाइनल से पहले ही भारत को जीता हुआ मान लिया गया था। रंग तैयार थे। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### भारतीय पारी में बने खास रिकॉर्ड

- ▶▶ टीम ने 7.2 ओवर में 100 रन पूरे किए। जो टी-20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में किसी टीम से सबसे तेज 100 रन का रिकॉर्ड है
- ▶▶ भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था
- ▶▶ सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा

## क्रिकेट ने सिखाए ये 'मंत्र'

**1. जिंदगी में हार नहीं मानना**

संजू सैमसन टीम से बाहर थे। अभिषेक की फॉर्म गई। रिंकू को बाहर बैठाया। संजू को मौका मिला। उन्होंने साबित किया। सिर्फ 5 मैच खेलकर 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बने।

**2. जो हीरा है, वो हीरा है**

जसप्रीत बुमराह ने क्रिकेट की दुनिया में साबित किया कि वे ऐसे घातक गेंदबाज हैं, जो जरूरत पड़ने पर विरोधी टीम को जमीन सुंघा सकते हैं। वे 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने।

**3. कोशिशें ही कामयाब होती हैं**

अक्षर पटेल, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा व शिवम दुबे। तीन खिलाड़ी.. पर जज्बा एक कि कोशिश करते रहो। अक्षर की गेंदबाजी और वो कैच। ईशान की बल्लेबाजी और फील्डिंग। लगातार फेल होने के बाद अभिषेक की फाइनल में बल्लेबाजी।

**4. टीम इंडिया के लिए ही खेलना**

कोच गौतम गंभीर ने पूरी टीम को बताया कि अपने लिए, अपने रिकॉर्ड बनाने के लिए नहीं खेलना है। हमें टीम के लिए खेलना है।

### तीसरी बार विजेता बना है भारत

भारतीय टीम तीन बार टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम कर चुकी है। भारत ने 2007 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में पाकिस्तान को हराकर खिताब अपने नाम किया था। वहीं, 2024 में टीम ने रोहित शर्मा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

### पीएम मोदी ने टीम इंडिया को दी बधाई

## शाबाश! गर्व और खुशी से दिल भर दिया



आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई! यह शानदार जीत असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रतीक है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। शाबाश, टीम इंडिया!

### सीएम रेखा गुप्ता ने कहा

### दीपावली का उत्साह और उल्लास

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा कि टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत से रंग पंचमी पर पूरे देश में दीपावली का उत्साह और उल्लास है। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने की भारतीय क्रिकेट टीम और संपूर्ण देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



**श्रीनगर।** टिहरी से लौट रहे राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) के हेलिकॉप्टर में अचानक तकनीकी खराबी आने से हड़कंप मच गया। स्थिति को देखते हुए पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलिकॉप्टर को इमरजेंसी के तौर पर श्रीनगर स्थित जीवीके हेलिपैड पर उतार दिया।

### पेंच: बाघिन की मौत, 10 शावकों को दिया जन्म



**सिवनी।** प्रसिद्ध पेंच टाइगर रिजर्व की सबसे चर्चित और उम्रदराज बाघिन 'लंगड़ी बाघिन' (पीएन-20) ने दुनिया को अलविदा कह दिया। करीब 18 वर्ष की आयु तक जंगल में अपना वर्चस्व बनाए रखने वाली इस बाघिन का शव कर्माझिरी रेंज के मुनारा क्षेत्र में मिला। गाइडलाइंस के अनुसार साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया।

### आशुतोष महाराज पर ट्रेन में जानलेवा हमला



**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ कोर्ट में यौन उत्पीड़न का केस दाखिल करने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज पर जानलेवा हमला होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ब्रह्मचारी ने अपने ऊपर चलती ट्रेन में हमले का आरोप लगाया है। किसी तरह आशुतोष ब्रह्मचारी ने ट्रेन के टॉयलेट में खुद को बंद कर अपनी जान बचाई। रेलवे पुलिस को दी तहरीर दी।

## प्रधानमंत्री ने 33,500 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया

सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को सभी देख रहे

# दिल्ली का विकास एक शहर का विकास नहीं, यह देशभर की छवि को दिखा रहा

उन्होंने कहा दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं है, यह भारत की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दिल्ली का विकास सिर्फ एक शहर का विकास नहीं होता, यह पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है।

### मेट्रो फेस-4 के शुरू होने से दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 375 किमी से बढ़ेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 33,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं है, यह भारत की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दिल्ली का विकास सिर्फ एक शहर का विकास नहीं होता, यह पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है। पीएम मोदी ▶▶ शेष पेज 5 पर

राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ रहीं सुविधाएं

मेट्रो के विस्तार से हजारों लोगों को होगा फायदा



दिल्ली में मेट्रो प्रोजेक्ट का लोकार्पण करते पीएम मोदी

### मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया

*पीएम मोदी ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया। इनमें लगभग 12.3 किमी का मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और लगभग 9.9 किमी का दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सरोजिनी नगर में महिलाओं को दी जीपीआरए फ्लैट्स की चाबियां

पीएम मोदी ने रविवार को सरोजनी नगर में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (जीपीआरए) कॉलोनियों का दौरा किया और महिला लाभार्थियों को टाइप-5 के नए घरों की चाबियां सौंपी। इस अवसर पर पीएम मोदी ने श्रमजीवी महिलाओं के साथ संवाद भी किया।

सरोजिनी नगर, नेताजी नगर, कस्तूरबा नगर और श्रीनिवासपुरी जैसे प्रमुख स्थानों पर जीपीआरए पुनर्विकास परियोजनाएं, कॉलोनियों के आधुनिकीकरण और सरकारी कर्मचारियों तथा प्रशासनिक कार्यालयों के लिए विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक चर तैयार करने के सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

पुनर्विकास योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए 9,350 से अधिक आधुनिक फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही लगभग 48 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थान का निर्माण किया जाएगा, जिससे प्रशासनिक दक्षता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। और मुद्रीकरण की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

नया विवाद : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान पर भाजपा ने ममता सरकार को घेरा

## पीएम : यह संविधान व लोकतंत्र का अपमान
## ममता: बंगाल को 'निशाना' बनाया जा रहा है





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आयोजित एक कार्यक्रम को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान के साथ समझौता किया गया और यह न केवल राष्ट्रपति बल्कि देश के संविधान का भी अपमान है। यह लोकतंत्र की महान परंपरा का भी अपमान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संथाल समुदाय के एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल गई थीं। लेकिन इस महत्वपूर्ण और पवित्र कार्यक्रम में उन्हें उचित सम्मान देने के बजाए टीएमसी ने उसका बहिष्कार किया। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समाज से आती हैं और वह हमेशा आदिवासी समुदाय के विकास और कल्याण को लेकर चिंतित रही हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से कार्यक्रम के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई गई।गौरतलब है कि बंगाल की राजनीति में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित प्रोटोकॉल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ममता की सफाई

**न हमें बताया गया, न आयोजन में शामिल किया**

मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में हुई अव्यवस्था के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं है। राज्य सरकार को शनिवार को होने वाले राष्ट्रपति के कार्यक्रम की पूरी जानकारी भी नहीं दी गई थी और न ही सरकार को इस आयोजन में शामिल किया गया था। उनके मुताबिक, जब राज्य सरकार को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ही नहीं थी, तो उस पर प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप लगाना सही नहीं है। सीएम ममता ने यह भी कहा कि गंदगी, ग्रीन रूम की समस्या और महिलाओं के टॉयलेट की कमी जैसी शिकायतें भी आयोजकों और एएआई की जिम्मेदारी हैं। ▶▶ शेष पेज 2 पर



ममता बेनर्जी

ईरान में सरकार बदलने के खिलाफ चीन की अमेरिका को सीधी चेतावनी

मिलिट्री ऑपरेशन तुरंत रोका जाए


## जंगलराज नहीं चलेगा, लड़ाई से सिर्फ नफरत बढ़ेगी और नए संकट पैदा होंगे

एजेंसी ▶▶ बीजिंग



वांग यी

चीन ने ईरान में सरकार बदलने की कोशिशों के खिलाफ अमेरिका और इजराइल को चेताया है। चीनी सरकार ने कहा है कि तेहरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश नहीं होनी चाहिए क्योंकि आम लोगों की भावना ऐसी नहीं है। चीन का यह कड़ा बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान में भीषण हमले किए जा रहे हैं। अमेरिकी और इजराइली नेताओं ने तेहरान में शासन गिराने से लेकर ईरान को बांटने तक की बातें कही हैं। चीन ने नाम लिए बिना अमेरिका की कोशिशों को जंगलराज कहा है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि 'क्रांति' की साजिश रचने या सरकार बदलने की मांग करने वालों के लिए ईरान में कोई पॉपुलर सपोर्ट नहीं है। ऐसी कोई कोशिश की गई तो वह कामयाब नहीं होगी। इसमें खासतौर से किसी और देश को दखल कतई नहीं देनी चाहिए क्योंकि यह ईरान की संप्रभुता के खिलाफ है। वांग ने अपने बयान ▶▶ शेष पेज 5 पर



जंग के दौरान ईरान में बमबारी का दृश्य

जदयू का वोट बैंक अगर बिखरता है तो फायदा राजद को

## नीतीश के वोट बैंक पर राजद, कांग्रेस की नजर, बदलेंगे बिहार के राजनैतिक समीकरण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार हरिभूमि विश्लेषण

बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के हटने और राज्यसभा की ओर रुख करने के फैसले ने राज्य के राजनीतिक समीकरणों को नई दिशा दे दी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बदलाव से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के लिए अपने जनाधार का विस्तार करने और 'सामाजिक न्याय' की राजनीति के नए सिरे से पुनर्निर्माण का अवसर पैदा हुआ है। जबकि अगड़े के साथ पिछड़ों के जोड़ने के लिए शीर्ष नेतृत्व ने दलित प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम को एक खास फार्मूला सुझाया है। भाजपा अब तक मूल रूप से जिन जाति बिरादरी का प्रतिनिधित्व करती रही है उस परिधि से पार्टी को निकालकर वोट बैंक के विस्तारीकरण की ओर जाना होगा। भाजपा के रणनीतिकारों का भी अंदरखाने मानना है, यही समय है, सही समय है। ये बात अलग है कि जदयू ने नीतीश कुमार के बेटे निशांत को अब आगे करने का मन बनाया है, लेकिन निशांत में नीतीश वाली जादूगरी नहीं। राजनीति में नहीं थे तो राजनीतिक समझ की शून्यता है। जब तक समझदारी आएगी तब तक बिहार के सभी दलों में ₹बड़ा खेल₹ करने की तैयारी है। सीमांचल और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों को मिलाकर नए राज्य की संभावनाओं पर भी विपक्षी पार्टियां सतर्क होकर ₹खेल₹ देख रही हैं। नीतीश के पटना से दिल्ली जाने और खराब स्वास्थ्य होने का असर जदयू की सेहत पर स्पष्ट रूप से पड़ेगा ये तय है। जदयू का वोट बैंक अगर बिखरता है तो इसका ज्यादा फायदा राजद को होता दिख रहा है। हालांकि इसके साथ ही पार्टी और उसके नेता तेजस्वी यादव के सामने कई बड़ी चुनौतियाँ भी खड़ी हो गई हैं। पिछले दो दशकों से अधिक समय तक बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार एक केंद्रीय धुरी के रूप में मौजूद रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से अत्यंत पिछड़ा वर्ग, गैर-यादव पिछड़ा वर्ग, महादलित और महिलाओं को साथ लेकर एक व्यापक सामाजिक गठबंधन तैयार किया था। इसी आधार पर जनता ▶▶ शेष पेज 5 पर

सीए रिजल्ट जारी: इंटरमीडिएट में 9.39% अभ्यर्थी सफल, फाउंडेशन में 19.23% छात्र उत्तीर्ण

सीए फाउंडेशन और इंटरमीडिएट में महिलाओं का दबदबा

## सीए फाउंडेशन टॉपर लोगप्रिया पीपी सीए इंटरमीडिएट में कन्हैया अव्वल

**टॉप 3 रैंक**

कन्हैया लाल (एलेनाबाद)
▶▶ 508/600 (84.67%)

फातिमा शेहजा (कश्मीर)
▶▶ 504/600 (84%)

वान्या बंसल (फरीदाबाद)
▶▶ 498/600 (83%)

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने रविवार को सीए फाउंडेशन और इंटरमीडिएट जनवरी 2026 सेशन रिजल्ट जारी किया। सीए फाउंडेशन परीक्षा में टॉप 3 रैंक लड़कियों ने हासिल की है। साथ ही सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में भी दूसरी और तीसरी रैंक लड़कियों की है। आईसीएआई के अनुसार सीए फाउंडेशन में मदुरई की लोगप्रिया पीपी ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### देशभर में 566 सेंटरों में आयोजित हुई थी परीक्षा



कन्हैया लाल



फातिमा शेहजा



वान्या बंसल

सीए इंटरमीडिएट में ऐलनाबाद के कन्हैया लाल ने 600 में से 508 मार्क्स (84.67%) लाकर ऑल इंडिया पहली रैंक हासिल की है। उसके बाद दूसरा स्थान पेरिन्टलमन्ना की फातिमा शहजा के ने 504 मार्क्स (84%) ने हासिल किया है। तीसरे स्थान पर फरीदाबाद की वान्या बंसल हैं। जिनके 498 मार्क्स ( 83%) हैं। फाउंडेशन एग्जाम 2026 के लिए कुल 57,238 पुरुष ▶▶ शेष पेज 5 पर



## खबर संक्षेप

### नकली प्रोटीन सप्लीमेंट्स रैकेट से जुड़े दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की आरके पुरम टीम ने दिल्ली और एनसीआर में एक्टिव एक नकली प्रोटीन सप्लीमेंट सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में दो आरोपियों मोहित तिवारी और मोहित दीक्षित को गिरफ्तार किया। दोनों दिल्ली के रहने वाले हैं। पुलिस ने कॉपी राइट के तहत केस दर्ज किया है। डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार टीम ने 6 मार्च को ब्रह्मपुरी इलाकों में एक फॉलो-अप ऑपरेशन किया और दो लोगों को पकड़ा। ये जाने-माने ब्रांड के नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बनाने और सप्लाई करने में शामिल थे। इन सप्लीमेंट के इस्तेमाल से लोगों को गंभीर ऑर्गन डिजीज हो सकती हैं। आरोपियों ने पूछताछ में नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बनाने में अपनी भूमिका स्वीकार की है। इन्होंने ब्रह्मपुरी में गैर-कानूनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट तक स्थापित की हुई थी। यूनिट से बड़ी मात्रा में नकली प्रोटीन सप्लीमेंट, पैकेजिंग मटीरियल और कच्चा माल जब्त किया गया। आरोपी लोग ऑप्टिमम न्यूट्रिशन, सिंथा-6 और आइसोप्योर जैसे जाने-माने ब्रांड के नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बना और पैक कर रहे थे। आरोपियों से कुल 100 किलो प्रोटीन और 55 किलो कच्चा माल बरामद किया गया है। सप्लाई चेन, कच्चे माल के सोर्स और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में शामिल सह-आरोपी अनिल बिस्वा और अन्य साथियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

### नकली एप्पल स्पेयर पार्ट्स और एक्सेसरीज रैकेट का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने नकली एप्पल स्पेयर पार्ट्स और एक्सेसरीज रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पांच दुकानों से बड़ी मात्रा में सामान जब्त किया गया। कुल पांच लोग गिरफ्तार हुये। जब्त सामान की कीमत करोड़ों में आंकी गई है। पुलिस को 6 मार्च को एक सीक्रेट जानकारी मिली कि विकास सूर्या शॉपिंग मॉल और मंगलम प्लेस, एम2के, सेक्टर-3, रोहिणी में कई दुकानें एप्पल आईफोन के नकली स्पेयर पार्ट्स और एक्सेसरीज को असली प्रोडक्ट बताकर बेचा जा रहा है। एप्पल के ऑथराइज्ड रिप्रेजेंटेटिव तौकीर चौधरी को साथ लेकर दुकानों पर छापा मारा गया। टीम ने विकास सूर्या शॉपिंग मॉल और मंगलम प्लेस, रोहिणी में दिनेश स्पेयर पार्ट, सिंघल्स मोबाइल एक्सेसरीज, प्रधान जी कम्युनिकेशन, सतगुरु एक्सेसरीज और कंसल एक्सेसरीज नाम की पांच दुकानों से करोड़ों का सामान जब्त किया गया। रेड के दौरान दुकान के मालिक एप्पल प्रोडक्ट बेचने का कोई बिल या ऑथराइजेशन नहीं दिखा पाए। बरामद सामान में बैक पैनल, बैक बॉडी, बैटरी, चार्जिंग फ्लेक्स, बैक कवर, एडॉप्टर और चार्जर केबल शामिल थे। एप्पल टीम के अनुसार बरामद प्रोडक्ट्स की कीमत 1.60 करोड़ के लगभग है। गिरफ्तार किये गये लोगों के नाम दिनेश, शिवम, पुनीत और रामकरण शर्मा बताये गये हैं। सामान के सोर्स के बारे में आगे की जांच चल रही है और प्रोडक्ट्स के रूट और ओरिजिनल सोर्स का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### खजूरी खास में कलेक्शन एजेंट से 45 लाख लूटे

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात लोगों ने 27 वर्षीय एक कलेक्शन एजेंट से नकदी से भरा बैग लूट लिया। बैग में कथित तौर पर 45 लाख रुपये थे। एजेंट अविनाश ओल्ड सीलमपुर का रहने वाला है और चांदनी चौक क्षेत्र में एक कबाड़ व्यवसायी के लिए काम करता है। घटना शनिवार को इलाके में एक बैंक एटीएम के पास हुई। पुलिस के अनुसार अविनाश अपने स्कूटर पर नकदी ले जा रहा था, तभी एटीएम के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोगों ने उसे रोक लिया। हथियार दिखाकर अविनाश को धमकाया और नकदी से भरा बैग छीन मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। एक फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत एकत्र किए। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की पहचान व उन्हें पकड़ने के लिए टीम तैनात कर दी गई हैं।

---

### आरोपियों की धरपकड़ के लिये कई टीमों का किया गठन

# बवाना क्षेत्र में 24 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



बवाना थाना क्षेत्र के पूठ खुर्द इलाके में रविवार सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान भूपेंद्र (24) के रूप में हुई है। वह पूठ खुर्द के पाना बस्ती वाडा का रहने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया है। आरोपियों की धरपकड़ के लिये कई टीमों का गठन किया गया है।

बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि रविवार को सूचना मिली कि सुल्तानपुर रोड स्थित पूठ खुर्द में राज वाटिका के पास एक युवक को गोली मार दी गई है। सूचना मिलते ही बवाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। एक युवक का शव पड़ा था। मृतक की पहचान भूपेंद्र पुत्र कुलदीप निवासी मकान नंबर 1023, पाना बस्ती वाडा, पूठ खुर्द के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में युवक के शरीर पर गोली का निशान मिला। इस संबंध में बवाना थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और तकनीकी व मैनुअल इनपुट के आधार पर आरोपितों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जहांगीर पुरी का सनसनीखेज मर्डर केस सुलझा नाबालिग समेत दो दबोचे

नई दिल्ली। जहांगीर पुरी के सनसनीखेज मर्डर केस को उत्तर पश्चिमी जिला पुलिस ने सुलझा लिया है। इस सिलसिले में आरोपी हसमत उर्फ आशु को गिरफ्तार किया गया और एक नाबालिग हिरासत में है। हत्या दोनों पक्षों के बीच पहले हुई कहासुनी व रंजिश के चलते की गई थी। हसमत एक आदतन और एक्टिव क्रिमिनल है, जो पहले लूट के एक केस में भी शामिल रह चुका है। डीसीपी आकांक्षा यादव के अनुसार 3 मार्च को शाम लगभग 6 बजे, सीडी पार्क, जहांगीर पुरी के सामने, झगड़े और गोलीबारी की एक घटना सामने आई थी। उसमें तीन लोग घायल हुये थे। सभी घायलों को पहले बाबू जगजीवन राम अस्पताल और बाद में एलएनजेपी ले जाया गया था। रहमतुल्ला उर्फ भोला (18) को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया था। आफताब (18) के सिर में चोट लगी थी और सहजान अली निवासी जहांगीर पुरी को घटना के दौरान चाकू लगा था। चश्मदीद गवाह और शिकायतकर्ता जमीर अहमद (18) निवासी जहांगीर पुरी के आरोपों के अनुसार शाम लगभग वह अपने सहयोगियों के साथ सीडी पार्क के पास मौजूद था। हाथापाई के दौरान हसमत ने कथित तौर पर एक देसी कट्टा निकाला और गोली चलाने का प्रयास किया। जबकि फिरदोश ने कथित तौर पर एक पिस्तौल से रहमतुल्ला उर्फ भोला पर गोली चलाई थी। घटना के दौरान आरोपियों ने पथराव भी किया, जिससे आफताब के सिर में चोट आई और सहजान अली को हाथापाई के दौरान चाकू लगने से चोट लगी। टीम ने आरोपियों के कई संभावित ठिकानों पर रेड की। नतीजतन टीम एक आरोपी हसमत को पकड़ने में कामयाबी मिली। इसने गोली चलाने की कोशिश की थी। एक नाबालिग को भी पकड़ा गया जो हसमत का साथी था और पत्थरबाजी में शामिल था। आरोपी हसमत की निशानदेही पर मंगल बाजार, जहांगीर पुरी से कट्टा और एक कारतूस बरामद किया गया। इस मर्डर में शामिल ग्रुप के दूसरे आरोपियों को पकड़ने और उनकी भूमिका का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## जिला पुलिस कमेटी की बैठक में उठी ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की मांग : बिधूड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- दक्षिण जिला पुलिस कमेटी की बैठक बिधूड़ी की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी की अध्यक्षता में दक्षिण जिला पुलिस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ट्रैफिक की समस्या पर सबसे ज्यादा शिकायतें आईं। सदस्यों ने दक्षिण दिल्ली में ट्रैफिक व्यवस्था के संचालन में सुधार तथा अधिक पुलिसकर्मियों की नियुक्ति का सुझाव दिया। बैठक में सदस्यों ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की बहुत ज्यादा गुंजाइश है और इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। सदस्यों ने नशे के व्यापार पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस संबंध में कदम तो उठाए हैं लेकिन अभी ठोस कदमों का इंतजार है। इसी तरह अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्या नागरिकों के खिलाफ चल रहे अभियान को सफल तो माना गया लेकिन इसके लगातार चलते रहने पर जोर दिया गया। कानून-व्यवस्था में भी लगातार सख्ती की राय जाहिर की गई। सदस्यों ने दिल्ली नगर निगम अधिकारियों से कहा कि सरकारी जमीन और वन विभाग की जमीन पर अगर अवैध कब्जे होते हैं तो उनपर तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है। बैठक में वरिष्ठ विधायक सतीश उपाध्यक्ष, करतार सिंह तंवर, शिखा राय, गजेंद्र यादव और प्रेम चौहान तथा पुलिस कमेटी की सदस्य माया बिष्ट व अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया। दक्षिण जिला के डीसीपी अनंत मित्तल, दक्षिण-पूर्व जिले के डीएम डॉ. श्रवण बागड़िया, दक्षिण जिले के एडीएम, दिल्ली नगर निगम साउथ जोन के एसी और जिला पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी बैठक में सम्मिलित हुए।

## यादव ने की सीएम रेखा से डीएफसी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन भुगतान की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रदेश प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से दिल्ली वित्तीय निगम (डीएफसी) के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन के बकाये का भुगतान करने और चिकित्सा योजना को बहाल करने की अपील की है। यादव ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि 53 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, बैंक जमा और 193 करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्ति के साथ डीएफसी जैसा वित्तीय रूप से सक्षम संगठन दिसंबर 2025 से सभी पेंशनभोगियों की पेंशन और चिकित्सा सुविधाऐं देने का वादा करने के बावजूद भुगतान किए बिना बंद होने जा रहा है। यादव ने कहा कि बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने डीएफसी को एक सफल और आर्थिक रूप से सक्षम निगम बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। लेकिन अब उन्हें उनकी पेंशन और अन्य संबंधित लाभों से ही वंचित किया जा रहा है। यादव ने कहा कि डीएफसी पेंशन भोगी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी शिकायत के साथ मुझसे संपर्क किया और अपील की कि वे जल्द से जल्द निपटारे के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ डीएफसी पेंशनधारकों का मामला उठाएं। क्योंकि कई पेंशनभोगियों के पास अपने को जिंदा रखने के लिए आवश्यक दवाएं खरीदने के लिए भी पैसे नहीं हैं। यादव ने कहा कि 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में भाजपा ने युवाओं को 50,000 सरकारी नौकरियां देने और 10 लाख रुपये के जीवन बीमा और 5 लाख रुपये के दुर्घटना बीमा के साथ एक गिग वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की स्थापना करने का वादा किया था। रेखा सरकार विभिन्न विभागों में मौजूदा नौकरियों को भरने के बजाय, एक अच्छी तरह से संचालित दिल्ली वित्त निगम को बंद करके हजारों लोगों की आजीविका के साधन रोजगार को छीन लिया। यादव ने कहा कि डीएफसी पेंशनर्स एसोसिएशन इस बात पर भी आशंकित है कि डीएफसी के सीएमडी कार्यालय भवन और 55 करोड़ रुपये की धनराशि दिल्ली सरकार को हस्तांतरित करना चाहते हैं। हालांकि सीएमडी, निदेशक मंडल और डीएफसी के प्रबंधन की शक्तियां 6 फरवरी, 2026 की राजपत्र अधिसूचना के साथ समाप्त हो गई थीं। सरकार द्वारा यह दिखाने की योजना बनाई जा रही है कि डीएफसी के पास पेंशन के लिए कोई धन नहीं है। जो डीएफसी पेंशनभोगियों के हितों अनुसार चिंताजनक है।

## दिल्ली में भाजपा की गारंटी जुमला निकली : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




आम आदमी पार्टी के दिल्ल प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि रविवार को देश ने देखा कि भगवंत मान सरकार ने पंजाब की महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह देने की केजरीवाल की गारंटी तो पूरी कर दी, लेकिन भाजपा की गारंटी जुमला निकली। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बुराड़ी मैदान में जनसभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह देने की गारंटी पर कुछ नहीं बोले। सौरभ ने कहा कि रविवार को विश्व महिला दिवस पर भगवंत सिंह मान सरकार ने अरविंद केजरीवाल के इस वादे को पूरा करके दिखा दिया। लेकिन वहीं भाजपा ने भी दिल्ली चुनाव के दौरान दिल्ली की महिलाओं से 2500 रुपए प्रतिमाह देने का किया था। भाजपा ने कहा था कि सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में महिलाओं को 2500 रुपए देने का फैसला लिया जाएगा और विश्व महिला दिवस, 8 मार्च 2025 से महिलाओं के खाते में 2500 रुपए आने शुरू हो जाएंगे। पिछले साल भाजपा की दिल्ली में सरकार बनी और 8 मार्च चली गई, लेकिन महिलाओं के खाते में 2500 रुपए नहीं आए। आज भाजपा सरकार के एक साल पूरे हो गए। प्रधानमंत्री दिल्ली में रैली करने आए, लेकिन इस बार भी दिल्ली की महिलाओं को निराशा हाथ लगी। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री व पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज पूरे देश में एक बार फिर यह बात साबित हो गई है कि जब अरविंद केजरीवाल कोई गारंटी देते हैं, तो उनकी पार्टी और उनकी सरकारें उसे पूरा करके दिखाती हैं। इसके विपरीत, जब प्रधानमंत्री गारंटी देते हैं, तो उनकी पार्टी और सरकारें उसे जुमला सिद्ध कर देती हैं। वहीं सौरभ बाइक रैली की एक वीडियो क्लिप एक्स पर साझा कर सीएम रेखा गुप्ता से कहा कि बाइक रैली में दिल्ली की महिलाओं ने 2500 रुपये की मांग की।

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने उत्तम नगर के हत्यारे परिवार का मकान तोड़े जाने का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने होली के दिन उत्तम नगर में हुई हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए रविवार को दिल्ली पुलिस एवं दिल्ली नगर निगम द्वारा हिंसा एवं हत्या के अभियुक्त परिवार का अवैध रूप से निर्मित मकान तोड़े जाने का स्वागत किया है। सचदेवा ने कहा कि अतिवादियों ने पहले भी ऐसे अनेक घाव दिल्ली की माताओं को दिए पर इस बार जो हुआ उस निर्मम हिंसा हत्याकांड के बाद दिल्ली पुलिस एवं प्रशासन का यह सही सख्त कार्रवाई का निर्णय अब आने वाले समय में अतिवादियों को एक अच्छे सबक का काम करेगा।

## लोधी कॉलोनी में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



जनभागीदारी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वीर सावरकर पार्क, लोधी कॉलोनी में सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज आवासीय कल्याण समिति (टाइप-तीन क्वार्टर) आरडब्ल्यूए और खन्ना मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस अवसर पर चहल ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' से प्रेरित है, जो नागरिकों को अपनी माताओं के सम्मान में पर्यावरण की रक्षा करने और हरित व स्वस्थ भविष्य के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। चहल ने कहा कि रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पौधारोपण का यह विशेष और शुभ संयोग बना है, जिसे वे समस्त नारी शक्ति को समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रकृति, मातृत्व और महिला शक्ति के सम्मान का एक प्रतीकात्मक प्रयास है। इस कार्यक्रम में सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज आवासीय कल्याण समिति (टाइप-तीन क्वार्टर) के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, सचिव मुकेश कुमार सिन्हा और कोषाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह सहित आरडब्ल्यूए के अन्य सक्रिय सदस्य प्रतीक श्रीवास्तव और बलबीर सिंह ने भाग लिया। वहीं खन्ना मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील अरोड़ा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में दुकानदारों ने भी पौधारोपण में उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान का समर्थन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि बाजार क्षेत्र में लगाए गए कई पौधों को दुकानदारों ने स्वयं अपनाया है और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया है। इस तरह हर पौधा परिवार की जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण का जीवंत प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि मां के नाम पर लगाया गया पेड़ प्रकृति के साथ हमारे गहरे भावनात्मक संबंध को दर्शाता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प भी है। चहल ने बताया कि एनडीएमसी ने पूरे वर्ष के लिए 'ग्रीन कैलेंडर' तैयार किया है, जिसके तहत हर रविवार को एनडीएमसी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### आरोपियों के घर चला एमसीडी का हथौड़ा, घर के अवैध हिस्से गिराये

# उत्तम नगर केस में आठवीं गिरफ्तारी, केस में एससी एसटी एक्ट की धाराएं भी जुड़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली






होली पर रंग गिरने के विवाद में दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा पीट पीटकर की गई युवक की हत्या के मामले में सरकार व नगर निगम भी पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। निगम द्वारा रविवार को एक आरोपी के घर पर तोड़फोड़ अभियान चलाया। घर के अवैध हिस्सों को मुख्य तौर पर गिराया गया है। इस दौरान इलाके में एहतियातन बड़ी संख्या में पुलिस और अर्द्धसैनिक बल भी तैनात रहा। उधर दिल्ली पुलिस द्वारा केस में आठवीं गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा केस में एससी एसटी एक्ट को भी शामिल किया गया है। आठवें आरोपी का नाम इमरान उर्फ बंटी (38) निवासी ए 390, जेजे कालोनी हस्तसाल रोड, उत्तम नगर बताया गया है।

जेजे कॉलोनी इलाके में चार मार्च को होली पर रंग गिरने के विवाद में पड़ोसियों के बीच झगड़े ने तरुण (26) की पीट पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बताया कि दोनों परिवार पिछले पांच दशकों से एक-दूसरे को जानते थे और पार्किंग और कचरा निपटान जैसी बातों को लेकर उनके बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने इस मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है और एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया है। प्राथमिकी में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराएं जोड़ी गई हैं। अब तक पकड़े जा चुके आरोपियों के नाम उमरदीन (49), जुम्मदीन (36), कमरुद्दीन (36), मुस्तैक (46), मुजफ्फर (25), ताहिर (18) और इमरान बताये गये हैं। आरोपियों में एक नाबालिग भी है।

## न्याय की लड़ाई में मैं तरुण के परिवार के साथ अंतिम दम तक खड़ी हूं : मालीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने रविवार को पीड़ित तरुण के परिजनों से उनके उत्तर नगर स्थित निवास पर मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान कहा कि वह न्याय की लड़ाई में तरुण के परिवार के साथ अंतिम दम तक खड़ी रहेंगी। मुलाकात के दौरान माहौल काफी गमगीन रहा। स्वाति मालीवाल ने न केवल परिवार को सांत्वना दी, बल्कि स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस दुख की घड़ी में वे खुद को अकेला न समझें। उन्होंने प्रशासन और पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि मामले में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुलाकात का वीडियो और तस्वीरें शेयर कर स्वाति मालीवाल ने लिखा कि उत्तम नगर में स्वर्गीय तरुण कुमार के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की। होली के दिन बेरहमी से दरिंदों ने उनके घर के बच्चे को मार डाला। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और वे इंसाफ चाहते हैं। गुब्बारे के कुछ छींटे लगने को धार्मिक मुद्दा बनाकर तरुण और उनके परिवार पर बेरहमी से हमला कर दिया गया। इस न्याय की लड़ाई में मैं इस परिवार के साथ अंतिम दम तक खड़ी हूं। सभी दोषियों के ऊपर ऐसी कार्यवाही हो जो ऐसी मानसिकता रखने वालों की रूह कंपा दे।

### परिजनों का छलका दर्द, स्वाति ने बंधाया ढांढस

मुलाकात के दौरान तरुण के परिजनों ने घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। परिवार ने अपनी सुरक्षा और मामले की जांच की धीमी गति को लेकर चिंता जताई। स्वाति मालीवाल ने परिवार के सदस्यों का हाथ थामकर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि तरुण के साथ जो हुआ वह हृदयविदारक है। एक होनहार युवक का इस तरह जाना पूरे समाज के लिए क्षति है। वहीं परिजनों ने उनसे इंसाफ मांग की।






### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जताया आभार

# 'पीएम की मेहनत के मंत्र को अपनाते हुए जनता की सेवा कर रही है दिल्ली सरकार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेहनत और ईमानदारी के मंत्र को अपनाते हुए दिल्ली सरकार जनता की सेवा कर रही है। रविवार को प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली को 18 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दिल्लीवासियों को समर्पित करने पर मैं प्रधानमंत्री का धन्यवाद करती हूं। इन परियोजनाओं से राजधानी में कनेक्टिविटी मजबूत होगी और लाखों लोगों की यात्रा अधिक तेज, सुरक्षित और सुगम बनेगी।

यह बात रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के बुराड़ी में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में अपने धन्यवाद वक्तव्य में कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली को आधुनिक सार्वजनिक परिवहन की बड़ी सौगात मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया और फेज-V(ए) के तीन नए कॉरिडोर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि देश को प्रगति की राह पर निरंतर आगे बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री का दिल्ली आगमन राजधानी के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली की जनता, विशेषकर महिलाओं को यह महत्वपूर्ण सौगात देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आधुनिक सार्वजनिक परिवहन का लाभ दिल्ली के हर नागरिक को मिलेगा, लेकिन माताओं, बहनों और बेटियों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का यह माध्यम विशेष रूप से महत्वपूर्ण होगा।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा जिन दो कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया है, उनमें मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर (लगभग 12 किमी) और मजलिस पार्क से दीपाली चौक (लगभग 9 किमी) शामिल हैं। इन कॉरिडोरों के शुरू होने से दिल्ली के लाखों लोगों का आवागमन आसान होगा। विशेष रूप से वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार और करावल नगर जैसे यमुना पार के क्षेत्रों में पहली बार मेट्रो सुविधा पहुंचेगी।



### सभी विभागों में डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा दिया

प्रधानमंत्री द्वारा तकनीक और पारदर्शिता पर दिए गए जोर का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने अपने सभी विभागों में डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा दिया है। इसके तहत ई-फाइल सिस्टम, अस्पतालों में डिजिटल रिकॉर्ड, ऑनलाइन ओपीडी बुकिंग, डिजिटल एसेट मैनेजमेंट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट पोर्टल और सीएम जनसुनवाई ऐप शुरू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में भी व्यापक डिजिटल पहल की गई है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 7000 स्मार्ट क्लास, 275 कंप्यूटर लैब और 100 डिजिटल लाइब्रेरी शुरू की गई हैं। बीते 365 दिनों में दिल्ली सरकार ने 24 घंटे जनता की सेवा करने का प्रयास किया है और वर्षों से लंबित समस्याओं को समाधान की दिशा में आगे बढ़ाया है

### पीएम ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। 12 करोड़ शौचालयों के निर्माण, 10 करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जन-धन खातों और मुद्रा योजना के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण जैसी पहलें महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा 14-15 वर्ष की बेटियों के लिए सर्वाइकल कैंसर के मुफ्त टीकाकरण की पहल भी महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। केंद्र सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में देश के हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाने की योजना शुरू करने से बेटियों के लिए अन्य शहरों में जाकर पढ़ाई करना और आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का नारी शक्ति पर अटूट विश्वास ही है कि उनकी हर योजना में महिलाओं को केंद्र में रखा गया है।

### लंबे समय से लंबित 70 हजार बेटियों को 200 करोड़ की राशि का भुगतान किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'मेरी पूंजी, मेरा अधिकार' के विचार से प्रेरित होकर दिल्ली सरकार ने लाडली योजना के तहत लंबे समय से लंबित 70 हजार बेटियों को लगभग 200 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया है, जो पूर्व में खातों में पड़ी अनक्लेम्ड राशि थी और लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाई थी।

# प्रधानमंत्री ने रखी तीन नए कॉरिडोर की आधारशिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली मेट्रो के पिंक लाइन अंतर्गत मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर 12.3 किलोमीटर विस्तार कॉरिडोर और लगभग 9.9 किमी का दीपाली चौक-मजलिस पार्क मैजेंटा लाइन के विस्तार खंड का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने दोपहर करीब तीन बजे मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर और दीपाली चौक-मजलिस पार्क खंड को आम यात्रियों के लिए खोल दिया। यह खंड मधुबन चौक, उत्तरी पीतमपुरा-प्रशांत विहार, हैदरपुर बादली मोड़ और भलस्वा जैसे इलाकों को जोड़ेगा।

पहले दिन दोनों नए खंड पर यात्रा करते हुए यात्रियों ने अपनी खुशी जाहिर की। मोदी द्वारा उद्घाटन के साथ ही पिंक लाइन लगभग 71.56 किलोमीटर की लंबाई तक पहुंच चुकी है। अब यह पिंक लाइन भारत की पहली पूरी तरह से चालू रिंग रोड मेट्रो बन गई है। पिंक लाइन के मजलिस पार्क से मौजपुर बाबरपुर विस्तार में नए स्टेशन के रूप में बुराड़ी, झड़ौदा माजरा, जगतपुर-वजीराबाद सूरघाट, नानकसर-सोनिया विहार, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार और मौजपुर बाबरपुर स्टेशन शामिल है। इन स्टेशनों के जुड़ने से पूर्वी दिल्ली और उत्तरी दिल्ली के कई घनी आबादी वाले इलाकों में मेट्रो सेवा और बेहतर हो गई है। पिंक लाइन मेट्रो विस्तार के दौरान यमुना नदी पर एक नया पुल भी निर्मित किया गया है। यह पुल एक विशेष निर्माण है जिसमें एक ही ढांचे पर डबल डेकर वायाडक्ट तैयार किया गया है। इसका एक स्तर मेट्रो के लिए है और दूसरा सड़क के वाहनों के लिए। इससे न केवल मेट्रो की गति बेहतर होगी बल्कि सड़क यातायात के कारण होने वाली भीड़ भी कम होगी।

पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में मेट्रो लाइन को बढ़ाते हुए तीन नए निर्माण खंडों के लिए आधारशिला रखी। इनमें रामकृष्ण (आरके) आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक 9.913 किलोमीटर लंबा भूमिगत सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर। जिसमें शिवाजी स्टेडियम, केंद्रीय सचिवालय, इंडिया गेट, युद्ध स्मारक-उच्च न्यायालय, बड़ौदा हाउस, भारत मंडपम और इंद्रप्रस्थ स्टेशन शामिल हैं। जबकि दूसरे खंड में एयरोसिटी से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 गोल्डन लाइन का 2.263 किलोमीटर लंबा भूमिगत विस्तार की आधारशिला रखी। वहीं तीसरे खंड के रूप में तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक गोल्डन लाइन का 3.9 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड विस्तार की आधारशिला भी रखी। जिसमें सरिता विहार डिपो, मदनपुर खादर और कालिंदी कुंज स्टेशन शामिल हैं।



### परिवार ही नहीं, राष्ट्र निर्माण की सशक्त भागीदार हैं महिलाएं : रेखा गुप्ता

*नई दिल्ली। भारत में नारी शक्ति केवल परिवार और समाज की धुरी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सशक्त भागीदार बनकर उभर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और प्रेरणा से आज महिलाएं देश के सर्वोच्च पदों पर नेतृत्व कर रही हैं और विज्ञान, प्रशासन, उद्यमिता, शिक्षा, खेल और रक्षा जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। यह बातें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कर्तव्य पथ पर आयोजित शक्ति वॉक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित 'शक्ति वॉक में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल व श्रीमती सावित्री ठाकुर के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाग लिया। यह वॉक इंडिया गेट से शुरू होकर लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए विजय चौक तक पहुंची। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन महिलाओं के सम्मान, नेतृत्व और उनके योगदान को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल है।*

### एलजी ने महिलाओं की भागीदारी को किया नमन

नई दिल्ली। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लगातार विकसित भारत में महिलाओं की भागीदारी को नमन किया। एलजी ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इंटरनेशनल विमेंस डे पर, हम उन महिलाओं की ताकत, हिम्मत और योगदान का जश्न मनाते हैं, जो हर दिन तरक्की के लिए प्रेरणा देती हैं। एलजी ने लिखा कि दिल्ली, महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और मौकों को मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। क्योंकि हम ज्यादा से ज्यादा सबको साथ लेकर चलने वाला और आगे बढ़ने वाला समाज बना रहे हैं। एलजी ने महिलाओं के सम्मान में लिखा कि पूरी इंसानियत को मेरी शुभकामनाएं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र द्वारा ज्ञान-विज्ञान भवन डेरावाल नगर में विशेष वंदे मातरम-स्वर्णिम भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 20 महिलाओं एवं पुरुषों को वंदे मातरम-स्वर्णिम भारत सम्मान प्रदान किया गया। लगभग 500 से अधिक महिलाओं एवं पुरुषों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। संगठन के अनुसार ब्रह्माकुमारी के दिल्ली स्थित करोल बाग, राजा गार्डन, हरि नगर, सिरी फोर्ट आदि सेवा केन्द्रों पर भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### जल्द दिल्ली सरकार महिलाओं को 'महिला समृद्धि योजना' का देगी लाभ : सचदेवा

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल सरकार दिल्ली पर 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपये का कर्ज छोड़ कर गई है, दिल्ली की भाजपा सरकार उस बिगड़ी अर्थव्यवस्था को सुधारने में लगी है और शीघ्र दिल्ली की महिलाओं को महिला समृद्धि योजना का लाभ देगी। यह बात रविवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कही है। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी नेताओं मनीष सिसोदिया एवं सौरभ भारद्वाज का पंजाब में 'मांवां धियां दी सत्कार योजना' नामक महिला समृद्धि योजना को लेकर दिए मीडिया ब्यान पूरी तरह विरोधाभासी हैं। आप नेताओं ने स्वयं अपने बयान में कहा है कि 2022 चुनाव में अरविंद केजरीवाल ने चुनाव पूर्व कहा था कि वह चुनाव जीतते ही पंजाब में महिला समृद्धि योजना लागू करेंगे पर सरकार का पांचवा वर्ष लागू हो गया तब कहीं तो बजट हुआ है पर असल में महिलाओं को पहले एक हजार रुपए मिलते मिलते शायद दिवाली आ जायेगी। सचदेवा ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल जो चुनाव पूर्व संकल्प अपने मतदाताओं से करता है वह जीतने के बाद पूरा करने के लिए उसके पास 5 वर्ष का समय होता है।

# निर्माणाधीन अस्पताल के खिलाफ स्थानीय लोगों ने निकाला मार्च, शामिल हुए सौरभ भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में बन रहे एक 400 बेड के अस्पताल के खिलाफ स्थानीय लोगों ने रविवार को एक विरोध मार्च निकाला। इस मार्च में ग्रेटर कैलाश विधानसभा के पूर्व विधायक और आम आदमी पार्टी (आप)के प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज भी शामिल हुए। इस दौरान सौरभ ने कहा कि आप के कार्यकाल में जब इस अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू करने की कोशिश की गई तो क्षेत्रीय लोगों ने उस समय के विधायक सौरभ भारद्वाज से इसकी शिकायत की। लोगों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए आप ने इस अस्पताल का निर्माण कार्य रुकवा दिया था और जब तक दिल्ली में आप की सरकार रही, अस्पताल का निर्माण नहीं होने दिया गया। परंतु जैसे ही दिल्ली में आप की सरकार नहीं रही और दिल्ली की सत्ता में भारतीय जनता पार्टी ने सरकार बनाई इस अस्पताल का निर्माण कार्य दोबारा से शुरू कर दिया गया है। ग्रेटर कैलाश के स्थानीय लोग इस मामले को लेकर कई बार स्थानीय निगम पार्षद, विधायक एवं सांसद से इस संबंध में शिकायत कर चुके हैं। इस क्षेत्र में निगम पार्षद, विधायक एवं सांसद तीनों ही भारतीय जनता पार्टी से आते हैं। परंतु किसी ने भी ग्रेटर कैलाश की जनता की शिकायत पर कोई संज्ञान नहीं लिया, ग्रेटर कैलाश के लोगों की कोई मदद नहीं की। भारतीय जनता पार्टी की ओर से कोई सहायता न मिलने पर ग्रेटर कैलाश के लोगों ने इस अस्पताल निर्माण के खिलाफ एक विरोध प्रदर्शन किया। सौरभ ने बताया कि लोगों ने खुलकर समस्या के बारे में बताया की किस प्रकार से ग्रेटर कैलाश क्षेत्र के समस्त निवासी इस अस्पताल के विरोध में है।

### आशीष सूद ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पिंकाथॉन रन को दिखाई हरी झंडी

# महिलाओं के योगदान के बिना पूरा नहीं हो सकता विकसित भारत का संकल्प : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




विकसित भारत 2047 का संकल्प देश की महिलाओं के योगदान के बिना पूरा नहीं हो सकता। यह बात दिल्ली के शिक्षा और खेल मंत्री आशीष सूद ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पिंकाथॉन रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के उपरांत कही। सूद ने कहा कि स्वस्थ महिला ही स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र और स्वस्थ परिवार की जननी होती है। इस अवसर पर जायडस फाउंडेशन की वाइस चेयरपर्सन मेहा पटेल, फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन और अंकिता कोंवर भी उपस्थित थीं। आयोजित दौड़ में 10 हजार से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य, फिटनेस तथा महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। महिलाएं स्वस्थ महिला, सशक्त राष्ट्र जैसे उद्देश्य के साथ इस दौड़ में शामिल हुईं।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने इस मौके पर कहा कि वैसे तो हर दिन महिला दिवस है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इतनी सुबह इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग होकर दौड़ में भाग लेते देखना अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि पिंकाथॉन केवल एक दौड़ नहीं बल्कि एक आंदोलन है, जो महिलाओं को अपनी शक्ति पर विश्वास करने, अपनी सीमाओं को चुनौती देने और स्वस्थ, सशक्त व आत्मविश्वासी जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है।

सूद ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को स्वस्थ और फिट रहने का जो संदेश दिया है, यह महिला दौड़ उसी संदेश को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए आज आयोजित की गई है, जिसमें महिलाओं की बेहद सक्रिय भागीदारी रही है। उन्होंने बताया कि इस पिंकाथॉन-2026 में 10 हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया है और 100 किलोमीटर, 75 किलोमीटर तथा 50 किलोमीटर जैसी लंबी दूरी की दौड़ों में भाग लेने वाली महिलाओं को सम्मानित करना एक विशेष अनुभव है।

खबर संक्षेप

## अलग-अलग मामलों में दो गिरफ्तार

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं द्वारा अवैध नशा व अवैध शराब रखने वालों पर



लगातार कार्रवाही की जा रही है। अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए दिनेश निवासी नेहरु कालोनी फरीदाबाद को 4.45 ग्राम स्मैक सहित एनआईटी-3 एरिया से गिरफ्तार किया है।

## अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार, 3 गिरफ्तार

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच की विभिन्न शाखाओं ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई



करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर देसी कट्टे बरामद किए हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 मार्च को क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अरुण सेक्टर-48 की टीम ने आरोपी संवर अंसारी निवासी सेक्टर 99 गुरुग्राम को रोज गार्डन एवीटीएस-2 से एक देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।

## 7 मामलों में 15 साइबर अपराधी गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों



की टीम द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 28 फरवरी से 6 मार्च के बीच कार्रवाही करते हुए एक सप्ताह में 15 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 1249559 रुपए बरामद किये हैं। पुलिस प्रवक्ता अनुसार फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 7 मुकदमों में कार्रवाही करते हुए 15 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी के 4, सेंट्रल के 2 व बल्लभगढ़ के 1 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 12,49,559 बरामद किए हैं।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर, ट्रस्ट की माता का मनाया जन्मदिवस

■ रक्तदान करने वाले लोगों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर चौधरी शेरसिंह मैमोरियल शांति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीमती शांति देवी का जन्म दिवस मनाया गया। वहीं ट्रस्ट ने रक्त दान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 50 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया।

इस अवसर रोटरी ब्लड सेंटर के संचालक डॉ सुनील कुमार ने ट्रस्ट के कामों की सराहना की व रक्तदान करने वाले लोगों को सम्मानित किया। कार्यक्र में मुस्कान डेंटल द्वारा 60 लोगों का चेकअप किया गया और फ्री ओरल हेल्थ किट वितरित की। कार्यक्रम में अरुणोदय अस्पताल द्वारा 90 लोगों का आई चैकअप भी किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. सुरेश अहलावत ने क्लब वीटा कोंडोमिनियम एसोसिएशन से दीपक एवं रोटरी



क्लब व अरुणोदय फाउंडेशन का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ आशिमा बांगड़ डॉ सुनील सुभाष जगदीश परशांत मिश्रा सहित शामिल रहे। डॉ सुरेश अहलावत ने कहा कि चौधरी शेरसिंह मैमोरियल शांति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट उनकी माता श्रीमती शांति देवी व पिता स्वर्गीय शेरसिंह की प्रेरणा से जनकल्याणकारी कार्यों में पुरजोर तरीके से काम में जुटा हुआ है। ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे बेहतरीन कार्यों के लिए डा. सुरेश अहलावत को प्रदेश सरकार द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. अहलावत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उन महिलाओं को समर्पित है, जिन्होंने अपनी मेहनत, संघर्ष से समाज में एक अलग पहचान बनाई है। बदलते समय के साथ महिलाओं ने समाज में अपने आप को साबित करके दिखाया है कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कन्या भूरण हत्या के प्रति भी समाज को जागरुक होना चाहिए। महिला दिवस की सार्थकता भी तभी है, जब हमारे विचार समाज में मान्य हों और उन पर अमल हो। उन्होंने बताया कि महिला दिवस की शुरुआत वर्ष 1909 में हुई थी। उस समय न्यूयॉर्क की सड़कों पर करीब 15000 महिलाओं ने एकजुट होकर वोट देने के अधिकार, बेहतर वेतन और काम करने के घंटे कम करने की मांग को लेकर आंदोलन किया था।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



फरीदाबाद। अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज सिटी प्रैस क्लब फरीदाबाद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला पत्रकार, महिला चिकित्सक, महिला समाजसेवियों ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इनेलो महिला अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, आईएमए से डा. पुनीता हसीजा, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ममता राघव, बदलाव हमारी कोशिश चैरिटेबल ट्रस्ट से सुषमा यादव पुलिस टीम दुर्गा शक्ति से सुषमा, आशा वर्कर यूनियन की प्रधान हेमलता मौजूद रही। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव बिजेन्द्र सौरोत, ब्लड बैंक इंचार्ज डा. विकास शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, कांग्रेस नेता उमेश कौशिक, साई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक नरेन्द्र जैन, विमल खण्डेलवाल, अशोक कुमार मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने हेरिटेज रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल ने 40 वर्ष पूरे होने पर विंटेज कार व मोटर साईकिल हेरिटेज रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल फरीदाबाद ने 40 वर्ष पूर्ण होने पर हेरिटेज मोटरिंग क्लब ऑफ इंडिया के साथ मिलकर विंटेज कार हेरिटेज रैली का आयोजन किया। इस रैली को कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने झंडी दिखाकर उद्घाटन किया। विंटेज कार में बैठकर शहर का भ्रमण भी किया। इस मौके पर प्रसिद्ध उद्योगपति एवं लखानी समूह के संस्थापक के सी लखानी, बी.आर .भाटिया, अजय जुनेजा, नवदीप चावला, नगर निगम आयुक्त धीरेन्द्र खडग़टा, पार्षद मुकेश अग्रवाल, पार्षद सचिन शर्मा, पार्षद जसवंत पंवार सैनी, मार्किट कमेटी के चेयरमैन सुभाष आहूजा सहित अन्य उद्योगपति रैली में 50 से अधिक विंटेज कारों एवं मोटरसाइकिलों को प्रदर्शित किया गया था। इन समयातीत सुंदरियों को ऑटोमोबाइल कद्रदानों द्वारा कई वर्षों से सावधानीपूर्वक संभालकर रखा गया है। ये क्लासिक मशीनें उसी उम्दा कारीगरी, इतिहास और दृढ़ता तथा उन मूल्यों को दर्शाती हैं जो पिछले चार दशकों के दौरान अस्पताल के सफर की पहचान बन चुके हैं। फरीदाबाद में 15 किलोमीटर की हेरिटेज ड्राइव उसी सहनशीलता और विकासक्रम तथा उन गुणों की प्रतीक थी जो विंटेज ऑटोमोबाइल्स के साथ-साथ हेल्थकेयर के सफर को भी परिभाषित करते हैं। रैली का



समापन अभिनंदन समारोह और इंटरेक्शन सेशन के साथ हुआ जिसमें विंटेज वाहनों के मालिकों के जज्बे का जश्न मनाया गया और आपस में भी उनके संपर्कों को मजबूती मिली। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहाए कि फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल ने 40 वर्षों का लंबा सफर पूरा कर लिया है जो इस क्षेत्र में हेल्थकेयर के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि है। पिछले दशकों में इस संस्थान ने क्वालिटी मेडिकल केयर तक पहुंच को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है और समुदाय के स्तर पर भी विश्वास हासिल किया है। मैं फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल की पूरी टीम को क्लीनिकल उत्कृष्टता तथा दयाभाव के साथ हेल्थकेयर सेवा प्रदान करने के लिए बधाई देता हूं। इस मौके पर दिलजीत टाइटस महासचिव हेरिटेज मोटरिंग क्लब ऑफ इंडिया ने कहाए विंटेज कारें, वाहन गुजरे हुए वक्त का बयान हैं और यह संग्रहकर्ताओं के जज्बे, उनकी सावधानियों और धैर्य की बदौलत ही संभव होता है। इस मौके पर डॉ अभिषेक शर्मा फैसिलिटी डायरेक्टर फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल ने कहा कि विरासत केवल बीते वर्षों के बारे में ही नहीं होती, वह उस सफर के समानांतर तैयार होने वाले भरोसे पर भी टिकी होती है। इस विंटेज कार रैली ने हमारी प्रगतिए हमारी दृढ़ता और हमारे भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण को भी प्रदर्शित किया है। अब जबकि हम 40 वर्षों के अपने लंबे सफर की उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं, तो हम अपने वरिष्ठ नागरिकों को भी सम्मानित करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं और इस तरह, हेल्थी एजिंग के विचार को भी बढ़ावा दे रहे हैं तथा हमारे समुदायों को वर्तमान स्वरूप प्रदान करने में उनके बहुमूल्य योगदान को भी स्वीकार कर रहे हैं। मोहित सिंह जोनल डायरेक्टर फोर्टिस हेल्थकेयर ने कहा कि चालीस वर्ष एक उल्लेखनीय मुकाम है, जो फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के प्रति समुदायों के भरोसे का सूचक है। अब जबकि हम अपनी इस उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं, तो हम हेल्थकेयर एक्सेस को मजबूत बनाने तथा मरीजों को एडवांस मेडिकल केयर और दयाभाव के साथ देखभाल का लाभ दिलाने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहरा रहे हैं।

### पुलिस जांच में जुटी

## बिग बॉस-17' फेम व चर्चित मोटो-ब्लॉगर अनुराग डोभाल ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर खुदकुशी का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

बिग बॉस-17' फेम और देहरादून के चर्चित मोटो-ब्लॉगर अनुराग डोभाल ने शनिवार रात दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक चौंकाने वाला और खतरनाक कदम उठाया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लाइव आकर अपनी जान लेने की कोशिश की। लाइव के दौरान अनुराग ने हवा हवाई रेस्टोरेंट के सामने अपनी कार की रफ्तार 150 किमी/घंटा तक बढ़ा दी और 'यह मेरी अंतिम यात्रा है' कहते हुए गाड़ी सीधे डिवाइडर में ठोक दी। उन्हें घायल अवस्था मे मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उन्हें दिल्ली भेज दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। लाइव के दौरान ही उन्होंने अचानक कार की स्पीड बढ़ाई और देखते ही देखते गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस मंजर को हजारों लोग लाइव देख रहे थे, जिसके बाद सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया।

हादसे की सूचना पर बाद मौके पर पहुंची पुलिस और राहगीरों ने अनुराग को लहूलुहान हालत में मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद, उनके परिचित और परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले गए हैं। पुलिस के मुताबिक अनुराग पिछले कई दिनों से गहरे मानसिक तनाव और पारिवारिक समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने हाल ही में एक करीब 2 घंटे लंबा वीडियो भी साझा किया था, जिसमें उन्होंने अपनी स्थिति के लिए अपने माता-पिता और भाई 'कलम' को जिम्मेदार ठहराया था। अनुराग ने



आरोप लगाया कि उनकी पत्नी रितिका चौहान के साथ उनकी 'इंटरकास्ट मैरिज' को उनके परिवार ने कभी स्वीकार नहीं किया। शादी के छह दिन पहले उनके माता-पिता ने साथ छोड़ दिया था और उन्हें रिश्तेदारों के सामने पैर छूकर माफी मांगने पर मजबूर किया गया। अनुराग ने वीडियो में खुलासा किया कि उनकी पत्नी रितिका, जो प्रेग्नेंट हैं, वह भी उन्हें छोड़कर चली गई हैं। उन्होंने कहा कि उनके अपनों ने ही उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उन्होंने अपने भाई 'कलम' पर संपत्ति हड़पने और उन्हें सोशल मीडिया पर 'एक्सपोज' करने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। अनुराग ने कहा कि मम्मी-पापा, कलम और श्रेया मेरी मौत के जिम्मेदार हैं। मैंने अपनी मां की खुशी के लिए अपना प्यार तक छोड़ दिया था, लेकिन मुझे सिर्फ टॉर्चर मिला। अब मैं और नहीं लड़ सकता। पुलिस फिलहाल इस पूरे मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ अनुराग के बयानों और वीडियो की भी जांच की जा रही है।

# सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा फरीदाबाद: कृष्ण पाल गुर्जर

■ सड़क प्रकाश व्यवस्था और सीवर सुधारेंगे क्षेत्र की गुणवत्ता : विधायक धनेश अदलखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने रविवार को वार्ड-21, 22 और 23 में विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण कार्य का विधिवत तरीके से वार्ड के स्थानीय निवासियों से नारियल तुड़वाकर शुभारंभ किया। उनके साथ बड़खल विधायक धनेश अदलखा भी मौजूद रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि वार्ड नंबर-21, 22 और 23 में लगभग सवा छह करोड़ रुपये की राशि विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। इन तीनों वार्डों में आरएमसी सड़कों का निर्माण,



इंटरलॉकिंग टाइल्स का लगाना, ट्यूबवेल की स्थापना, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था और सडक़ों के सौंदर्यकरण का कार्य किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा और क्षेत्र के हर व्यक्ति के लिए समान रूप से काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ हर क्षेत्र को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद विकास कार्यों की गति तेज हुई है और फरीदाबाद की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट पूरे किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली,बड़ोदरा एक्सप्रेसवे, केएमपी, एलिवेटेड रोड और अन्य हाईवे परियोजनाओं के कारण फरीदाबाद की कनेक्टिविटी देश के कई बड़े शहरों से बेहतर हो गई है। आने वाले समय में जेवर एयरपोर्ट, मेट्रो विस्तार और रैपिड रेल परियोजनाओं से फरीदाबाद को और अधिक सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में फरीदाबाद देश के प्रमुख विकसित शहरों में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जाएंगे ताकि किसी भी क्षेत्र को सुविधा से वंचित न रहना पड़े। बडख़ल विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि ग्रीन फील्ड क्षेत्र को आधुनिक और सुंदर कॉलोनी के रूप में विकसित करना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि ग्रीन फील्ड के लोगों ने हमेशा हमारी सरकार पर विश्वास जताया है।

### शहर वासियों को हाउस टैक्स में मिलेगी 1 अप्रैल से 10 प्रतिशत की अतिरिक्त

## बढ़ी छूट के साथ संपत्तिकर वसूली को बढ़ाने के लिए आयुक्त ने की टैक्स विभाग की टीम व अधिकारियों से की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर के विकास को रफ्तार देने के क्रम में हाउस टैक्स वसूली की रफ्तार बढ़ाने के लिए अधिकारियों तथा टीम से बैठक की, किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने, हाउस टैक्स के जारी बिलों में अनावश्यक छेड़छाड़ की शिकायत और साक्ष्य मिलने पर सीधा दोषी के विरुद्ध एफ आई आर कराई जाए, नगर आयुक्त ने निर्देश दिए गए हैं।

अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को प्रतिदिन टैक्स विभाग की समीक्षा बैठक करने तथा मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं । उन्होंने कहा कि समस्त जोनल प्रभारी अपने-अपने जोन के करदाताओं को हाउस टैक्स पर मिलने वाली



77%से 92% की छूट जो कि माननीय सदन से निर्धारित की गई है के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए I 12% का ब्याज जो की वित्तीय वर्ष 2025--26 के बाद 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा उससे बचने के लिए, बड़ी छूट की राहत लेते हुए हाउस टैक्स जमा करने के लिए अपील करदाताओं से करनी है निर्देशित किया गया है। करदाताओं से बड़ी छूट के साथ हाउस टैक्स जमा करने की अपील की जा रही है। टैक्स विभाग द्वारा विशेष रूप से 32000 कमर्शियल भवन, 66 सरकारी संपत्ति, 248000 आवासीय भवन हाई राइज के 43000 फ्लैट को टारगेट किया जाएगा। नगर आयुक्त द्वारा बैठक के अंत में जोनल प्रभारी तथा समस्त टैक्स विभाग की टीम को कड़ी मेहनत से टैक्स वसूली करने के निर्देश दिए टैक्स के बिलों में अनावश्यक छेड़छाड़ करने वालों पर कड़ी कार्यवाही होगी सख्त निर्देश टीम को दिए गए, इसके अलावा करदाताओं को हाउस टैक्स के बिलों में होने वाले संशय को खत्म करने के लिए समस्त जोनल कार्यालय में तथा मुख्यालय में 10 से 12 संबंधित अधिकारी उपस्थित होकर समाधान की कार्यवाही करेंगे निर्देश दिए गए।

### सैकड़ों कर्मी उपस्थत रहें

## संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान ज्ञापन प्रेषित किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवा शर्मा ने श्री शर्मा को अवगत कराया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी प्रदेश की जनता के लिए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य पूरी निष्ठा से करते हैं, परन्तु विडम्बना यह है कि स्वयं स्वास्थ्य कर्मियों को ही इस योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। सुनील शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में शिक्षा मित्रों को दीन दयाल उपाध्याय योजना का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगामी मंगलवार को माननीय मुख्यमंत्री के साथ होने



वाली बैठक में इस विषय को प्रमुखता से रखा जाएगा तथा स्वास्थ्य कर्मियों को भी इस योजना में शामिल कराने के लिए सकारात्मक प्रयास किया जाएगा। संघ की ओर से यह अपेक्षा व्यक्त की गई कि प्रदेश इस प्रतिनिधि मंडल में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नितिन रोहतगी, राजेन्द्र कुमार, हेमन्त दूबे, यौविन कौशिक, राजेश शर्मा, चिंकी त्यागी सहित से सैकड़ों कर्मी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया

## योगी सरकार में महिलाए बन रही हैं सशक्त व आत्मनिर्भर: ममता त्यागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास भवन गाजियाबाद में स्थित दुर्गावती' देवी सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ, मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी व भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम में उपस्थित अन्य जन प्रतिनिधियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। ममता त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे महिलायें सशक्त होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी बन रही है। योजनाओं को लाभ लेने के उपरान्त महिलाए सशक्त व आत्मनिर्भर बन रही हैं। चौधरी चैनपाल सिंह, जिलाध्यक्ष, भाजपा के द्वारा महिलाओं एव बालिकाओं के विकास एवं शिक्षा, स्वाबलम्बन हेतु चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए संबोधित किया कि सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनमानस को होनी आवश्यक है उनका वास्तविक लाभ पात्र महिलाओं एवं बच्चों को मिल सके सरकार द्वार विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रदेश स्तर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अभिभाषण दिया गया। कार्यक्रम में जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली 50 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मूमेन्टो देकर सम्मानित किया गया एवं 07 महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में नव नियुक्त सुपरवाईजर को नियुक्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी,अभिनव गोपाल, गाजियाबाद के साथ ही महिला कल्याण विभाग एवं महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग, के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बुलेटपूरफ जैकेट पहनकर आया जेल से बाहर, मानेसर का स्वागत

# जेल से रिहा होकर मानेसर लौटने पर गौरक्षक मोनू का अभिनंदन

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

नासिर और जुनैद हत्याकांड में गिरफ्तार गौरक्षक एवं बजरंग दल का कार्यकर्ता मोनू मानेसर का जेल से रिहा होने के बाद देर रात को अपने गांव मानेसर लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। वह बुलेटपूरफ जैकेट पहनकर जेल से बाहर आया था। उसे लेने के लिए हरियाणा से सैकड़ों लोग राजस्थान के भरतपुर पहुंचे थे। जैसे ही मोनू अपने गांव पहुंचा तो लोगों ने ढोल नगाढ़ो की थाप पर उसका स्वागत किया। देर रात तक मानेसर में जश्न का माहौल रहा। हरियाणा के गुरुग्राम



निवासी मोनू उर्फ मोहित यादव बजरंग दल से जुड़ा हुआ है।

मोनू पर वर्ष 2023 में गो तस्करी के शक में जुनैद और नासिर की हत्या का आरोप है। दोनों के शव 16 फरवरी 2023 को हरियाणा के भिवानी में जली हुई गाड़ी में मिले थे। जिसके बाद दोनों के परिजनों ने मोनू सहित पांच लोगों के खिलाफ मुक़दमा दर्ज करवाया था।

जिसके बाद करीब दो साल पहले मोनू मानेसर को राजस्थान पुलिस गुरुग्राम से गिरफ्तार कर ले गई थी। इसके बाद से ही वह राजस्थान की भरतपुर जेल में बंद था।

### *लेटपूरफ जैकेट पहनकर आया जेल से बाहर*

*जुनैद और नासिर की हत्या मामले में मोनू मानेसर को राजस्थान उच्च न्यायालय से 6 फरवरी को उसे जमानत मिल गई। बेल बॉन्ड भरने के बाद 7 फरवरी की देर रात को मोनू मानेसर भरतपुर की जेल से बाहर आया। इस दौरान मोनू को लेने के लिए हरियाणा से बड़ी संख्या में लोग भरतपुर पहुंचे थे। शाम करीब साढ़े सात बजे मोनू बुलेटपूरफ जैकेट पहनकर जेल से बाहर आया। जिसके बाद वह सड़क रास्ते से मानेसर पहुंचा। मोनू को राजस्थान से गुरुग्राम लाने के लिए गाड़ियों का काफिला गया था। उसके जेल से बाहर आते ही लोगों ने उसे अपनी गोद में उठा लिया और जोरदात स्वागत करने के बाद उसे गुरुग्राम ले आए।*

***दो मामलों में पहले भी हुई गिरफ्तारी %** 12 अगस्त 2023 को मोनू मानेसर को गुरुग्राम पुलिस ने पटौदी में हुई फायरिंग के मामले में गिरफ्तार क यिा था।*

## कैप्टन अजय यादव ने पूर्व विधायक स्व. आनंद कौशिक को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैप्टन अजय सिंह यादव रविवार को पूर्व विधायक आनंद कौशिक को श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके सेक्टर-9 स्थित कार्यालय पर पहुंचे और स्व.आनंद कौशिक के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व विधायक के अनुज कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक व शोक स्तप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि यह अटल सत्य है कि एक दिन हम सभी को इस संसार को छोडकर जाना है, लेकिन व्यक्ति के अच्छे कर्मों की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि आनंद कौशिक कांग्रेस के सही मायने में सच्चे सिपाही थे। उन्होंने अपने राजनीतिक कार्यकाल के दौरान विभिन्न पदों पर रहते हुए लोगों की सच्चे दिल से सेवा की और एक कर्मठ कांग्रेस नेता के रूप में कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। उनके निधन से कांग्रेस पार्टी को भारी क्षति पहुंची है जिस की भरपाई नहीं की जा सकती।

## खबर संक्षेप

### किसकी बदौलत ओपी राजभर बने थे विधायक?

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया कि सुभासपा अध्यक्ष



ओमप्रकाश राजभर समाजवादी पार्टी की बदौलत विधायक बने हैं। वे रविवार को सठियांव में पूर्व मंत्री चंद्रदेव राम यादव 'करैली' के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राजभर के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी।

### खनन टीम और पुलिस पर बालू माफिया का हमला

**छपरा।** छपरा से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह अवैध बालू खनन के खिलाफ



कार्रवाई करने पहुंची खनन विभाग की टीम और पुलिस पर बालू माफिया ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडा और लोहे की राड से हमला कर सरकारी वाहन को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। हमले में खनन विभाग के निरीक्षण प्रदीप कुमार समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

### राष्ट्रपति के प.बंगाल दौरे पर घटनाक्रम दुर्भाग्यपूण

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे के दौरान हुए घटनाक्रम पर राजनीति खासी



गरमाई हुई है। प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मामले में सीधे राष्ट्रपति पर सवाल खड़े किए हैं। वहीं, भाजपा की ओर से पश्चिम बंगाल सरकार को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया गया है। पूरे विवाद के बीच यूपी की पूर्व सीएम और बसपा प्रमुख मायावती सामने आई हैं।

# ईरान-इजराइल युद्धः घर में प्लम्बर से बिजली वायरिंग तक हुई महंगी

*गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण की प्लास्टिक आधारित यूनिटों में कच्चे माल की महंगाई का असर दिख रहा है। प्लंबर से लेकर बिजली वायरिंग के काम में महंगाई का असर दिख रहा है। इंडस्ट्रियल एरिया में प्लास्टिक का बोरा बनाने वाली यूनिट में कीमतों का असर दिख रहा है।*

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच युद्ध से बिगड़े हालात से बढ़ रही क्रूड ऑयल की कीमतों का चौतरफा मार बाजार में दिख रहा है। क्रूड ऑयल की महंगाई से प्लास्टिक प्रोडक्ट, मोबिल, बोरा, इलेक्ट्रिक उत्पाद की कीमतों में जबरदस्त इजाफा हो गया है।

प्लास्टिक बोरे के प्रोडक्शन कास्ट पर 10 से 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो गई है। गर्मी में कूलर, एसी और पंखे की मांग बढ़ी हुई है। दुकानदारों ने इनकी कीमतों में इजाफा कर दिया है। वहीं रियल एस्टेट सेक्टर में प्लास्टिक, इलेक्ट्रिक से लेकर सरिया की बढ़ी कीमतों कर असर दिख रहा है।

### पालीमर की कीमतों में 25 फीसदी तक बढ़ोतरी



प्रति बंडल 10 से 20 फीसदी तक की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई है। गीडा में बड़े पैमाने बाल्टी, गमला, पाइप बनाने वाली यूनिटें हैं। जहां उत्पादन प्रभावित हो रहा है। उद्यमी विनय अग्रवाल का कहना है कि पालीमर की कीमतों में 25 फीसदी तक बढ़ोतरी हो गई है। कीमत बढ़ने के बाद भी माल की आपूर्ति नहीं हो रहा है। अब तो उत्पादन भी प्रभावित होता दिख रहा है। इंडस्ट्रियल एरिया में बीएन डायर्स के प्रमुख विष्णु अजीतसरिया का कहना है कि कंपनी में सिंथेटिक धागा पेट्रोलियम पदार्थ का ही बाई प्रोडक्ट है। सप्ताह भर में दो बार में 12 फीसदी तक बढ़ोतरी हो गई है। प्रोडक्शन कास्ट में बढ़ोतरी हो गई है। शुरुआत में यह हाल है तो युद्ध लंबा खिंचा तो और बुरे हालात होंगे। रियल एस्टेट कारोबारी दीपक सिंह का कहना है कि बड़े प्रोजेक्ट में प्लास्टिक के पाइप से लेकर बिजली के काम पर बड़ा हिस्सा खर्च होता है। ड्रेनेज पाइप से लेकर वायरिंग के पाइप की कीमतों में अच्छी बढ़ोतरी हो गई है।

### पीवीसी रेजीम 70 रुपए प्रति किलो था, अब 95 रुपए पहुंच गया

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की प्लास्टिक आधारित यूनिटों में कच्चे माल की महंगाई का असर दिख रहा है। प्लंबर और बिजली वायरिंग के काम में महंगाई का असर दिख रहा है। गीडा से लेकर इंडस्ट्रियल एरिया में 50 से अधिक छोटी-बड़ी यूनिटें हैं, जहां प्लास्टिक का उपयोग होता है। इंडस्ट्रियल एरिया में प्लास्टिक का बोरा बनाने वाली यूनिट में कीमतों का असर दिख रहा है। उद्यमियों का कहना है कि जो प्लास्टिक दाना अलग-अलग क्वालिटी का 80 से लेकर 150 रुपए प्रति किलो तक है। प्लास्टिक दाना सप्लाई करने वाली कंपनियां रेट भी नहीं खोल रही है। गीडा में बिजली वायरिंग वाली पाइप बनाने वाली यूनिटों में प्रोडक्शन में कटौती कर दी गई है। उद्यमी भोलेन्द्र पटेल का कहना है कि पीवीसी रेजीम जो सप्ताह भर पहले 70 रुपए प्रति किलो था, वह 95 रुपए पहुंच गया है।

## महिला दिवस पर मुख्यमंत्री योगी का एक और ऐलान

# मेधावी बेटियों के लिए यूपी सरकार जल्द शुरू करने जा रही लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना

*महिला दिवस पर बोल रहे सीएम योगी ने कहा, पहले चरण में स्नातक और परा-स्नातक के फाइनल ईयर की मेधावी बेटियों को स्कूटी का लाभ दिया जाएगा। जल्द ही लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लांच की जाएगी।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

महिला दिवस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कई बड़ी घोषणाएं की। सीएम योगी ने अब मेधावी बेटियों को स्कूटी देने का भी ऐलान कर दिया है। महिला दिवस पर सीएम योगी ने कहा, पहले चरण में स्नातक और परा-स्नातक के फाइनल ईयर की मेधावी बेटियों को स्कूटी का लाभ दिया जाएगा। जल्द ही लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लांच की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी के बजट की थीम युवा, महिला, अन्नदाता किसान और गरीब थी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट में शी-मार्ट की तर्ज पर यूपी में महिलाओं के लिए महिला उद्यमी विपणन स्कीम लाई गई है। महिला स्वयंसेवी समूह जो भी बनाएंगे, उसकी पहुंच बाजार तक आसानी से हो, इसके लिए गांव, न्याय पंचायत स्तर पर सेंटर स्थापित करेंगे। गारंटी व ब्याज मुक्त लोन, मेधावी बेटियों के लिए स्कूटी समेत अनेक कार्यक्रम आ रहे हैं। जो बेटियों को आत्मनिर्भरता के लक्ष्य प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे।



### हमने भारत की परंपरा और विरासत का सम्मान किया

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद यूपी में आए परिवर्तन के पांच मुख्य कारण हैं। सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के पांच टी (ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन) विजन को ध्यान में रखकर काम किया। जब ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी व ट्रस्ट मिलते हैं तो ट्रांसफॉर्मेशन होता है। हमने भारत की परंपरा और विरासत का सम्मान किया, इससे विकास अपना रास्ता तय कर लेता है। हम इसे टेक्नोलॉजी से जोड़कर और आसान करते हैं। ट्रांसपेरेंसी से ही आमजन में विश्वास की भावना पैदा होती है और यही विश्वास परिवर्तन का कारण बनता है। यूपी इसी 5-टी का मॉडल बना है।

### चित्रकूट में बेटी की मार्मिक कहानी का किया जिक्र

सीएम ने कहा कि 2017 में मुख्यमंत्री बना तो देखा कि बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में 60 फीसदी बेटियां नंगे पांव स्कूल जाती थीं। उन्होंने चित्रकूट में एक बिटिया के साथ मार्मिक संवाद का जिक्र कर बेटे-बेटी के भेदभाव को इंगित किया। उन्होंने कहा कि एक ही घर में बेटा पब्लिक स्कूल और बेटियां प्राइमरी स्कूल में पढ़ने जाती थीं। बेटे के पास जूते, चप्पल, कपड़े सब होते थे, लेकिन बेटी के पास नहीं होते थे। जब मैंने कारण पूछा तो बेटी ने कहा कि वह भाई है न। उसी दिन शाम को विभाग की बैठक ली और घोषणा की है कि बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में पढ़ने वाले हर बच्चे को राज्य सरकार की तरफ से यूनिफॉर्म, बैग, बुक, जूते-मोजे देंगे। आज लगभग 98-99 फीसदी बेटियां जूते-मोजे या चप्पल और सर्दियों में स्वेटर पहनकर आती हैं। गांव की बेटी, सबकी बेटी, यह हमारी मान्यता है। उसे सम्मान, जीने, आगे बढ़ने का अधिकार मिलना चाहिए। खुद को उपेक्षित महसूस करने वाली आधी आबादी के लिए कार्य करता देखकर हमें लगता है कि हमारा आना सार्थक हुआ।

### लाभार्थी महिलाओं को किया सम्मानित

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 (रोजगार मेले) का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी व श्रम विभाग की लघु फिल्म का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए सभी लाभार्थी व सम्मानित होने वाली महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।*

## पहले सार्वजनिक भाषण में बताया अपना एजेंडा

# नीतीश के कार्यों को आगे ले जाएंगे बेटे निशांत कुमार

**एक राजा के बेटे की तरह पार्टी कार्यालय में स्वागत**

एजेंसी ▶▶ पटना



नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने आखिरकार राजनीति के मैदान में एंट्री ले ली। रविवार को ग्रांड सेरेमनी में निशांत कुमार ने जदयू कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ली। दफ्तर में उनका एक राजा के बेटे की तरह स्वागत किया गया।

कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें सदस्यता दिलाई। केंद्रीय मंत्री सह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया निशांत ने पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने पार्टी में उनके शामिल होने की घोषणा की। इस मौके पर निशांत कुमार ने बताया कि वे आने वाले दिनों में पार्टी और बिहार के लिए किन-किन विषयों पर काम करेंगे।

### सधे हुए राजनेता की तरह भाषण दिया

*पहले संबोधन में निशांत कुमार ने सधे हुए राजनेता की तरह भाषण दिया। अपने संक्षिप्त संबोधन में निशांत ने बड़ी-बड़ी बातें कही। कहा कि पिताजी ने जो बीस सालों में किया है उसे आगे बढ़ाते हुए जन जन तक पहुंचाने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। निशांत कुमार ने सबसे पहले जदयू दफ्तर और बाहर हजारों की संख्या में जुटे लोगों का स्वागत किया। कहा कि मेरे पिताजी नीतीश कुमार के कार्यों पर बिहार के साथ पूरे देश की जनता को गर्व है। पापा पर आप सब लोग विश्वास रखें और अपना मनोबल बनाए रखें। वे दिल्ली में रहते हुए भी हमारा बिहार का मार्गदर्शन करते रहेंगे।*

### कार्यकर्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा

निशांत ने संबोधन के लिए जैसे ही माइक थामा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह कई गुना हो गया। बोलना शुरू करने से पहले उन्होंने कार्यकर्ताओं को शांत कराया और सबसे पहले उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि कीमती समय निकाल कर आए इसके लिए धन्यवाद करता हूं। पार्टी के सक्रिय सदस्य के रूप में जो बन पड़ेगा, बेहतर काम करूंगा। आप सबों ने विश्वास किया है उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। पार्टी को हर मोर्चे पर मजबूत करने के लिए जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उन्हें पूरा करूंगा।

## पेज एक का शेष

### 'होली' पर देश भर...

पटाखे तैयार थे। बस जीतते ही देश भर में होली पर दीवाली भी मन गई। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब टीम इंडिया ने अपने नाम कर लिया है। अहमदाबाद में रविवार को खेले गए फाइनल मैच में भारत ने 96 रनों से शानदार जीत हासिल की और तीसरी बार ये खिताब अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में टॉस जीतकर न्यूजीलैंड की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 256 का टोटल कीवी टीम के सामने रखा था। इसके जवाब में न्यूजीलैंड टीम 159 के स्कोर पर ही ढेर हो गई। इंडिया लगातार दो बार टी–20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बनी। पहली बार किसी मेजबान टीम ने टी–20 वर्ल्डकप जीता है। संजू सैमसन ने टी–20 वर्ल्डकप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर 89 रन बनाए। ईशान किशन ने 54 और अभिषेक शर्मा ने 52 रन बनाए। आखिर में शिवम दुबे ने 8 गेंद पर 26 रन बनाए। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। साइफर्ट (52) और कप्तान सैंटनर (43) के अलावा कोई भी बैटर भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका। पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड को रनों के लिहाज से टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में सबसे बड़ी हार मिली। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 4 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट चटकाए। अक्षर पटेल ने 3 शिकार किए। हार्दिक पांड्या, वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा की झोली में 1-1 विकेट आया।

### दिल्ली का विकास एक...

ने कहा कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति जब भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के बारे में सोचता है तो अक्सर उसके मन में दिल्ली की तस्वीर आती है। हम सब दिल्ली में विकास को नई गति देने के लिए यहां इकट्ठे हुए हैं। यहां मेट्रो के विस्तार से लेकर हजारों सरकारी कर्मचारियों के आवासों तक, देश की राजधानी में सुविधाओं का लगातार मजबूत विस्तार हो रहा है, एक नई मजबूती दी जा रही है। आप लोगों ने एक साल पहले जिस नई उम्मीद और संकल्प के साथ दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाई थी, उसका परिणाम आज यहां दिख रहा है। मैं दिल्ली के सभी नागरिकों को विकास की इस अविरत धारा के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

**3 नए कॉरिडोर की आधारशिला रखी :** प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के चरण 4 के अंतर्गत लगभग 16.10 किलोमीटर लंबे तीन नए कॉरिडोर की आधारशिला रखी। ये 3नए कॉरिडोर हैं, आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ, एयरोसिटी से इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज। ये कॉरिडोर राष्ट्रीय राजधानी के कई अहम स्थानों को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे। और नोएडा, दक्षिण दिल्ली और हवाई अड्डे के बीच यात्रा करने वाले निवासियों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार करेंगे।

**दिल्ली के कई इलाकों को फायदा :** प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इनमें मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल हैं। नई कनेक्टिविटी से दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा, जिनमें बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क आदि शामिल हैं।

**दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच यात्रा आसान होगीः** उन्होंने कहा कि दिल्ली कुछ दिन पहले नमो भारत जैसी तेज ट्रेन के जरिए मेरठ से जुड़ी है। इससे दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच यात्रा आसान हो गई है। आज मेट्रो फेस-4 के शुरू होने के साथ दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 375 किलोमीटर से भी आगे पहुंच गया है। दुनिया के बड़े-बड़े शहरों में भी मेट्रो का इतना बड़ा नेटवर्क नहीं है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज जो मेट्रो का नया सेक्शन शुरू हुआ है, उससे राजधानी के लाखों लोगों को बहुत बड़ी सुविधा मिलने वाली है। खास तौर पर पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के लोगों के लिए अब रोज का सफर पहले से कहीं ज्यादा आसान होगा। इन सबके साथ ही गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के शहरों से दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में आना-जाना आसान हो जाएगा।

### मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर...

शामिल है। नई कनेक्टिविटी से बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा, मजलिस पार्क समेत दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा।

### सरोजिनी नगर में महिलाओं...

**नवोन्मेषी आत्मनिर्भर वित्तीय मॉडल से किया गया विकास :** जीपीआरए प्लान के तहत 15,200 करोड़ की इन परियोजनाओं का पुनर्विकास एक नवोन्मेषी आत्मनिर्भर वित्तीय मॉडल के माध्यम से किया गया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि पुनर्विकास सरकारी खजाने पर बोझ डाले बिना किया जाए। इस मॉडल के तहत सरकार परियोजना क्षेत्र के एक सीमित हिस्से को वाणिज्यिक और आवासीय स्थान के लिए विकसित और मुद्रीकृत कर रही है, ताकि पूरी परियोजना का वित्तपोषण किया जा सके। इससे प्राप्त राजस्व का इस्तेमाल आधुनिक सरकारी आवास, संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक सुविधाओं के पुनर्विकास के लिए किया जा रहा है।

### पीएम : यह संविधान व...

उल्लंघन के आरोपों के मामले में सियासत सातवें आसमान पर पहुंच गई है। इसकी शुरुआत तब हुई जब राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को दार्जिलिंग में 9वें अंतरराष्ट्रीय संताल सम्मेलन के आयोजन को लेकर असंतोष व्यक्त किया था और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की अनुपस्थिति पर टिप्पणी की थी। इसके बाद क्या था, भाजपा ने ममता बेनर्जी सरकार पर राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोप लगाया और खूब बयानबाजी की। दूसरी ओर जबकि टीएमसी ने प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोप को खारिज किया है। सीएम ममता ने कहा कि बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की जिम्मेदारी निजी आयोजकों और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की थी। राज्य सरकार को कार्यक्रम की पूरी जानकारी भी नहीं दी गई थी, इसलिए उस पर अव्यवस्था या प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप लगाना सही नहीं है। गौर हो कि राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान प्रोटोकॉल, कार्यक्रम स्थल और मार्ग व्यवस्था से जुड़े नियमों के कथित उल्लंघन पर पश्चिम बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब तलब किया गया है। केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत के लिए उपस्थित न होना ब्लू बुक के नियमों का उल्लंघन बताया है।

**टीएमसी सरकार पर सत्ता का अहंकार, यह जल्द टूटेगा :** प्रधानमंत्री के अनुसार राज्य सरकार ने इस आयोजन को पूरी तरह अव्यवस्था के हवाले कर दिया। उनका कहना था कि यह घटना केवल राष्ट्रपति का अपमान नहीं है, बल्कि यह भारत के संविधान और उसकी मूल भावना का भी अनादर है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की महान परंपरा में राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक होता है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर इस पद की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर सत्ता के अहंकार में डूबे होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती हैं। टीएमसी का जल्द घमंड चूर हो जाएगा।

**लोगों के अधिकार के लिए धरने पर बैठी हूंः ममता :** ममता बेनर्जी ने यह भी बताया कि सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए राष्ट्रपति का बागडोगरा हवाई अड्डे पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं धरने पर बैठी हूं ताकि लोगों के अधिकार सुरक्षित रहें। मैं इसे कैसे छोड़ सकती हूं?

### न हमें बताया ....

ममता ने यह भी स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल सरकार राष्ट्रपति के पद और संविधान का पूरा सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद है और राज्य सरकार हमेशा उसकी गरिमा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहती है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे को जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं ताकि राज्य सरकार की छवि खराब की जा सके। राज्य सरकार ने राष्ट्रपति के दौरे के दौरान अपनी तरफ से सभी जरूरी सहयोग दिया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति और संविधान का सम्मान करना हर सरकार और नागरिक की जिम्मेदारी है, और पश्चिम बंगाल सरकार इस जिम्मेदारी को पूरी तरह निभाती है।

### जंगलराज नहीं चलेगा...

में कहा कि ईरान, अरब और दुनिया के सभी देशों की आजादी का सम्मान किया जाए और मिलिट्री ऑपरेशन तुरंत रोका जाए। यह एक ऐसी लड़ाई है, जो नहीं होनी चाहिए थी और इससे किसी का कोई भला नहीं होगा। हथियारों की ताकत पर लड़ाई से सिर्फ नफरत बढ़ेगी और नए-नए संकट पैदा होंगे। मिडिल ईस्ट के लोग अपने इलाके के असली मालिक हैं। इलाके के मामले वहां के देशों को खुद से तय करने चाहिए। वहां के लोग ये तय करेंगे कि वह क्या चाहते हैं।

**बातचीत की टेबल पर लौटने की अपील :** वांग यी ने अमेरिका और इजराइल का नाम लिए बिना कहा कि दुनिया जंगल के कानून पर वापस नहीं जा सकती, जिसमें ताकतवर जो चाहे वह करे। हम सभी पक्षों से बातचीत के जरिए मतभेदों को सुलझाने और जितनी जल्दी हो सके बातचीत की टेबल पर लौटने की अपील करते हैं।

### नीतीश के वोट बैंक...

दल (यूनाइटेड) ने लंबे समय तक राज्य की राजनीति में मजबूत पकड़ बनाए रखी। सत्ता के साथ सबसे लंबा सफर तय किया। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि नीतीश कुमार के सक्रिय सत्ता से हटने के बाद इस सामाजिक समीकरण में बदलाव की संभावना है। ऐसे में राजद के लिए यह अवसर बन सकता है कि वह इन वर्गों के बीच अपनी पैठ बढ़ाए और सामाजिक न्याय की राजनीति को फिर से मजबूत करे। हालांकि राजद को यह भी ध्यान रखना होगा कि उसका पारंपरिक आधार मुख्यतः यादव और मुस्लिम मतदाताओं पर केंद्रित रहा है। बिहार की 2023 की जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की आबादी में अत्यंत पिछड़ा वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग की हिस्सेदारी लगभग 63 प्रतिशत के आसपास है, जबकि यादव समुदाय करीब 14–15 प्रतिशत है। इसलिए आरजेडी के सामने सबसे बड़ी चुनौती इन गैर-यादव पिछड़े वर्गों और अत्यंत पिछड़े वर्गों के बीच भरोसा कायम करने की है। सामाजिक विश्लेषक रामबदन राय कहते हैं, तेजस्वी यादव को पार्टी के भीतर गैर-यादव ओबीसी और ईबीसी समुदायों से आने वाले नेताओं की दूसरी पंक्ति तैयार करनी होगी। इससे पार्टी का सामाजिक आधार व्यापक होगा और इन समुदायों में प्रतिनिधित्व की भावना भी मजबूत होगी। उत्तर प्रदेश की राजनीति का उदाहरण देते हुए कुछ नेता बताते हैं कि समाजवादी पार्टी ने बहुजन समाज पार्टी के कमजोर पड़ने के बाद गैर-यादव पिछड़े और दलित मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश की और 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इसी तरह का सामाजिक समीकरण अगर बिहार में बनता है, तो राजद को इसका लाभ मिल सकता है। हालांकि इसके सामने कई बाधाएँ भी हैं। जदयू का वोट बैंक पूरी तरह से आरजेडी की ओर शिफ्ट हो जाएगा, यह मान लेना आसान नहीं है। पिछले वर्षों में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के कारण जेडीयू के एक हिस्से का झुकाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर भी बढ़ा है। सत्ता के तरफ बड़ा वोट बैंक जाएगा , इसकी संभावना भी है। बचा खुचा वोटर कांग्रेस की तरफ मुड़ सकता है। इसके अलावा, राजद के भीतर भी संगठनात्मक स्तर पर बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही है। पार्टी के भीतर टिकट वितरण, नेतृत्व में भागीदारी और संगठनात्मक संरचना में गैर-यादव पिछड़े और अत्यंत पिछड़े वर्गों को अधिक प्रतिनिधित्व देना आवश्यक माना जा रहा है। 2025 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह मुद्दा और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। पिछले चुनावों में राजद ने बड़ी संख्या में ओबीसी उम्मीदवारों को टिकट दिए थे, लेकिन उनमें यादव उम्मीदवारों की संख्या अधिक रही। यदि पार्टी वास्तव में व्यापक सामाजिक गठबंधन बनाना चाहती है, तो उसे इस संतुलन को बदलना होगा। विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि शासन, कानून-व्यवस्था और विकास से जुड़े मुद्दों पर विश्वसनीयता कायम करना भी आरजेडी के लिए उतना ही जरूरी होगा। कई गैर-यादव पिछड़े वर्गों में अब भी यह धारणा मौजूद है कि राजद की राजनीति मुख्यतः एक सीमित सामाजिक आधार के इर्द-गिर्द घूमती रही है। कुल मिलाकर, नीतीश कुमार के राजनीतिक परिदृश्य से पीछे हटने से बिहार की राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत हो सकती है। यदि तेजस्वी यादव संगठनात्मक बदलाव और सामाजिक विस्तार की रणनीति को सफलतापूर्वक लागू कर पाते हैं, तो राजद एक बार फिर राज्य की राजनीति में सामाजिक न्याय की प्रमुख धुरी बन सकती है। लेकिन यदि यह प्रयास अधूरा रह गया, तो बिहार की राजनीति में बहुकोणीय मुकाबला और भी तेज हो सकता है।

### सीए फाउंडेशन टॉपर...

ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। उनके 400 में से 366 मार्क्स (91.50%) हैं। जबकि मिंडापुर की खुशी सिकारिया ने दूसरी रैंक हासिल की है। उनके 365 मार्क्स (91.25%) हैं। वहीं, कन्नूर की हिबा बी ने 361 मार्क्स (90.25%) के साथ तीसरी रैंक हासिल की है।

### देशभर में 566 सेंटरों...

कैंडिडेट शामिल हुए, जिनमें से 11,523 पास हुए, जबकि 52,456 महिला कैंडिडेट शामिल हुईं, जिनमें से 9,576 पास हुईं। यह एग्जाम पूरे भारत में 566 सेंटर्स पर हुआ था, और पुरुष कैंडिडेट का पास परसेंटेज 20.13 है जबकि महिला कैंडिडेट का 18.26 परसेंट है। फाउंडेशन रिजल्ट का ओवरऑल पास परसेंटेज 19.23 है। इंटरमीडिएट एग्जाम में, ग्रुप 1 के लिए 1,05,526 कैंडिडेट शामिल हुए, जिनमें से 14,733 पास हुए, और ग्रुप 2 के लिए 69,477 शामिल हुए, जिनमें से 10,798 पास हुए। दोनों ग्रुप्स में, 41,798 कैंडिडेट शामिल हुए, जिनमें से 3,924 पास हुए। ग्रुप 1 का कुल पास प्रतिशत 13.96 प्रतिशत, ग्रुप 2 का 15.54 प्रतिशत और दोनों ग्रुप का 9.39 प्रतिशत है।

## मौलाना के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

# मुख्यमंत्री की मां पर टिप्पणी के विरोध में भाजपा का बड़ा प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ बलरामपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में रविवार को आक्रोश देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्र के नेतृत्व में प्रदर्शन कर आरोपी मौलाना का पुतला दहन किया। भाजपा कार्यकर्ता पहले पार्टी कार्यालय पर एकत्रित हुए और वहां से जुलूस के रूप में वीर विनय चौराहे पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए बिहार के मौलाना अब्दुल सलीम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और पुतला फूंका। सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के मुखिया होने के साथ गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। उनकी माता के खिलाफ की गई टिप्पणी निंदनीय है और इससे पूरे प्रदेश की भावनाएं आहत हुई हैं। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।इस अवसर पर गैसड़ी के पूर्व विधायक शैलेष कुमार सिंह शैलू, पूर्व अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू, ब्लॉक प्रमुख महिपाल चौधरी, डीपी सिंह बैस, अवधेश तिवारी तरुण, संदीप वर्मा, प्रभात सिंह, संदीप उपाध्याय, राकेश गुप्ता, राकेश कश्यप, अमन बंसल, रजनीश पांडे व आदित्य आदि मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्र की तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने बिहार के मौलाना अब्दुल सलीम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि एक मजहबी जलसे के दौरान मौलाना ने मुख्यमंत्री की माता के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की और गो हत्या से जुड़े कानून के खिलाफ लोगों को उकसाने का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।



## अल्लू अर्जुन की सिक्योरिटी ने जूनियर एनटीआर के बॉडी डबल को दिया धक्का

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी के रिसेप्शन का एक वायरल वीडियो चर्चा में है। इसमें अल्लू अर्जुन के साथ आए सिक्योरिटी वालों को भीड़ में एक आदमी को धक्का देते हुए देखा गया। बाद में उस आदमी की पहचान ईश्वर हैरिस के तौर पर हुई। हैरिस को इंडस्ट्री में जूनियर एनटीआर का बॉडी डबल माना जाता है। हैरिस ने सोशल मीडिया पर लिखा 'हम उसी समय अंदर जा रहे थे, जब अल्लू अर्जुन अ दर आ रहे थे। जब वह तस्वीरें क्लिक करने के लिए स्टेज के पास आ रहे थे, तो उनके बाउंसरों को लगा कि मैं उनके पास फोटो लेने आ रहा हूं या कैमरा ब्लॉक कर सकता हूं। इसलिए उन्होंने मुझे रोक दिया।'

लाइफ Style


# प्रियंका खुद को फैशन गर्ल नहीं मानती थीं

हाल ही में गोइंग रोग पॉडकास्ट में प्रियंका ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि वह बचपन में खुद को फैशन गर्ल नहीं मानती थीं, लेकिन उन्हें अपनी स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद था।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका ने बताया कि 90 के दशक में स्कूल के दिनों में उनका लुक काफी ट्रेंडी हुआ करता था-फ्लेयर्ड जींस, क्रॉप टॉप और बेली बटन पियर्सिंग। उसी दौरान एक बार उनका पियर्सिंग बंद हो गया, तो उन्होंने उसे दोबारा खुद ही कर लिया। प्रियंका ने हंसते हुए कहा, 'मैंने एक बार कैब के पीछे बैठकर अपना बेली बटन फिर से पियर्स कर लिया था। उस समय हम 90s में यही सब करते थे।' उन्होंने यह भी बताया कि उस समय उन्हें फैशन की ज्यादा समझ नहीं थी, लेकिन उन्हें यह पता था कि किस तरह के कपड़े और स्टाइल उन पर अच्छे लगते हैं।

प्रियंका ने अपने मिस इंडिया और मिस वर्ल्ड के दिनों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि जब वह मिस इंडिया प्रतियोगिता में गईं तो उन्होंने पहले कभी मॉडलिंग नहीं की थी, इसलिए शुरुआत में सब कुछ उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव था। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में फिल्म 'द ब्लफ' में नजर आई थीं। यह अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। प्रियंका चोपड़ा जल्द ही राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आने वाली हैं। यह 7 अप्रैल, 2027 को रिलीज होने वाली है। वह वेब सीरीज 'सिटाडेल 2' में भी नजर आने वाली हैं।




## हॉलीवुड मसाला



### जेफ के लिए पूरी दुनिया थीं स्टेफनी

**लॉस एंजिल्स।** यूट्यूब पर जेफ निपर्ड अपनी फिटनेस वीडियो के लिए मशहूर रहे, उनके मिलियन में फॉलोअर्स हैं। हाल ही में जेफ निपर्ड की मंगेतर डॉ. स्टेफनी बटरमोर का निधन हो गया है। जेफ गहरे सदमे में हैं। जैसा कि आप में से कई लोग जानते हैं, स्टेफनी जेफ के लिए पूरी दुनिया थीं। स्टेफनी को उनके प्यार और दयालु व्यवहार के लिए याद किया जाएगा। वह ओवेरियन कैंसर पर **PhD** रिसर्च कर रही थीं, इसके लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। हम आपसे जेफ की प्राइवेसी को बरकरार रखने की उम्मीद करते हैं।



### पीटर जैक्सन पाम डी ओर से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** न्यूजीलैंड के प्रशंसित फिल्म निर्माता-निर्देशक और स्क्रिप्ट राइटर पीटर जैक्सन को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। ऑस्कर विजेता पीटर जैक्सन को 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' को बड़े पर्दे पर लाने के लिए जाना जाता है। पाम डी'ओर से सम्मानित होने के साथ ही वो इससे सम्मानित हस्तियों की सूची में शामिल होंगे, जिनमें एग्नेस वर्दा, मार्को बेलोचियो, जोडी फोस्टर, मेरिल स्ट्रीप और पिछले साल के विजेता रॉबर्ट डी नीरो शामिल हैं। पीटर जैक्सन को यह सम्मान 12 से 23 मई तक चलने वाले 79वें कान फिल्म महोत्सव में प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीटर जैक्सन ने इसे अपने कॅरियर के सबसे यादगार पलों में से एक बताया। निर्देशक ने कहा, 'कान में मानद पाम डी'ओर से सम्मानित होना मेरे करियर के सबसे बड़े सौभाग्य में से एक है।



## सलमान की हीरोइन बनेंगी नयनतारा


**मुंबई।** सलमान खान अब साउथ की सुपरस्टार नयनतारा के साथ स्क्रीन शेयर कर सकते हैं। हाल में खबर सामने आ रही है कि डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली के साथ बन रही फिल्म में ये जोड़ी नजर आने वाली है। बॉलीवुड एक्टर सिकंदर जैसी फिल्म के बाद एक बड़ी हिट की तलाश में हैं। बैटल ऑफ गलवान के अलावा कई अन्य प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहे हैं। इसके अलावा उनके पास कई बड़ी फिल्मों की स्क्रिप्ट हैं। इसमें से एक साउथ डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली की अगली बड़े स्केल की फिल्म है। रिपोर्ट की माने तो वामशी सलमान के साथ एक बड़ी एंटरटेनर फिल्म बना रहे हैं जिसकी हीरोइन नयनतारा हो सकती हैं। सलमान और नयनतारा की जोड़ी फैंस को पसंद आने वाली है। साल 2023 में आई फिल्म जवान में नयनतारा को शाहरुख खान के साथ रोमांस करते हुए देखा था।



## शेरनियों के बिना सिंघम कुछ नहीं: अजय

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपने जीवन की महिलाओं के लिए एक इमोशनल पोस्ट शेयर करके सोशल मीडिया पर सबका दिल जीत लिया। एक्टर ने अपनी पत्नी काजोल, बेटी नीसा देवगन, सासु मां तनुजा और परिवार के बाकी सदस्यों की कुछ खास तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपनी 'शेरनियां' बताया। उनके कैप्शन में लिखा था, 'यह सिंघम अपनी शेरनियों के बिना कुछ भी नहीं है,' इस एक लाइन पर ही उनके चाहने वाले फिदा हो गए हैं। पहली तस्वीर में काजोल, तनीषा मुखर्जी, तनुजा और अजय की मां वीना देवगन के साथ एक प्यारा फैमिली मोमेंट दिखाया गया है। सभी महिलाएं सजी-धजी कैमरे के सामने पोज दे रही हैं, जिनमें प्यार प्यार दिख रहा है। यह तस्वीर परिवार की पीढ़ियों के बीच मजबूत बंधन को दिखाती है।

## टीवी मसाला




### एल्विश ने जिया शंकर को रोमांटिक अंदाज में किया प्रपोज

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव और जिया शंकर की सगाई और शादी की खबरें पिछले काफी वक्त से चर्चा में बनी हुई है। लेकिन अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये दावा किया जा रहा है कि एल्विश ने जिया को प्रपोज किया है। एल्विश के प्रपोजल को जिया ने एक्सेप्ट भी कर लिया है। लेकिन क्या यह सच है? क्योंकि जिया ने पहले बताया था कि उनका एक बॉयफ्रेंड है। तो अब क्या चल रहा है? दरअसल, रियलिटी शो एंगेज्ड सीजन 2 के हालिया एपिसोड में एल्विश ने एक घुटने पर बैठकर, हाथ में लाल गुलाब लेकर जिया को प्रपोज किया। एल्विश ने जिया से पूछा, 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' इस पर जिया ने जवाब दिया, 'मैं तुमसे प्यार करती हूं और तुमसे शादी करूंगी।' दोनों का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके बाद कई फैंस दोनों को बधाई भी दे रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि यह प्रस्ताव शो के लिए रचा गया था। कहानी में आगे क्या होता है, यह जानने के लिए दर्शकों को आगामी एपिसोड का इंतजार करना होगा। इससे पहले फ्री प्रेस जर्नल के साथ बातचीत में जिया शंकर ने अपने बॉयफ्रेंड के बारे में बात की थी। हालांकि, उन्होंने उसका नाम नहीं बताया था। एल्विश के साथ अपनी सगाई की प्रमोशनल पोस्ट से मचे बवाल पर टिप्पणी करते हुए जिया ने कहा था कि उनके परिवार और उनके बॉयफ्रेंड के परिवार दोनों को इस दृश्य की जानकारी थी। इसलिए किसी को आश्चर्य नहीं हुआ।

### पोद्दार हाउस में अभिरा की होगी वापसी

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के पॉपुलर शो में से एक माना जाने वाला ये रिश्ता क्या कहलाता है में अब तक का सबसे बड़ा धमाका होने वाला है. फैंस को शो में इस ट्रैक का काफी दिनों से इंतजार था. ये रिश्ता के लेटेस्ट एपिसोड में देखने को मिला था कि अस्पताल के बेड पर बड़ी दादी सा ने अभिरा से घर वापसी की बात कही थी। दादी सा ने कहा था कि अभिरा के बिना परिवार एकदम अधूरा है. कावेरी पोद्दार की ये सारी बातें अभिरा चुपचाप सुन लेती है. दादी सा अपनी आखिरी इच्छा जाहिर करते हुए कहती हैं कि लड़की वापस आ जा, यही मेरी आखिरी इच्छा है. शो के अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेगा कि अभिरा ना सिर्फ पोद्दार हाउस में वापस आएगी। बल्कि, अपने स्वैग से अरमान और विद्या के भी होश उड़ा देगी. शो का जो लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है उसमें देखने को मिला कि दादी सा अब घर आ चुकी हैं. ऐसे में पोद्दार परिवार के लोग उनके स्वागत में लग जाते हैं। वहीं, अरमान अपनी दादी की आरती उतारता है।



## ऐश्वर्या और अभिषेक ने 'सलाम-ए-इश्क' गाने पर नीता अंबानी संग किया डांस

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और नीता अंबानी का एक वीडियो इंटरनेट पर हर किसी का दिल जीत रहा है। तीनों एक साथ शादी में डांस कर रहे हैं। फैंस के लिए ये पल बेहद खास है। सलमान के गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर तीनों ने जमकर अपने पैर थिरकाए। ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और नीता अंबानी ने एक साथ मिलकर खूब डांस किया है। जी हां, तीनों के डांस के वीडियोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो को देखकर लगता है कि यही आज का सबसे चर्चित विषय है।



मुदित अडानी और अनन्या दीवानजी की शादी में नीता, ऐश्वर्या और अभिषेक के साथ मंच पर आईं और उन्होंने एक यादगार डांस परफॉर्मेंस दी, जिसने सभी लोगों और बाद में इंटरनेट यूजर्स का भी दिल जीत लिया। वीडियो में, तीनों फेमस गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## डायलॉग्स ने किया प्रेरित, बड़े पर्दे पर संवाद बने महिला शक्ति का प्रतीक

*नई दिलली। 'तू खुद की खोज में निकल, तू किस लिए हताश है, तू चल तेरे वजूद की, समय को भी तलाश है।' तापसी पन्नू अभिनीत फिल्म पिंक में तनवीर गाजी की लिखी ये पक्तियां महिला सशक्तीकरण की राह आम स्त्रियों को दिखाती है। इसी तरह कई महिला केंद्रित फिल्मों के संवाद भी महिलाओं को प्रेरित करते हैं, उनकी शक्ति और क्षमता का परिचय दुनिया को करवाते हैं।*

***पिंक ने समझाया ना का असल मतलब*** : साल 2016 में रिलीज हुई तापसी पन्नू स्टारर फिल्म पिंक को अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने निर्देशित किया था। फिल्म का सबसे सशक्त संवाद 'ना का मतलब ना होता है' रहा। यह डायलॉग बताता है कि एक महिला की अस्वीकृति का सम्मान किया जाना चाहिए।

***गुंजन सक्सेना ने सपनों को दी उड़ान*** : साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल' में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। फिल्म में का यह संवाद दुनिया से लड़कर अपने सपनों को पूरा करनी की उम्मीद देता है। एक स्त्री को उसकी क्षमता से वाकिफ करता है।

***दंगल ने दी लैंगिक समानता की सीख*** : साल 2016 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म 'दंगल' में एक पिता अपनी बेटियों को रेसलर बनाता है। दुनिया को बताता है कि गोल्ड मेडल लड़का लाए या लड़की, मेडल तो मेडल होता है। यह फिल्म अपने इसी चर्चित संवाद के जरिए सहजता से लैंगिक समानता की सीख दर्शकों को देती है।



***कभी हार ना मनाने का संदेश देती गंगूबाई काठियावाड़ी*** : संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी(2022)' एक वेश्या की कहानी जरूरी थी। लेकिन इस कहानी में एक स्त्री के कभी ना हार माने की क्षमता को भी बखूबी दिखाया गया। फिल्म पुरुषों को उनका कुरूप चेहरा भी दिखाती है। इस फिल्म के कई डायलॉग मशहूर हुए, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चित यही डायलॉग रहा है।

***थप्पड़ फिल्म ने समझाया स्वाभिमान का महत्व*** : साल 2020 में रिलीज फिल्म थप्पड़ में तापसी पन्नू के किरदार ने घरेलु हिंसा के खिलाफ मुखरता से आवाज उठाई। अनुराग सिन्हा निर्देशित इस फिल्म का यह डायलॉग एक स्त्री को उसके स्वाभिमान के प्रति जागरुक करने का काम करता है।

***लापता लेडीज ने खुद से रूबरू होने की अहमियत बताई*** *: साल 2023 में किरण राव निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाती है। साथ ही महिलाओं अपने लिए जीने की सीख भी देती है। फिल्म का यह एक डायलॉग महिला सशक्तिकरण की बात को बहुत ही सहज और सरल ढंग से कहता है।*

***मैरी कॉम ने ताकत पर भरोसा करना सिखाया*** *: ओमांग कुमार निर्देशित फिल्म 'मैरी कॉम' बॉक्सिंग चैंपियन मैरी कॉम की बायोपिक थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने मैरी कॉम के संघर्ष और बॉक्सिंग चैंपियन बनने की कहानी को बहुत ही बेहतरीन तरीके से पर्दे पर उतारा। फिल्म के कई डायलॉग फेमस हुए लेकिन यह डायलॉग हर महिलाओं को बताता है कि उनके अंदर एक चैंपियन है, जिसे कभी भूल नहीं चाहिए।*

## बॉलीवुड हो या दर्शक इन पर कहीं ना कहीं आज भी हावी है पितृसत्तात्मक सोच

# दमदार कहानी के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर कमजोर पड़ीं महिला केंद्रित फिल्में

*नई दिल्ली। आधी आबादी की उपलब्धियों पर गर्व किया जाता है। देश, समाज में दिए गए योगदान को सराहा जाता है। मगर बात जब सिनेमा की आती है तो निराशा हाथ लगती है। आज भी महिला केंद्रित फिल्में अपने वजूद के लिए संघर्ष कर रही हैं। इस संघर्ष के पीछे कई कारण मौजूद हैं। 'पुरुषों की दुनिया में आगे बढ़ने वाली महिला खास होती है' अमेरिकन सिंगर रिहाना का कहा गया यह कथन हिंदी सिनेमा में अब तक सच नहीं हुआ। 21वीं सदी में आकर भी दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाने वाले बॉलीवुड में महिला केंद्रित कहानी अपने लिए जगह बनाने की कोशिश में लगी हैं। तमाम कोशिशों के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में सफलता से कोसों दूर हैं। ऐसा नहीं है कि महिला कलाकार या निर्देशक सार्थक प्रयास नहीं कर रहे हैं।*

### अस्सी और मर्दानी 3 की पहल गई बेकार

इस साल अब तक दो महिला केंद्रित हिंदी फिल्में रिलीज हुईं, तापसी पन्नू की 'अस्सी' और रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3'। दोनों ही फिल्मों में महिलाओं से जुड़े संवेदनशील विषय को उठाया गया है। फिल्म 'अस्सी' दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध पर बात करती है, वहीं 'मर्दानी 3' बच्चों की तस्करी जैसा मुद्दा उठाती है। दोनों कहानियां भीतर तक झकझोरती हैं। लेकिन, इनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को देखें तो पता चलता है कि दर्शक इनसे दूरी बनाकर चले।


### कमजोर कलेक्शन ने तोड़ दी उम्मीदें

फिल्म 'अस्सी' ने रिलीज के 16वें दिन तक सिर्फ 10 करोड़ रुपये कमाए। वहीं रानी मुखर्जी स्टारर 'मर्दानी 3' ने 37वें दिन तक 50.36 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया है। पिछले साल काजोल की फिल्म 'मां' थिएटर में रिलीज हुई। वहीं ओटीटी पर 'मिसेज' जैसी फिल्म देखने को मिली। हर साल चंद महिला केंद्रित फिल्में ही दर्शकों को देखने को मिलती हैं, ऐसे में सफलता का आंकड़ा भी सीमित है। प्रोड्यूसर अब भी वुमन सेंट्रिक फिल्मों में दावा खेलने से बचते हैं।

### ये हैं प्रमुख कारण

*सवाल है कि सिर्फ इस बात का अफसोस मनाया जाए कि महिला केंद्रित फिल्में दर्शकों को पसंद नहीं है तो हकीकत इसके उल्ट है। दर्शकों के लिए फिल्म सिर्फ फिल्म होती है। कंगना रनौत की फिल्म क्वीन, तनु वेड्स मनु, तापसी पन्नू की पिंक, श्रीदेवी की इंग्लिश विंग्लिश, आलिया भट्ट की राजी और गंगू बाई काठियावाड़ी और लापता लेडीज इस बात उदाहरण हैं। ये फिल्में दर्शकों को खूब पसंद आईं। अपने मैसेज को भी दर्शकों तक बखूबी पहुंचाती हैं। लेकिन, ऐसे कई कारण अब भी मौजूद हैं, जो महिला केंद्रित फिल्मों की राह को मुश्किल बनाते हैं।*

***फीमेल ऑडियंस का थिएटर तक ना पहुंच पाना:*** *आज भी आधी आबादी का एक बड़ा हिस्सा थिएटर तक पहुंच नहीं रखता है। इसके पीछे आर्थिक स्वतंत्रता की कमी एक बड़ी वजह है। महिलाओं का एक बड़ा तबका आज भी आर्थिक रूप से संपन्न होने के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसे में थिएटर पहुंचकर महिला केंद्रित फिल्में देखना, उनकी प्राथमिकताओं में शामिल नहीं हो पाया है।*





***महिला निर्देशकों की कमी:*** *सिनेमा जगत खासकर बॉलीवुड में धीरे-धीरे महिलाएं अभिनय के अलावा कई फील्ड में अपने लिए जगह बना रही हैं। कई महिला निर्देशक हमारे दौर में मौजूद हैं। लेकिन यह संख्या गिनती की है। आज भी महिला केंद्रित फिल्मों को पुरुष निर्देशक बनाते हैं। जब कोई पुरुष महिला विषय पर बात करेगा तो कहीं ना कहीं उतनी संवेदनशीलता पर्दे पर नजर नहीं आएगी जो दिखनी चाहिए। एक स्त्री की भावनाओं को एक स्त्री के नजरिए से जब निर्देशित किया जाएगा तो उसका असर गहरा होगा। गौरी शिंदे की फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश' और किरण राव की 'लापता लेडीज' इस बात का सफल उदाहरण हैं। दोनों फिल्मों में बहुत बारीकी और गहराई से महिलाओं की सोच और भावनाओं को व्यक्त किया गया है।*

***पितृसत्तात्मक सोच का हावी होना*** *: बॉलीवुड हो या दर्शक इन पर कहीं ना कहीं आज भी पितृसत्तात्मक सोच हावी है। एक बड़ा पुरुष वर्ग बड़े पर्दे पर महिला केंद्रित कहानी देखकर असहज हो जाता है। दरअसल, कहानी में पुरुष समाज और पितृसत्ता की सच्चाई वह देखना नहीं चाहते हैं।*

# महिलाओं को नौकरी देने वाली कंपनियों को अतिरिक्त सब्सिडी देगी सरकार : सीएम

## मुख्यमंत्री ने महिला उद्यमिता मंच के हरियाणा चैप्टर का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि हरियाणा में महिलाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों को राज्य सरकार की तरफ से अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिरसा में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला उद्यमिता मंच के हरियाणा चैप्टर की शुरुआत करने के अलावा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की पांचवीं किश्त के 200 करोड़ 77 लाख रुपये , सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कुल 1 हजार 338 करोड़ 61 लाख रुपये तथा हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत 20 करोड़ 21 लाख रुपये पात्र महिलाओं के बैंक खातों में स्थानांतरित किए। उन्होंने स्टार्टअप्स को भी 3 करोड़ रुपये की सीड-मनी के चेक वितरित किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह में सेंड आर्ट शो के माध्यम से महिला सशक्तिकरण व उपलब्धियों की झलक दिखी।



उन्होंने बताया कि सरकार ने इसके लिए बजट में 5 करोड़ रुपये की लागत से एक वर्कप्लेस सेफ्टी फंड बनाने का प्रावधान किया है। इसके साथ ही एक पोश सेल और एक विशाखा पोर्टल भी बनाया जाएगा।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 11 वर्ष पहले पानीपत की ऐतिहासिक धरती से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत करने पर आभार जताते हुए कहा कि लिंगानुपात वर्ष 2014 में 871 था, वह अब 923 हो गया है। और आज हरियाणा बेटियों को आगे बढ़ाने वाले प्रदेश के रूप में जाना जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने पानीपत की धरा से ही 9 दिसंबर, 2024 को प्रधानमंत्री बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया था ।

### महिला उद्यमिता मंच से मिलेगा बढ़ावा

उन्होंने कहा कि महिला उद्यमिता मंच नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स की संख्या 61 प्रतिशत करने में कारगर सिद्ध होगा। आज 16 उद्यमशील माताओं-बहनों को स्टार्टअप हेतु दी जाने वाली मदद के चेक वितरित किएहैं। साथ ही, महिला उद्यमियों के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई है। यह मंच उन बहनों के लिए एक वरदान साबित होगा, जो स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह मंच महिलाओं को बाजार की नई तकनीक और मार्केटिंग की बारीकियों से रूबरू कराएगा। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को इस महिला उद्यमिता मंच जुडकर इसका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

### नमो ड्रोन दीदी योजना में पांच हजार को दिया प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत 500 स्वयं सहायता समूह की 5 हजार महिलाओं को प्रशिक्षण मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। सांस्कृतिक रूप से भी महिलाओं को जोडने के लिए प्रदेशभर में महिला सांस्कृतिक केंद्र खोले जा रहे हैं। अब तक 500 सांस्कृतिक केंद्र खोले गए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने भी इस अवसर पर महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि जब तक महिला सशक्त नहीं होगी तब तक समाज सशक्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन नंबर, एनिमिया-मुक्त अभियान जैसे कार्यक्रमों से सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। इस अवसर पर विधायक श्री गोकुल सेतिया ने भी विचार रखे। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक यश गर्ग ने विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दी।

---

# बाइक के पहिए में फंसा साड़ी का पल्लू, महिला शिक्षिका की हुई दर्दनाक मौत

## बेटे के साथ स्कूल जा रही थी महिला, सिर में आई थी गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



खैरागढ़ के किल्लापारा में सामने आए हादसे में महिला शिक्षिका की उपचार के दौरान मौत हो गई। बता दें कि शनिवार सुबह महिला बाइक में सवार होकर बेटे के साथ स्कूल जा रही थी। तभी साड़ी का पल्लू बाइक के पिछले चक्के में फंसने से महिला गिर गई।

हादसे में सिर में गंभीर चोट लगने के कारण महिला की हालत बेहद नाजुक थी। एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय मर्सी बचईया मूलतः बैगाडेरा दल्ली की निवासी थीं और वर्तमान में दाऊचौरा में रहती थीं। वे अमलीपारा स्थित निजी स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थीं। बताया जाता है कि शनिवार सुबह करीब 9 बजे वे अपने पुत्र रॉबी बचईया के साथ दोपहिया वाहन से स्कूल जा रही थीं। इसी दौरान किल्लापारा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के पास अचानक उनकी साड़ी का पल्लू बाइक के पिछले पहिए में फंस गया, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में उनके सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। विशेष रूप से सिर के बाएं हिस्से में गहरी चोट लगने से उनकी हालत बेहद नाजुक हो गई थी।

## रंग लगाते समय बढ़ा विवाद, चार लोगों ने की दो युवकों की हत्या

जगदलपुर। नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम कलचा में बीती रात रंग गुलाल लगाने पर हुए विवाद में चार युवकों ने 2 युवकों की चाकू से वार कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने कुछ घंटे के अंदर ही चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग ने बताया कि बीती रात कलचा में दो युवकों के घर में गांव के ही चार युवक गुलाल लगाने पहुंचे। गुलाल लगाने पर विवाद बढ़ गया। चारों युवकों ने अपने पास रखे चाकू से दोनों युवक उमेश बघेल 23 वर्ष

**पुलिस ने किया चारों आरोपियों को गिरफ्तार, जांच जारी**

निवासी निवासी साडगुड आमगुड़ा पारा थाना बोघघाट जिला बस्तर व रोहित बघेल परशुराम 17 वर्ष निवासी सरगुन आमागुड़ा थाना बोधघाट के ऊपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों ने नगरनार पुलिस को दी। पुलिस ने रात में ही टीम तैयार कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। रात में ही आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शवों के कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

---

## खबर संक्षेप

### शनिवार को ड्यूटी करानी है तो देना होगा ओवरटाइम

**भोपाल।** कुक्कुट विकास निगम के प्रबंध संचालक के द्वारा प्रत्येक शनिवार को शासकीय अवकाश के दिन कार्यालय आने के निर्देश जारी किए गए हैं। जो सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों ओर निर्देश के विपरीत है। संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा है कि संविदा कर्मचारी कार्य करने में पीछे नहीं है लेकिन प्रत्येक शनिवार को बुलाया जाना उचित नहीं है। यदि कुक्कुट विकास निगम के अधिकारी प्रत्येक शनिवार को बुलाना चाहते हैं तो कर्मचारियों को प्रत्येक घंटे के हिसाब ओवरटाइम का भुगतान करें। संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा है कि यदि तानाशाही आदेश वापस नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। संविदा कर्मचारी को उनके अतिरिक्त कार्य का उचित भुगतान मिलना ही चाहिए।

### भाजपा ने बढ़ाई अपनी सोशल मीडिया टीम, 13 संभाग में प्रभारी नियुक्त

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी मप्र ने अपनी सोशल मीडिया टीम में इजाफा करते हुए 13 संभागों में प्रभारियों की नियुक्ति की है। सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी ने सोशल मीडिया के संभाग प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की घोषणा करते हुए इनकी सूची जारी की है। जारी सूची के अनुसार, भोपाल संभाग में मधुर शर्मा को संभाग प्रभारी और आयुष साहू को सह संभाग प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा उज्जैन में आशुतोष राठौर को संभाग प्रभारी और अभी जाट को सह संभाग प्रभारी, जबलपुर में अमन शर्मा को संभाग प्रभारी और अर्पण मैद को सह संभाग प्रभारी, ग्वालियर में विवेक शर्मा को संभाग प्रभारी एवं आदित्य पवैया को सह संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं इंदौर में संभाग प्रभारी अंकित परमार एवं दीवपक बागवान को सह संभाग प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल सहित 13 संभागों में नियुक्तियां की गई हैं।

---

## विदिशा जिले में प्रदेश की पहली जिला स्तरीय फिंगर प्रिंट लैब का हुआ शुभारंभ

# सीएम डॉ. मोहन ने कहा, किसानों के हर खेत तक पहुंचेगा सिंचाई के लिए पानी

- *प्रदेश में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम नव्या का विदिशा से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुआ शुभारंभ*
- *राहवीर विदिशा नि:शुल्क एप विकसित करने वाले युवाओं को मिले प्रमाण-पत्र*
- *विदिशा पुलिस को उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला आईएसओ सर्टिफिकेशन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। प्रत्येक खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। केन-बेतना नदी जोड़ो परियोजना, पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना सहित आधुनिक सिंचाई परियोजनाओं से सिंचाई का रकबा तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 2 वर्ष में ही प्रदेश में सिंचाई का रकबा 10 लाख हेक्टेयर बढ़ा है। प्रदेश की 55 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हो रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को शमशाबाद में कृषक हितग्राही सम्मेलन और विकास कार्यों के भूमि-पूजन एवं लोकर्पण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार वर्ष 2028 तक किसानों को गेहूं की 2700 रुपए कीमत दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है।



### विदिशा जिले को केन-बेतवा नदी परियोजना का पूरा लाभ मिलेगा



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार के प्रयासों से विदिशा जिले को केन-बेतवा नदी परियोजना का पूरा लाभ मिलेगा। अब किसानों को दिन में भी सिंचाई के लिए बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। हमारे लिए खेतों में किसान और सीमा पर जवान दोनों बराबर है। मुख्यमंत्री ने विदिशा में प्रदेश की पहली जिला स्तरीय फिंगर प्रिंट लैब का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गौमाता के संरक्षण और पशुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए बड़ी गौशालाएं स्थापित की जा रही हैं। शमशाबाद में भी एक बड़ी आदर्श गौशाला बनाई जाएगी।

### कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम नव्या शुरू

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में विदिशा से कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम 'नव्या' की शुरुआत की गई है। यह योजना देश के 9 राज्यों के 27 जिलों में लागू की गई है। विदिशा प्रदेश का इकलौता जिला है, जो योजना में शामिल है। इसके माध्यम से 10 वीं पास बहनों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राज्य सरकार लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए की सौगात दे रही है और यह राशि धीरे-धीरे बढ़ती जाएगी। प्रदेश में भव्य सांदीपनि विद्यालय बनाए जा रहे हैं, जहां विद्यार्थियों को सर्वगुण संपन्न बनाया जाएगा। शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को लैपटॉप, साइकिल, किताबें और ड्रेस उपलब्ध करवाई जा रही हैं।*

### हितग्राहियों को हितलाभ वितरित

*राज्य सरकार ने शासकीय गौशालाओं के लिए प्रति गाय अनुदान राशि 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए कर दी है। सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है, इसके तहत 25 गाय पालने पर सरकार ने 10 लाख रुपए का अनुदान प्रदान करने का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शमशाबाद के लोगों के आत्मीय स्वागत से अभिभूत हूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री नरवाई प्रबंधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा, मुद्रा योजना, कृषि यंत्र, पशुधन, खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। उन्होंने विदिशा जिले के समग्र विकास के लिए 163 करोड़ रुपए की सौगात दी। लगभग 60 करोड़ लागत के 41 विकास कार्यों के लोकार्पण किए, जिसमें कुरवाई का सांदीपनि विद्यालय भी शामिल है। 104.56 करोड़ की 56 नवीन विकास परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया गया। मुख्यमंत्री ने राज्य के बजट में विदिशा को 116 करोड़ की नई सड़कों की सौगात मिली है।*

---

### 3 हजार करोड़ की लागत के बनेगा मार्ग, इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में विकास के नए युग का होगा सूत्रपात

# इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड परियोजना सरकार किसान के बीच विश्वास की बनेगी मिसाल



**मुख्यमंत्री का सांवेरवासियों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर किया आभार व्यक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड के किसानों के हित में जमीनी स्तर पर मार्ग निर्माण को स्वीकृति और उचित मुआवजे की व्यवस्था किए जाने पर इंदौर जिले के सांवेर क्षेत्र के निवासियों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री को पगड़ी और बड़ी माला पहनाकर उनका अभिवादन किया गया।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास पधारे सभी लोगों को होली और रंगपचमी की बधाई दी। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 3 हजार करोड़ रुपए की लागत से इंदौर और उज्जैन के बीच बनने वाली सड़क से इंदौर और उज्जैन का सफर सवा घंटे की जगह आधे घंटे का रह जाएगा। दोनों शहरों के बीच तेज कनेक्टिविटी से क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। स्थानीय स्तर पर उद्योग, लॉजिस्टिक पार्क, किसानों को मण्डियों तक पहुंच और व्यापारियों तथा उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा। यह मार्ग, देश के व्यापार व्यवसाय के लिए भी महत्वपूर्ण है। देश के प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केंद्रो के बीच इस मार्ग से यात्रा सुगम और कम समय में होगी। परिणामस्वरूप आवागमन बढ़ेगा और देश में इंदौर-उज्जैन क्षेत्र का महत्व और अधिक बढ़ेगा।

### मार्ग से इंदौर के 20 और उज्जैन के 6 गांव लाभान्वित होंगेः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पारम्परिक और ऐतिहासिक रूप से इंदौर और उज्जैन के बीच इस मार्ग का ही उचित उपयोग होता था। इस मार्ग से इंदौर के 20 और उज्जैन के 6 गांव लाभान्वित होंगे। सिंहस्थ के लिए भी यह मार्ग सुविधाजनक और उपयोगी होगा। इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में विकास की दृष्टि से नए युग का सूत्रपात हो रहा है। राज्य सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि है। किसानों के सुझावों के अनुसार इस मार्ग का निर्माण कराना और उसके लिए उचित मुआवजे की व्यवस्था करना इस बात का परिचायक है कि सरकार जो कहती है, वह करके दिखाती है। यह परियोजना किसान और सरकार के बीच विश्वास की मिसाल बनेगी।*

---

# आपराधिक मामलों में फरार चल रहे आधा दर्जन आरोपियों पर पांच-पांच हजार का इनाम घोषित

## अवैध ऑनलाइन सट्टे पर नकेल कसने उठाया सख्त कदम, सट्टा कारोबारियों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिले में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के खिलाफ पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। सिविल लाइन थाना में दर्ज अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे छह आरोपियों पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

यह पहली बार है, जब जिले के चर्चित सट्टा संचालकों पर इस तरह इनाम घोषित किया गया है, जिससे सट्टा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा और सट्टापट्टी के अवैध कारोबार पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार, ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने के मामले में आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे हैं और गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाने बदल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं।



### संभावित ठिकानों पर दी जा रही दबिश

नगर पुलिस अधीक्षक निमितेश सिंह के अनुसार क्रिकेट सट्टा संचालित करने के मामलों में इन फरार आरोपियों की तलाश लगातार की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। सूचना देने वाले को 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। सट्टा कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### सट्टेबाजों की संपत्ति का रिकॉर्ड भी खंगाल रही पुलिस

*जिले में सट्टे के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने पहले ही सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों की संपत्ति का रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस टीम सट्टेबाजों की चल-अचल संपत्तियों की जानकारी जुटा रही है, ताकि अवैध कमाई से बनाई गई संपत्ति पर भी आगे कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों के मुताबिक आने वाले समय में सट्टा कारोबार पर और सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। फरार आरोपियों में सागर चेतवानी पिता हरिराम उम्र 37 वर्ष निवासी दुबे गली शिवघाट पुराना सरकंडा, वर्तमान निवासी रामवैली चकरभाठा, रोहित पंजवानी पिता नारायण दास उम्र 36 वर्ष निवासी चकरभाठा कैम्प नगर पंचायत बोदरी थाना चकरभाठा, राजेश उर्फ राजा बजाज पिता किशन बजाज उम्र 31 वर्ष निवासी गार्डन सिटी मोपका रोड राजकिशोर नगर, प्रकाश पंजवानी पिता हरिराम पंजवानी उम्र 37 वर्ष निवासी सांई भूमि तोरवा, सोमू उर्फ अभिजीत दुबे पिता सतीश दुबे उम्र 38 वर्ष निवासी मिलन चौक कुदुदंण्ड, राज चेतानी पिता दिलीप चेतानी उम्र 35 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी थाना सिविल लाईन शामिल हैं।*

---

### एसजीटी यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय मंथन में जुटे देश विदेश के चिंतक



# देश के वैज्ञानिक भविष्य की मजबूत आधारशिला है रामानुजन की विरासत

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम स्थित श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राई सेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटीयू) में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन हुआ। विद्वानों ने एकमत से कहा कि रामानुजन की विरासत केवल भारत के अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि देश के वैज्ञानिक भविष्य की मजबूत आधारशिला भी है। सम्मेलन भारत में समकालीन गणितीय विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। एसजीटीयू, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज और शिक्षा संस्कृति न्यास के संयुक्त प्रयास व सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य विषय "रामानुजन की विरासत और उससे भविष्य की पीढ़ियों को मिलने वाली प्रेरणा" रहा।सम्मेलन ने "द मैन हू न्यू इन्फिनिटी" के नाम से विख्यात रामानुजन की ऐतिहासिक प्रतिभा को 21वीं सदी की उन्नत कम्प्यूटेशनल चुनौतियों से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास किया।दूसरे दिन सुबह का सत्र विश्वविद्यालय के रवींद्रनाथ टैगोर ब्लॉक में आयोजित हुआ, जिसमें देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने रामानुजन की प्रसिद्ध नोटबुक्स के गूढ़ गणितीय पक्षों पर चर्चा की। डॉ कृष्णन राजकुमार (जवाहर लाल विश्वविद्यालय) ने अपने व्याख्यान में रामानुजन के टेलिस्कोपिंग कंटीन्यूड फ्रैक्शंस के कार्य को 14वीं सदी के केरल के महान गणितज्ञ माधवा आफ संगमग्रामा (माधवाचार्य के नाम से मशहूर) से जोड़ते हुए ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत किया।इसी क्रम में डॉ गजेन्द्र प्रताप सिंह (जेएनयू ने रामानुजन के संयोजनात्मक गणित की अद्भुत शक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पार्टिशन और जनरेटिंग फंक्शन्स पर रामानुजन का कार्य आज ग्राफ स्पेक्ट्रा, डेटा साइंस और नेटवर्क थ्योरी जैसे आधुनिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

सत्र का एक विशेष आकर्षण डॉ गौरव भटनागर ( अशोका यूनिवर्सिटी) का व्याख्यान रहा। रामानुजन और लॉग डेरिवेटिव्स पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि रामानुजन की प्रतिभा कोई दुर्लभ वरदान नहीं थी, बल्कि पैटर्न पहचानने की असाधारण क्षमता थी जिसे समर्पित विद्यार्थी भी विकसित कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित को स्थिर विषय नहीं बल्कि एक निरंतर विकसित होती तार्किक प्रक्रिया के रूप में देखने की प्रेरणा दी।

---

## संपदा 2.0 और साइबर पंजीयन कार्यालय से कहीं से भी होगा दस्तावेजों का फेसलेस पंजीयन

### हर साल 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक राजस्व

# डिजिटल पंजीयन में मप्र ने रचा इतिहास, देश का पहला पूर्ण पेपरलेस ई-रजिस्ट्रेशन सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में पंजीयन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने संपदा 2.0 प्रणाली से दस्तावेजों का पूर्णतः पेपरलेस ई-पंजीयन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित यह व्यवस्था नागरिकों को त्वरित सेवाएं देने के साथ-साथ प्रशासन में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करेगी। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग राज्य के प्रमुख राजस्व अर्जित करने वाले विभागों में शामिल है। प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 16 लाख दस्तावेजों का पंजीयन किया जाता है, जिससे 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है। विभाग की वेब आधारित संपदा प्रणाली के माध्यम से ई-पंजीयन और ई-स्टाम्पिंग की सुविधा प्रदान कर पूरी प्रक्रिया को एंड-टू-एंड इलेक्ट्रॉनिक बनाया गया है।

### पेपरलेस और डिजिटल पंजीयन में मप्र देश का पहला



संपदा 2.0 के माध्यम से दस्तावेजों का पूर्णतः पेपरलेस और डिजिटल पंजीयन संभव हुआ है। यह व्यवस्था लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। इस प्रणाली में कोई भी व्यक्ति कहीं से भी ई-स्टाम्प तैयार कर सकता है। साथ ही संपत्ति की पहचान भू-अभिलेख और नगरीय प्रशासन के डेटाबेस से की जाती है तथा संपत्ति की जियो-टैगिंग भी की जाती है, जिससे संपत्ति संबंधी विवादों में कमी आएगी।

### प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन किया

*कृषि भूमि के पूर्ण अंतरण के बाद सायबर तहसील के माध्यम से स्वतः नामांतरण की सुविधा भी शुरू की गई है, वहीं कलेक्टर ऑफ स्टाम्प न्यायालय की प्रक्रिया को भी पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। ई-गवर्नेंस को और मजबूत बनाने के लिए भोपाल स्थित महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय में सायबर पंजीयन कार्यालय स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से लगभग 75 प्रकार के दस्तावेजों का फेसलेस पंजीयन किया जा सकेगा। सायबर सब-रजिस्ट्रार राज्य के किसी भी जिले के दस्तावेजों का ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे।*

### आधार आधारित वीडियो केवाईसी अनिवार्य

*फेसलेस पंजीयन प्रक्रिया में पक्षकारों के लिए आधार आधारित वीडियो केवाईसी करना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों के डिजिटल निष्पादन के बाद उन्हें ऑनलाइन साइबर उप-पंजीयक के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इससे नागरिकों को उप पंजीयक कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं रहेगी। नई व्यवस्था के तहत लीज, मॉर्टगेज, डी-मॉर्टगेज, संपत्ति में पत्नी या बेटी का नाम जोड़ने और मुख्तियारनामा जैसे दस्तावेज अब कहीं से भी ऑनलाइन तैयार कर पंजीकृत किए जा सकते हैं। डिजिटल तकनीक के उपयोग से मध्यप्रदेश ने ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है और यह व्यवस्था सेवाओं को और अधिक पारदर्शी तथा भरोसेमंद बनाएगी।*

# राष्ट्रपति की गरिमा सर्वोपरि इस पर राजनीति ठीक नहीं

भारत के लोकतंत्र में राष्ट्रपति का पद केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र की सर्वोच्च गरिमा, संवैधानिक मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। यही कारण है कि इस पद को सदैव राजनीति से ऊपर रखा गया है, लेकिन पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हालिया दौरे के दौरान जो घटनाक्रम सामने आया है, उसने न केवल प्रोटोकॉल की गंभीर अनदेखी को उजागर किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि राजनीतिक कटुता किस तरह संवैधानिक मर्यादाओं पर भारी पड़ सकती है। राष्ट्रपति 7 मार्च को सिलीगुड़ी के फांसीदेवा क्षेत्र में आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में भाग लेने पहुंची थीं। यह कार्यक्रम आदिवासी समाज की सांस्कृतिक अस्मिता और परंपराओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन था। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का इस कार्यक्रम में शामिल होना स्वयं में एक ऐतिहासिक और प्रेरक क्षण था। यह न केवल आदिवासी समाज के सम्मान का विषय था, बल्कि यह भी संदेश देता था कि भारतीय लोकतंत्र अपने हाशिए पर खड़े समाजों की संस्कृति और पहचान को महत्व देता है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि इस अवसर की गरिमा को वह सम्मान नहीं मिल सका, जिसकी अपेक्षा की जाती है। राष्ट्रपति के राज्य आगमन पर सामान्य प्रोटोकॉल यह कहता है कि मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई वरिष्ठ मंत्री स्वागत के लिए उपस्थित हो। यह परंपरा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि संवैधानिक शिष्टाचार और लोकतांत्रिक संस्कार का हिस्सा है। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल में न तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राष्ट्रपति को रिसीव करने पहुंचीं और न ही राज्य सरकार का कोई मंत्री वहां मौजूद रहा। यही नहीं, कार्यक्रम स्थल को अंतिम समय में बदल दिया गया और नया स्थान इतना छोटा था कि अनेक लोग आयोजन में शामिल ही नहीं हो सके। राष्ट्रपति ने भी इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि बंगाल सरकार आदिवासियों के हितों को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं,ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया ने विवाद को और बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति का सम्मान करती हैं, लेकिन वे यहां 50 बार आएं तो हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। एक तो गलती करना और ऊपर से अनर्गल बयानबाजी और कुतर्क देकर खुद का बचाव करना एक मुख्यमंत्री की गरिमा के खिलाफ है। असल में यह मामला केवल एक कार्यक्रम या प्रोटोकॉल की चूक का नहीं है। यह उस राजनीतिक मानसिकता का दर्पण है, जिसमें कभी-कभी संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान को भी दलगत चश्मे से देखा जाने लगता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। राष्ट्रपति का पद दलों और सरकारों से ऊपर होता है। यह पूरे राष्ट्र की एकता और संविधान की सर्वोच्चता का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे अवसर पर यदि राज्य सरकार की ओर से संवेदनशीलता और गरिमा का अभाव दिखाई देता है, तो यह केवल प्रोटोकॉल की चूक नहीं बल्कि एक गलत संदेश भी देता है। कुल मिलाकर यह स्पष्ट होना चाहिए कि राष्ट्रपति का पद किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा और संविधान की सर्वोच्चता का प्रतीक है। इस पद की मर्यादा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। यदि हम अपने सर्वोच्च संवैधानिक पद के प्रति भी संवेदनशील नहीं रहेंगे, तो लोकतंत्र की मर्यादा और परंपरा दोनों ही कमजोर पड़ने लगेंगी।



मुद्दा
उज्ज्वल दीपक

# दुनिया को 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' की जरूरत

शायद अब वो वक्त आ चुका है, जब सारे देश संयुक्त राष्ट्र से परे समानों में एक की भूमिका निभाते हुए विचार-विमर्श करें और दुनिया को एक 'नई वैश्विक अव्यवस्था और अनिश्चितता' से बाहर निकालकर एक 'नई वैश्विक व्यवस्था' की ओर ले जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम है, इस बैठक का नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मित्रता और विभिन्न देशों के प्रवास में यह विश्वास अर्जित किया है और पूरा विश्व उनके बुलावे पर विश्व शान्ति के लिए 2026 में नई दिल्ली में 1945 का 'नया ब्रेटन वुड्स' कांफ्रेंस करने को सहर्ष तैयार हो जाएगा, जिसे 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' के रूप में पुकारा जा सकता है।

द्वितीय विश्व युद्ध (1944) जब खत्म भी नहीं हुआ था, तब अमेरिका के न्यू हैम्पशायर राज्य के माउंट वाशिंगटन होटल, ब्रेटन वुड्स में एक ऐतिहासिक बैठक की गई, जिसे 'ब्रेटन वुड्स कांफ्रेंस' कहा जाता है। इस कांफ्रेंस में 44 मित्र देशों के प्रतिनिधियों ने साथ बैठकर यह समझने की कोशिश की कि युद्ध समाप्त होने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था को कैसे स्थिर बनाया जाए। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बीच के दौर में दुनिया ने कई गंभीर आर्थिक संकट देखे थे। देशों के बीच मुद्राओं का लगातार अवमूल्यन हो रहा था, कई देशों ने संरक्षणवादी व्यापार नीतियां अपनाईं, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार कमजोर हुआ और महामंदी जैसी अभूतपूर्व आर्थिक तबाही देखी गई।

कई इतिहासकारों का मानना है कि इस आर्थिक अव्यवस्था से उत्पन्न परिस्थितियां द्वितीय विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि तैयार करने में महत्वपूर्ण कारण बनीं। इस कांफ्रेंस में ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व किया प्रसिद्ध अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स ने, अमेरिका का प्रतिनिधित्व किया अमेरिकी ट्रेजरी के अधिकारी हैरी डेक्सटर व्हाइट ने और दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक। इनके माध्यम से वैश्विक वित्तीय व्यवस्था को स्थिर करने और युद्धग्रस्त देशों के पुनर्निर्माण की योजना बनाई गई। इसी दौर में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना भी हुई, जिसका उद्देश्य था देशों के बीच संवाद बनाए रखना और भविष्य के युद्धों को रोकना। यहां गौर करने वाली बात यह है कि तीनों संस्थाओं का मुख्य कार्यालय अमेरिका में ही स्थापित किया गया, जिससे अमेरिका की प्रभुता स्थापित हुई और आज शायद इसी वजह से बाकी सारे देश कहीं ना कहीं अमेरिका पर निर्भर हैं। अमेरिका के पूरे विश्व पर आर्थिक वर्चस्व की भूमिका भी यहीं तैयार की गई। जब एक अमेरिकी ट्रेजरी अधिकारी के सामने ब्रिटेन के महान अर्थशास्त्री कमजोर पड़े और यह तय किया गया कि वैश्विक मुद्रा व्यवस्था को स्थिर रखने के लिए दुनिया की अधिकांश मुद्राओं को अमेरिकी डॉलर से जोड़ा जाए, और अमेरिकी डॉलर को सोने से जोड़ा जाए, जिसकी कीमत उस समय 35 डॉलर प्रति औंस तय की गई। तीन सप्ताह के कांफ्रेंस ने तीन दशकों (1945 से 1971) तक दुनिया को कई महत्वपूर्ण स्थिरताएं दीं। वैश्विक स्तर पर विनिमय दरों में स्थिरता बनी रही, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का तेजी से विस्तार हुआ, द्वितीय विश्व युद्ध से तबाह हुए यूरोप और जापान के पुनर्निर्माण में मदद मिली और दुनिया ने कई दशकों तक लगातार आर्थिक विकास का दौर देखा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि इस व्यवस्था ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को संस्थागत रूप दिया। पहले जहां देश आर्थिक प्रतिस्पर्धा और मुद्रा युद्ध में उलझे रहते थे, वहीं अब विवादों को बातचीत और तय नियमों के माध्यम से सुलझाने की कोशिश होने लगी। हालांकि यह व्यवस्था हमेशा के लिए नहीं टिक सकी। 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने डॉलर को सोने में बदलने की व्यवस्था समाप्त कर दी। इसके साथ ही स्थिर विनिमय दरों पर आधारित ब्रेटन वुड्स प्रणाली धीरे-धीरे समाप्त हो गई। इसके बाद दुनिया ने फ्लोटिंग करेंसी सिस्टम यानी बाजार आधारित विनिमय दरों को अपनाया। इसके बावजूद अमेरिकी डॉलर की वैश्विक



वर्चस्व वाली भूमिका बनी रही और वह आज भी दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा के रूप में कायम है। इससे वैश्विक वित्तीय प्रणाली को एक तरह की स्थिरता तो मिलती है, लेकिन साथ ही इससे अमेरिका को असामान्य रूप से अधिक आर्थिक और रणनीतिक शक्ति भी मिल जाती है। आज, लगभग अस्सी साल बाद, वही ढांचा कई जगह कमजोर पड़ता दिखाई देता है।

दुनिया इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां अनिश्चितता और तनाव, युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, महामारी की आशंका और कमजोर पड़ती वैश्विक संस्थाएं एक साथ दिखाई दे रही हैं। मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष ने चिंता को और गहरा कर दिया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर बना दिया है। यह संकट केवल सैन्य टकराव तक सीमित नहीं है। आज के दौर में युद्ध कई रूपों में लड़ा जा रहा है। ट्रेड वॉर और टैरिफ की राजनीति, आर्थिक प्रतिबंध, वित्तीय दबाव, बैंकिंग व्यवस्था से बाहर करना और व्यापारिक प्रतिबंध भी अब कूटनीति के प्रमुख हथियार बन चुके हैं। अगर यह प्रवृत्ति बढ़ती है तो दुनिया धीरे-धीरे अलग-अलग आर्थिक खेमों में बंट सकती है।

इतिहास बताता है कि जब आर्थिक व्यवस्था टूटती है तो राजनीतिक टकराव और भी गहरा हो जाता है। इसी बीच एक और महत्वपूर्ण सवाल वैश्विक संस्थाओं की भूमिका को लेकर उठ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना शांति बनाए रखने के उद्देश्य से हुई थी, लेकिन आज कई अंतरराष्ट्रीय संकटों में वह प्रभावी हस्तक्षेप करने में असमर्थ दिखाई देता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संरचना भी 1945 की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को दर्शाती है, न कि 2026 की दुनिया को। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में मताधिकार और निर्णय शक्ति का ढांचा अभी भी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की परिस्थितियों को दर्शाता है। यही वह संदर्भ है जिसमें कई विशेषज्ञ अब 'नए ब्रेटन वुड्स' की बात कर रहे हैं। उनका मानना है कि जिस तरह 1944 में दुनिया ने मिलकर नई वैश्विक आर्थिक व्यवस्था बनाई थी, उसी तरह आज भी वैश्विक संस्थाओं और नियमों की व्यापक समीक्षा की जरूरत है। एक नया वैश्विक सम्मेलन कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा का मंच बन सकता है।

प्रसिद्ध इतालवी चिंतक निकोलो माकियावेली ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'द प्रिंस' में एक दिलचस्प बात कही थी। उनका मानना था कि जब दो शक्तिशाली मित्र राष्ट्र आपस में संघर्ष में उतर जाएं, तो किसी तीसरे देश के लिए लंबे समय तक तटस्थ बने रहना कठिन होता है। पाँच सौ साल पहले लिखी गई यह बात आज की वैश्विक राजनीति में एक नए संदर्भ के साथ सामने आती है। वर्तमान समय में भारत भी कुछ हद तक ऐसी ही कूटनीतिक दुविधा का सामना कर रहा है। सवाल यह नहीं है कि दुनिया को बदलाव की जरूरत है या नहीं ? असली सवाल यह है कि क्या वैश्विक नेतृत्व समय रहते उस बदलाव के लिए तैयार होगा ? क्योंकि इतिहास का एक सबक बहुत स्पष्ट है, जब संस्थाएं कमजोर पड़ती हैं, तब संघर्ष मजबूत हो जाता है। शायद अब वो वक्त आ चुका है, जब सारे देश संयुक्त राष्ट्र से परे समानों में एक की भूमिका निभाते हुए विचार-विमर्श करें और दुनिया को एक 'नई वैश्विक अव्यवस्था और अनिश्चितता' से बाहर निकालकर एक 'नई वैश्विक व्यवस्था' की ओर ले जाएं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम है, इस बैठक का नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मित्रता और विभिन्न देशों के प्रवास में यह विश्वास अर्जित किया है और पूरा विश्व उनके बुलावे पर विश्व शान्ति के लिए 2026 में नई दिल्ली में 1945 का 'नया ब्रेटन वुड्स' कांफ्रेंस करने को सहर्ष तैयार हो जाएगा, जिसे 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' के रूप में पुकारा जा सकता है।

( लेखक भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# पश्चिमी एशिया में युद्ध से निर्मित निर्यात चुनौतियां

हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध से प्रभावित भारतीय निर्यातकों को राहत देने के लिए काम कर रही है। इन दिनों निर्यातक रसद संबंधी चुनौतियों के अलावा घरेलू बंदरगाहों पर पश्चिम एशिया जाने वाले कार्गो के अटकने से खड़े होने वाले संकट के प्रति आगाह कर रहे हैं। 7 मार्च को थिंक टेक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण भारत के करीब 11.8 अरब डालर मूल्य के कृषि निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, यह भारत के द्वारा पिछले वर्ष किए गए कुल कृषि निर्यात का करीब 21.8 प्रतिशत है। ऐसे में सरकार अपने निर्यातकों को राहत देने के कुछ ठोस तरीके अपनाने की डगर पर आगे बढ़ी है। सरकार ने तत्परतापूर्वक युद्ध से निर्मित हालात से भारतीय निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव पर निर्यात से संबंधित सरकारी मंत्रालयों, निर्यातकों के संगठन, लॉजिस्टिक संचालकों और शिपिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों की विशेष बैठक में विचार मंथन के बाद बहुमंत्रालयी सहायता डेस्क सहित निर्यातकों को हरसंभव सहयोग-प्रोत्साहन दिया जाना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध के बीच ईरान के द्वारा वैश्विक शिपिंग रूट होर्मुज स्ट्रेट बंद कर दिया गया है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल, करीब 20 फीसदी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) और खाद्य उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस जलमार्ग के बंद हो जाने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित होने लगी है। चूंकि कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब 40 प्रतिशत कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता के साथ निर्यात चुनौती निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ाते हुए दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि 7 मार्च को कच्चे तेल की कीमत करीब 91 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई है। युद्ध के लंबा खींचने पर कच्चे तेल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है और इससे पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे और इससे भारत से निर्यात घटने और व्यापार घाटा बढ़ने की चुनौती गहराते हुए दिखाई देगी।च इस युद्ध से सीधे तौर पर जुड़े हुए अमेरिका, इजराइल और ईरान सहित युद्ध से प्रभावित पश्चिम एशियाई और यूरोपीय देश भी भारत के लिए निर्यात के प्रमुख बाजार हैं, ऐसे में भारत के निर्यातकों की चिंताएं बढ़ गई हैं। पश्चिम एशिया जाने वाला माल भारत के घरेलू बंदरगाहों पर जमा होने लगा है। शिपिंग कंपनियां चालक दल, कार्गो और जहाजों की सुरक्षा को देखते नए निर्यात आदेश नहीं ले रही हैं। ऐसे में खासतौर से पश्चिम एशिया के देशों में निर्यात घटने की आशंका है। भारत ने इस वित्तीय वर्ष 2025- 26 में अप्रैल से दिसंबर की अवधि में पश्चिम एशिया के 13 देशों को करीब 50 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया, जो भारत के कुल निर्यात का करीब 15 फ़ीसदी है। इन विभिन्न देशों में भारत से होने वाले खाद्य उत्पाद, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग सामान, बासमती चावल, चाय, मशीनरी, फार्मास्युटिकल्स, रत्न-आभूषण,प्लास्टिक और रबर जैसे क्षेत्रों में निर्यात प्रभावित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में भारत को द्वपिक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ लेते हुए निर्यात को हरसंभव तरीके से बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। अब घरेलू ढांचागत सुधारों के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। इस हेतु देश में नियमों और नियामक संस्थाओं के कामकाज में मूलभूत बदलाव की जरूरत है। कर सुधारों को और गहराई देने के साथ जीएसटी प्रणाली को प्रभावी बनाना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार ईरान और इजराइल-अमेरिका के विस्तारित होते हुए युद्ध की वजह से भारत के समक्ष दिखाई दे रही निर्यात चुनौतियों से निपटने और निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर विभिन्न देशों के साथ भारत के व्यापार समझौतों के अधिकतम लाभ हेतु गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और नए सुधारों की राह पर आगे बढ़ेगी। सरकार केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित नए निर्यात प्रोत्साहनों से दृढ़ता के साथ नए निर्यात बाजारों में कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई देगी। सरकार के द्वारा हाल ही में निर्यातकों के लिए जो बहुमंत्रालयी सहायता डेस्क बनाई गई है, वह डेस्क निर्यातकों, लॉजिस्टिक संचालकों और शिपिंग कंपनियों के लिए हरसंभव सहयोग और सहायता के लिए अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन की कड़वाहट मिटाने से समरसता आएगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

## ऐसे काम न करें, जिससे लोगों की ताकत बढ़े



संकलित
प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**भारत सिर्फ शांति चाहता है**

भारत सिर्फ और सिर्फ शांति चाहता है और हर समस्या का समाधान सदैव बातचीत से ही करने का पक्षधर रहा है। इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन व इजराइल-अमरीका बनाम ईरान युद्ध को रोकने और समस्यात्मक मुद्दों को बातचीत के जरिए हल करने का संदेश दुनिया को दिया है। हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ भी सदा रहा है और सभी देशों से मिलकर दुनिया में फैले आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए कटिबद्ध भी है। बात सही है, हर मुद्दे के लिए आर्मी का उपयोग सूझबूझ व समझदारी नहीं है। इससे मानव संसाधन-सैनिक संसाधन के साथ ही विकास को भी गहरा नुकसान पहुंचता है। इसलिए हर तरह के युद्ध और आतंकवाद का बातचीत से समाधान होना चाहिए।

*- जयेश साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

### भारत एवं चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखे



चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को 'प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार' और 'खतरे के बजाय अवसर' के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए। वांग ने कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, '2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नयी शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन शिखर सम्मेलन ने चीन-भारत संबंधों में और सुधार किया।' उन्होंने कहा, 'सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय हुई बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में एक नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान-प्रदान देखकर हमें बेहद खुशी हो रही है। इन सभी से दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।' वांग ने संबंधों के भविष्य के स्वरूप पर कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे के प्रति प्रतिद्वंद्वी के बजाय भागीदार के रूप में और खतरे के बजाय अवसर के रूप में' सही रणनीतिक दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, 'दोनों पक्षों को अच्छे पड़ोसी के संबंधों और मित्रता को बनाए रखना चाहिए तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता की संयुक्त रूप से रक्षा करनी चाहिए।

## ऑफ बीट

### होता कुछ है, देखते कुछ हैं दृश्य भ्रम में



कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवत: हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है - छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।

## ट्रेंड

### नारी शक्ति की उपलब्धियां



भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गौरव का स्रोत हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी परिवर्तनकारी भूमिका का सशक्त प्रमाण हैं। भारत की प्रगति के साथ-साथ महिलाओं की आकांक्षाएं और योगदान एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की ओर हमारी सामूहिक यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### लोकतंत्र पर सीधा हमला



आज हम जो देख रहे हैं वह इस गणतंत्र की लोकतांत्रिक नींव पर सीधा हमला है। भाजपा ने अपने "एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी" के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और हर संवैधानिक पद का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है।

**- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

### हमारी विदेश नीति



हमारी विदेश नीति पहली बार विदेशी तय कर रहे हैं। भाजपा ने हमारी परंपरागत 'गुट निरपेक्षता' की विदेश नीति की जगह 'गुट सापेक्षता' की विदेशी नीति अपनाकर संप्रभुता की नीति पराये हाथों में सौंप दी है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### हवाई किराए में वृद्धि



मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और अस्थिरता के कारण अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी बेहद चिंताजनक है। इससे विदेशों में फंसे भारतीयों, विशेषकर छात्रों और कामगारों के लिए वतन वापसी, या भारत आए प्रवासियों की अपने काम और शिक्षण संस्थानों तक वापसी कठिन हो गई है।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा

# महिलाओं में दम, नहीं किसी से कम, उनकी शक्ति, उपलब्धियों योगदान की सराहना की, महिला सशक्तीकरण पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की शक्ति, उपलब्धियों और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं और अगर उन्हें सही अवसर और समर्थन मिले तो वे हर क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं। रविवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने का दिन नहीं है, बल्कि यह उनके सशक्तिकरण के लिए देश की प्रतिबद्धता को दोहराने का भी अवसर है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने आयोजित किया कार्यक्रम




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में राष्ट्रपति

### समाज को अपनी सोच बदलनी होगी

राष्ट्रपति का कहना था कि अगर महिलाओं को अवसर और सहयोग मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। हालांकि महिलाओं ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के रास्ते में अभी भी कई चुनौतियां मौजूद हैं। इन चुनौतियों पर समाज की सोच में बदलाव लाना भी जरूरी है।

### हर क्षेत्र में निभा रही अहम भूमिका

राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बल, चिकित्सा, विज्ञान, तकनीक, कला, खेल और उद्यमिता जैसे कई क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। स्वसहायता समूहों के जरिए गांवों की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

### राष्ट्रपति ने 'शक्ति वॉक' को सराहा

राष्ट्रपति ने 'शक्ति वॉक' कार्यक्रम की भी सराहना की। प्रतिभागियों ने इंडिया गेट से विजय चौक तक पैदल मार्च किया। उन्होंने देशभर से आई महिलाओं के समर्पण और उत्साह की भी प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने संविधान निर्माता बीआर आंबेडकर के प्रसिद्ध कथन को याद किया।

### भारत ने स्कूली शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल की

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत महिला नेतृत्व वाले विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। एक दशक में मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए मजबूत आधार तैयार किया गया है। भारत ने स्कूली शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल कर ली है।

### महिलाएं रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उभर रहीं

राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उभर रही हैं। स्टार्ट-अप इंडिया योजना में सहायता प्राप्त करने वाले आधे स्टार्ट-अप में एक महिला निदेशक हैं। 2 लाख महिला स्वामित्व वाले लघु एवं मध्यम उद्यम सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर सक्रिय हैं।

### उनके सपनों को साकार करने का प्रयास करें

राष्ट्रपति ने कहा कि सही मायने में विकास हासिल करने के लिए हमें महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। देश की तीव्र प्रगतिके लिए नागरिकों की पूर्ण क्षमता को साकार करने के लिए आवश्यक है कि हम उनके सपनों को साकार करें।

## खबर संक्षेप

### कमजोर पड़ रही भारत की वैश्विक मौजूदगी

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने रविवार को पश्चिम एशिया



में बढ़ते युद्ध को लेकर केंद्र सरकार पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा इस संकट के बीच भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूदगी और भूमिका खत्म होती दिखाई दे रही है। राउत ने यह बात शिवसेना के मुखपत्र सामना के साप्ताहिक कॉलम 'रोकठोक' में लिखी।

### कांग्रेस की 'गुलाम' है द्रमुक : पलानीस्वामी

**इरोड।** अन्नाद्रमुक प्रमुख ईके पलानीस्वामी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर



पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ द्रमुक अपने सहयोगी दल कांग्रेस की 'गुलाम' है। पलानीस्वामी ने पेरुंथुरई में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि अंततः कांग्रेस ने द्रमुक को धमकाया। विधानसभा चुनावों के लिए 28 सीटें हासिल कर ली।

### 28 करोड़ जनधन खाते महिलाओं के पास

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि



वित्तीय सेवाओं तक पहुंच ने महिलाओं को असली आजादी तक पहुंचने में मदद की है। 'एक्स' पर लिख जनधन खाता और लखपति दीदी जैसी सरकारी योजनाएं महिलाओं को वित्तीय रूप से मजबूत कर रही हैं। देश में अब तक 57.71 करोड़ जनधन खाते खोले जा चुके हैं।

### भागलपुर में 5 बच्चे डूबे 2 ने तैरकर बचाई जान

**भागलपुर।** बिहपुर प्रखंड के हरियो पंचायत अंतर्गत हरियो कोसी त्रिमुहान घाट के पास नदी स्नान



करने के दौरान 5 बच्चे डूब गए। 2 बच्चे जैसे-तैसे पानी से निकलने में सफल रहे। वहीं 3 बच्चों को नदी में स्थानीय गोताखोरों द्वारा तलाश जारी है। जिन बच्चों की पानी में तलाश की जा रही है, उसमें लक्ष्मण कुमार एवं नयन कुमार और युवराज शामिल हैं।

### शाह का निजी सचिव बताकर की ठगी, अरेस्ट

**मुंबई।** यहां की पुलिस की क्राइम ब्रांच ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का निजी सचिव



बताकर लोगों को ठगने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 41 वर्षीय मोहम्मद तारिक पठान के रूप में हुई है, जो रत्नागिरी जिले के खेड़ का निवासी है। पुलिस ने उसे नवी मुंबई के वाशी स्थित एपीएमसी मार्केट के पास एक होटल से गिरफ्तार किया।

विपक्ष के सभी आरोपों का जवाब देने सरकार ने भी कमर कसी

# आज से फिर गरमाएगा सदन, ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव पर हंगामे के आसार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बजट सत्र का पहला चरण सत्ता पक्ष और विपक्ष की तीखी तकरार की भेंट चढ़ गया और अब दूसरा चरण आज सोमवार से शुरू हो रहा है। चूंकि, इस सत्र की शुरुआत ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के साथ होनी है, इसलिए हंगामे के पूरे आसार हैं। इसके अलावा ईरान-इजरायल युद्ध, ईरानी सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत पर भारत के संतुलित रुख और रूस से तेल खरीद पर अमेरिकी दावे-दखल जैसे मुद्दों पर विपक्ष की जिस तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, उससे इशारा मिलता है कि इनके सहारे सरकार को घेरने का प्रयास होगा। वहीं, सरकार भी कमर कसकर तैयार दिख रही है। वहीं एआई इम्पैक्ट समिट में अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के सामने कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन के मामले में अन्य विपक्षी सहयोगियों का साथ न मिलने से कांग्रेस अकेले कठघरे में खड़ी है तो इसे देश के अपमान से जोड़कर सरकार भी करारा पलटवार कर सकती है।



### इन मुद्दों पर हो सकता है गतिरोध

बजट सत्र के दूसरे चरण में वैश्विक संघर्ष और उसके प्रभाव संसद में गतिरोध का कारण बन सकते हैं। विपक्षी दल रूसी तेल की खरीद जारी रखने में अमेरिका के दावे को आधार बनाकर संसद में भी इन आरोपों के साथ चर्चा कराना चाहेगा कि भारत अमेरिका के दबाव में है, क्योंकि राहुल गांधी इस मुद्दे को तूल दे भी रहे हैं। इसके साथ ही भारतीय समुद्री क्षेत्र में ईरानी युद्धपोत पर हमले की घटना को विपक्ष भारत के लिए सामरिक चुनौती के रूप में पेश कर सकता है। वहीं, खामेनेई की मौत पर भारत सरकार की शुरुआती चुप्पी पर भी कांग्रेस ने खास तौर पर सवाल उठाए हैं।

### लोकसभा अध्यक्ष पर विपक्ष का आरोप

विपक्ष का आरोप है कि स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही के दौरान पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और कांग्रेस के सांसदों को लेकर कुछ गलत दावे भी किए। इसी वजह से कई विपक्षी दलों के नेताओं ने उन्हें हटाने का प्रस्ताव दिया है। नियमों के अनुसार, प्रस्ताव दिए जाने के बाद ओम बिरला ने खुद को कार्यवाही से अलग कर लिया है और कहा गया है कि प्रस्ताव पर फैसला होने के बाद ही वह फिर से सदन की कार्यवाही संभालेंगे।

### एसआईआर को लेकर भी होगी नोक-झोंक

उधर, चुनावी मुहाने पर खड़े पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन कर रही हैं। टीएमसी सांसद ने मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध जिस तरह के तीखे बयान दिए हैं, उससे पूरा अंदेशा है कि इस टीएमसी इसी मुद्दे पर संसद में गतिरोध पैदा करना चाहेगी।

### सत्ता पक्ष ने भी कर रखी है पूरी तैयारी

लोकसभा स्पीकर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को गिराने सहित विपक्ष को जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष ने भी पूरी तैयारी की है। बजट सत्र के पहले चरण में पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक को लेकर राहुल गांधी को घेरना, आठ विपक्षी सांसदों के निलंबन, कांग्रेस की महिला सांसदों का सदन में प्रधानमंत्री मोदी की कुर्सी का घेराव करना और उन पर हमले का षड्यंत्र रचना सहित अन्य मुद्दे भी दूसरे चरण में जारी रह सकते हैं, क्योंकि राजनीतिक मंचों से नेता प्रतिपक्ष इस मुद्दे को अभी भी लगातार उठा रहे हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी पहले ही स्पीकर बिरला की तारीफ कर चुके हैं और इसे निरर्थक बताया है।

### सत्ता पक्ष के पास लोस में पर्याप्त बहुमत

*संख्या बल के लिहाज से सरकार मजबूत स्थिति में है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों के पास लोकसभा में बहुमत है, इसलिए माना जा रहा है कि यह प्रस्ताव पारित नहीं हो पाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ओम बिरला के समर्थन में सामने आए हैं और कहा है कि उन्होंने हमेशा संविधान और संसदीय लोकतंत्र की भावना के अनुसार काम किया है।*

# अनिल अंबानी पर एफआईआर दर्ज, पीएनबी से 1,085 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का एक नया मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि ये कार्रवाई पंजाब नेशनल बैंक की शिकायत पर की गई है। आरोप है कि 2013 से 2017 के बीच अनिल और उनकी कंपनी ने बैंक से 1,085 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी की है।

एफआईआर में कहा गया है कि आरोपियों ने कथित तौर पर आपराधिक साजिश रची और बेईमानी से बैंकों को रिलायंस को क्रेडिट फैसिलिटी देने के लिए उकसाया। शिकायत के मुताबिक, लोन खातों को 2017 में नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स घोषित कर दिया गया था। बैंक ने यह भी बताया कि बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा किए गए फोरेंसिक ऑडिट के बाद फरवरी 2021 में अकाउंट को फ्रॉड घोषित कर दिया गया था।



### अनिल अंबानी पर क्या हैं आरोप?

अनिल और उनकी कंपनी पर वित्तीय अनुशासन का उल्लंघन करने, गबन और मंजूरी की शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप है। पीएनबी के मैनेजर संतोषकृष्ण अन्नवरपु की शिकायत के अनुसार, अनिल और कंपनी के अन्य निदेशकों ने बैंक से ली राशि का गलत इस्तेमाल किया। एफआईआर में कहा गया है कि आरोपियों ने पीएनबी को 621.39 करोड़ रुपए और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया को 463.80 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया है। यूनाइटेड बैंक का पीएनबी में विलय हो चुका है।

**ईडी ने पहले 3,700 करोड़ का घर किया था जब्त :** बता दें कि 6 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल अंबानी और रिलायंस पावर से जुड़े कई कारोबारियों और संस्थाओं के ठिकानों पर छापेमारी की थी। मुंबई में करीब 10 से 12 जगहों पर ये छापे मारे गए थे। यह कार्रवाई उन लोगों पर की गई थी, जो कंपनी से किसी न किसी तरह जुड़े हुए थे।

### धोखाधड़ी से जुड़े कई मामलों में घिरे अनिल

अनिल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के 4 मामले दर्ज हैं। रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड समेत समूह की अन्य कंपनियों ने बैंकों से 12,524 करोड़ रुपए का लोन लिया था। इसमें से 6,931 करोड़ रुपए का लोन एनपीए घोषित हो गया। ये राशि रिलायंस समूह की अन्य कंपनियों को वापस भेज दी गई। एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा और यस बैंक से मिले लोन में अनियमितता मिली है। उनको बैंकों ने फ्रॉड घोषित किया है।

सीएम नीतीश के पुत्र निशांत की सियासी पारी शुरू

# निशांत जदयू में शामिल, राज्य की करूंगा सेवा, पिताजी के विश्वास को कायम रखें

## जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार जनता दल यूनाईटेड में शामिल हो गए हैं। वीर चंद्र पटेल रोड स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में हजारों कार्यकर्ताओं के बीच कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार वहां मौजूद नहीं थे। निशांत ने कहा कि मैं जदयू के कार्यकर्ता, नेता और बिहार की जनता को नमन करता हूं। मैं एक कार्यकर्ता के रूप में मैं सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि बिहार और देश की जनता से अपील करता हूं कि पिताजी पर विश्वास बनाए रखें। निशांत ने वरिष्ठ नेताओं के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया।

### 'निशांत के साथ, विकास का नया शंखनाद'



जेडीयू के कई कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी मुख्यालय और राज्य की राजधानी के अन्य प्रमुख क्षेत्रों के पास बैनरों और पोस्टरों में भी यही बात दोहराई गई। एक पोस्टर में था विकसित बिहार के नए अध्याय की शुरुआत। एक में निशांत के साथ, विकास का नया शंखनाद।

### पिताजी के कार्य को आगे बढ़ाऊंगा

निशांत ने कहा कि मेरे पिता ने बिहार की जनता के लिए जो काम किया है, उसे मैं आगे बढ़ाने का काम करूंगा। आप सब ने जो विश्वास किया, खड़ा उतरने की कोशिश करूंगा।

### कल से यात्रा पर निकलेंगे सीएम नीतीश

नीतीश की प्रस्तावित 'समृद्धि यात्रा' को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। वे 10 मार्च से कई जिलों के दौरे पर निकलेंगे और विकास योजनाओं की समीक्षा के साथ स्थानीय कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। 11 को वे अररिया और किशनगंज में ,12 को पूर्णिया और कटिहार तो 13 मार्च को वे सहरसा और खगड़िया में शामिल होंगे। अंतिम चरण में 14 मार्च को बेगूसराय और शेखपुरा जाएंगे।

## महिला दिवसः 'साड़ी वॉकथॉन 2026'



**ठाणे।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को 'साड़ी वॉकथॉन 2026' में महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने सशक्तिकरण और हथकरघा परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक साड़ियों में वॉक किया।

राष्ट्रपति के साथ टीएमसी के टकराव पर भाजपा का हमला

# सिर्फ घुसपैठियों का स्वागत, अब संविधान खतरे में नहीं...

## बंगाल में राष्ट्रपति के साथ किया गया बर्ताव बेहद शर्मनाक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता



बेनर्जी पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर दिए हालिया बयान पर उन्होंने निशाना साधा। रविशंकर ने कहा कि ममता बेनर्जी के शासन में बंगाल में घुसपैठियों का स्वागत किया जा रहा है। ममता संविधान के खतरे में होने की बात कर रही हैं, जबकि वे खुद राष्ट्रपति का सम्मान नहीं कर पाईं। राष्ट्रपति के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह बेहद शर्मनाक है। भारत के इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति के साथ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। भाजपा नेता ने कहा कि राष्ट्रपति के अपमान की पार्टी कड़ी निंदा करती है।

## ममता माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदेआजम

**कोलकाता।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने



उत्तर 24 परगना जिला के नैहाटी विधानसभा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी बंगाल में राष्ट्रपति और राज्यपाल का विरोध करती हैं, तो घुसपैठियों व माफिया का स्वागत करती हैं। ममता राज्य की मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदेआजम हैं। बंगाल से टीएमसी को जाना चाहिए।



### शहजाद और भंडारी ने ममता की आलोचना की, सरमा ने भी कोसा

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और प्रदीप भंडारी ने भी टीएमसी के रवैये को शर्मनाक बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी ममता को कोसा।

### घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण, ममता ने प्रोटोकाल तोड़ा



बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने ममता को सीख देते हुए कहा कि राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ ही आदिवासी समाज से भी आती हैं। ममता ने प्रोटोकाल का पालन नहीं किया।

पंजाब में बजट पेश

# महिलाओं को हर माह 1000 एससी को 1500 रुपए देंगे

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। मान सरकार ने



बजट पेश किया। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने मावां-धीयां सत्कार योजना का ऐलान किया। 97 फीसदी महिलाओं को हर महीने हर महीने 1000 की राशि मिलेगी। एससी की महिलाओं को 500 रुपए अधिक देने का ऐलान किया है।

### पात्रता की शर्तें भी लगाईं

मावां-धीयां सत्कार योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला योजना के पंजीकरण के लिए पात्र होंगी। मौजूदा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, जैसे वृद्धावस्था पेंशन या विधवा निराश्रित महिला पेंशन या विकलांगता पेंशन योजना के तहत पंजीकृत महिलाएं भी इस योजना के तहत पात्र होंगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा या पूर्व स्थायी सरकारी कर्मचारी, मौजूदा और पूर्व सांसद/विधायक और आयकर दाता अपात्र होंगे।

## खबर संक्षेप

### मेटा ने सोशल मीडिया पाबंदी पर चेताया

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध की घोषणा के बीच कंपनी मेटा ने कहा कि ऐसे प्रतिबंध लागू करने वाली सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नाबालिग उपयोगकर्ता असुरक्षित और अनियंत्रित मंचों का रुख न कर लें। अमेरिकी कंपनी ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस तरह के 'प्रतिबंध समान रूप से लागू होने चाहिए।

### अब म्यूचुअल फंड फोलियो को लॉक कर सकेंगे निवेशक

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड निवेशकों की डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'स्वैच्छिक डेबिट फ्रीज सुविधा' शुरू करने की घोषणा की। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह सुविधा डीमैट वाले और बिना डीमैट वाले दोनों तरह के फोलियो के लिए उपलब्ध होगी।

### भर्ती विज्ञापनों में महिलाओं की भागीदारी 19 फीसदी बढ़ी

**मुंबई।** भारत में भर्ती विज्ञापनों में महिलाओं की हिस्सेदारी सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़ गई है, जिसमें वरिष्ठ पदों, उच्च वेतन वर्गों, उभरती प्रौद्योगिकी भूमिकाओं और दूसरी श्रेणी के बाजारों में भर्ती का विस्तार प्रमुख रहा। फरवरी, 2025 से फरवरी, 2026 के बीच भर्ती विज्ञापनों के रुझानों के से यह निष्कर्ष सामने आया है।

# तांबा महंगा व रुपया कमजोर पड़ने से एसी की कीमतों में वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कमरे को ठंडा रखने वाले एयर कंडीशनर बनाने वाली प्रमुख कंपनियां कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्चों में निरंतर वृद्धि की भरपाई के लिए कीमतों में 5-15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर रही हैं।

- कीमतों में बढ़ोतरी ऐसे समय की गई जब मांग बढ़ने वाली है

फरवरी से अप्रैल के बीच लागू की जा रही यह बढ़ोतरी ठीक उस समय हो रही है, जब गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ एयर कंडीशनर (एसी) की मांग बढ़ने वाली है। डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज सहित प्रमुख कंपनियों ने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है।यह वृद्धि तांबे जैसे प्रमुख कच्चे माल की लागत बढ़ने, रुपये की कमजोरी, नए ऊर्जा-दक्षता मानकों और माल ढुलाई लागत में वृद्धि के कारण की गई है।

## लागत की भरपाई के लिए एसी हुआ 5 से 15 फीसदी महंगा

### इस साल बिक्री की गति मजबूत रहेगी

हालांकि, उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि भीषण गर्मी के पूर्वानुमान और नए स्टार-रेटेड मॉडलों से बिजली की बचत के कारण इस साल बिक्री की गति मजबूत रहने की उम्मीद है। डाइकिन इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कंवलजीत जावा ने बताया कि कंपनी अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने जा रही है।



*नए ऊर्जा मानक से उत्पाद अधिक कुशल : जावा ने कहा, ''नए ऊर्जा मानक आ गए हैं, जिससे उत्पाद अधिक कुशल हो गए हैं। साथ ही तांबे जैसी सामग्री की कीमतें बढ़ गई हैं और अमेरिकी डॉलर रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। वैश्विक उथल-पुथल के कारण माल ढुलाई लागत भी बढ़ गई है, जिससे आयात महंगा हो गया है। ऐसे में कोई विकल्प नहीं बचा है।''*

### ग्राहकों को तुरंत बड़ा असर महसूस नहीं होगा

जावा ने उम्मीद जताई कि इस साल बिक्री 2024 के रिकॉर्ड स्तर को छुएगी और कम से कम 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा कि कंपनी फरवरी के मध्य में ही 8-10 प्रतिशत की वृद्धि कर चुकी है। हालांकि, बाजार में अभी पुराना स्टॉक मौजूद है, इसलिए ग्राहकों को तुरंत बड़ा अंतर महसूस नहीं होगा।

### मूल्य समायोजन किया जा रहा

टाटा समूह की कंपनी वोल्टास भी कीमतों में 5-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर रही है। वोल्टास के प्रबंध निदेशक मुकुंदन मेनन ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कच्चे माल की लागत लगातार बढ़ी है, जिसे देखते हुए यह मूल्य समायोजन किया जा रहा है।

### डाइकिन उत्पादों के दाम 7-12 प्रतिशत बढ़ाएगी

डाइकिन इंडिया अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने वाली है। डाइकिन इंडिया ने एक बयान में कहा, 'अप्रैल 2026 से, डाइकिन इंडिया कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्च में लगातार बढ़ोतरी को कम करने के लिए अपनी सभी उत्पाद श्रृंखला में कीमतों में 7-12 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।' साल 2025 रूम एयर-कंडीशनर उद्योग के लिए अच्छा नहीं था, क्योंकि बेमौसम बारिश और दूसरे कारणों से बिक्री पर असर पड़ा था।

# प्रसिद्ध अर्थशास्त्री भानुमूर्ति ने कहा, कच्चे तेल में हुई तेजी से वृद्धि

## पशिचम एशिया संकट से अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता प्रतिकूल असर




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कच्चे तेल और गैस के दाम में तेज वृद्धि से देश में महंगाई बढ़ने, रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के निदेशक एन आर भानुमूर्ति ने यह कहा।

अमेरिका और इजराइल का ईरान पर हमले के बाद से कच्चे तेल की कीमत में तेज वृद्धि हुई है और यह 2023 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव बीते शुक्रवार को लगभग 8.5 प्रतिशत चढ़कर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया जो एक सप्ताह पहले 70 डॉलर के आसपास था। वहीं अमेरिकी मानक न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट कच्चा तेल 12.2 प्रतिशत बढ़कर 90.9 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### एलएनजी की कीमतें 50 फीसदी तक बढ़ी

*28 फरवरी को समाप्त सप्ताह की तुलना में ब्रेंट क्रूड के भाव में लगभग 32 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। एलएनजी की कीमतें भी लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले और पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितता का भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था पर तत्काल प्रभाव व्यापार और वित्त चैनलों के माध्यम से होगा।''*

### व्यापार और चालू खाता घाटा होगा प्रभावित



अर्थशास्त्री ने कहा, ''तेल बाजारों में कीमतों में तेज वृद्धि हमारे व्यापार घाटे और चालू खाता घाटे को भी प्रभावित करेगी। अगर वैश्विक स्तर पर तेल के दाम में वृद्धि को देखते हुए, घरेलू खुदरा कीमतें बढ़ाई जाती हैं, तो देश में तेल की कीमतों में और वृद्धि हो सकती है। खुदरा बाजारों में गैस की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं।''

### तेल 10 डॉलर बढ़ने से मुद्रास्फीति 0.7 फीसदी बढ़ती है

ऊर्जा (कच्चा तेल, गैस) की कीमतें में और वृद्धि तथा कच्चा तेल के 100 डॉलर या उससे अधिक होने से मुद्रास्फीति पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, ''घरेलू मुद्रास्फीति पर वैश्विक तेल कीमतों के प्रभाव का अनुमान हम इस बात से लगा सकते हैं कि तेल की कीमतों में 10 डॉलर की वृद्धि से मुद्रास्फीति में 0.7 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है।

### कतर ने पहले ही गैस उत्पादन किया बंद

भानुमूर्ति ने कहा, ''कतर ने पहले ही गैस उत्पादन बंद कर दिया है। हालांकि, भारत के रूस से तेल आयात करने से विश्व तेल की कीमतों में नरमी आ सकती है। लेकिन गैस चिंता का विषय बनी रहेगी। खुदरा स्तर पर, चूंकि कई क्षेत्रों में गैस और तेल एक दूसरे के पूर्ण विकल्प हैं, इसलिए तेल पर गैस की कीमतों का व्यापक प्रभाव पड़ेगा।''

- मिडिल ईस्ट में जारी संकट से गैस के दाम में तेजी आई
- रुपए के विनिमय दर में भी गिरावट दर्ज की जा रही
- ब्रेंट क्रूड का भाव 8 .5% चढ़कर 92 .69 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

*होर्मुज फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है*

*उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के बीच स्थित एक संकरा जलमार्ग है जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। अपने सबसे संकरे बिंदु पर लगभग 55 किलोमीटर चौड़ा यह जलडमरूमध्य वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से ऊर्जा व्यापार के लिए,सबसे महत्वपूर्ण और अत्यधिक उपयोग किए जाने वाले समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है।*

### तेल कंपनियों के पास बोझ सहने पर्याप्त वित्तीय क्षमता

उल्लेखनीय है कि वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के बीच शनिवार को घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 60 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने साफ कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास इस बोझ को सहने के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता है।

# जोधपुर में बनेगा वंदे भारत कोच मेंटेनेंस डिपो का अत्याधुनिक विस्तार




ब्यूरो ▶▶| जोधपुर/चंडीगढ़

- बहुद्देश्यीय वर्कशॉप और विश्वस्तरीय ट्रेनिंग सेंटर
- पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल 14 मार्च तक राजस्थान के दौरे पर

पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), चंड़ीगढ़ द्वारा पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ के विभिन्न मीडिया संस्थानों के वरिष्ठ पत्रकारों का पत्रकार दल 08 से 14 मार्च 2026 के दौरान राजस्थान के दौरे पर है। पत्रकारों का प्रदेश में दौरे का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति तथा विभिन्न विभागों की बेस्ट प्रेक्टिसेस का अवलोकन एवं प्रचार प्रसार करना है। पीआईबी चंड़ीगढ़ के पत्रकार प्रतिनिधिमंडल ने जोधपुर में रेलवे द्वारा संचालित महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं के अंतर्गत भगत की कोठी वंदे भारत मेंटेनेंस डिपो की प्रगति का अवलोकन किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में भगत की कोठी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में विकसित किए जा रहे वंदे भारत स्लीपर कोच मेंटेनेंस डिपो के विस्तार के लिए रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा 195 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से यहां अत्याधुनिक बहुद्देश्यीय वर्कशॉप और विश्वस्तरीय ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
गुरु कबीर जी रजि.
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# द मुथूट ग्रुप की महिला दिवस फिल्म करवाती है एक सशक्त एहसास

एक भावनात्मक फिल्म प्रस्तुत की है, जो हमारे जीवन को शक्ति प्रदान करती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला दिवस के अवसर पर द मुथूट ग्रुप ने उन असाधारण महिलाओं को समर्पित एक भावनात्मक फिल्म प्रस्तुत की है, जो चुपचाप हमारे दैनिक जीवन को शक्ति प्रदान करती हैं। इस फिल्म के माध्यम से मुथूट ग्रुप ने परिवार और कार्यस्थल दोनों को समान रूप से संवारने में महिलाओं की अमूल्य भूमिका को स्वीकार किया है।

यह फिल्म उन महिलाओं के अक्सर अनदेखे और निरंतर प्रयासों को उजागर करती है, जो घर, परिवार की देखभाल और पेशेवर जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाते हुए हर दिन जीवन को सुचारु रूप से आगे बढ़ाती हैं। रोचक और विचारोत्तेजक कहानी के माध्यम से प्रस्तुत इस फिल्म में एक प्रभावशाली भूमिका परिवर्तन दिखाया गया है। इसमें एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अचानक खुद को उन दैनिक जिम्मेदारियों का अनुभव करते हुए पाता है, जिन्हें सामान्यतः उसके जीवन की महिला निभाती है।

## ई-कॉमर्स निर्यातकों को ऋण सहायता के दिशानिर्देश जारी

**नई दिल्ली।** डाक या कूरियर के जरिये कम से कम छह महीने से निर्यात करने वाले और ई-कॉमर्स के माध्यम से बिक्री के लिए विदेशों के गोदामों में अपना माल रखने वाले सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को अब 25,060 करोड़ रुपये के ''निर्यात प्रोत्साहन मिशन'' के तहत ऋण सहायता मिल सकेगी।

# भारत का कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों की ओर रुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल अपनी प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। फरवरी में इस आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा 'होर्मुज जलडमरूमध्य' से होकर आया था, जो ईरान और ओमान के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।

# मेरे जीवन को संवारने में महिलाओं की अहम भूमिका : अदाणी


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को उन महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके जीवन और सफर को संवारा है। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की नींव उन मूल्यों और समर्थन पर टिकी है, जो उन्हें अपने परिवार से मिला। लिंक्डइन पर लिखे एक लेख में अदाणी ने अपनी मां शांताबेन अदाणी के प्रभाव को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे बचपन में मां द्वारा सुनाई गई रामायण जैसे महाकाव्यों की कहानियों ने उनमें साहस, त्याग और कर्तव्य के मूल्यों को स्थापित किया।

**बहुओं की प्रशंसा :** अदाणी ने अपनी बहुओं, परिधि अदाणी (करण अदाणी की पत्नी) और दीवा अदाणी (जीत अदाणी की पत्नी) की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे परिवार में /"नया दृष्टिकोण और नयी ऊर्जा/" लेकर आई हैं। साथ ही उन्होंने अपनी पोतियों से मिलने वाली खुशी का भी उल्लेख किया।

### अदाणी ने परिवार को दिया धन्यवाद

अदाणी ने कहा कि जीवन की सबसे मजबूत नींव कंक्रीट या स्टील से नहीं, बल्कि उन लोगों से बनती है जो हमें एक व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। अदाणी ने अपनी मां को संस्कार देने के लिए, पत्नी प्रीति को उनका पथ-प्रदर्शक (विवेक) बनने के लिए, अपनी दोनों बहुओं परिधि और दीवा को परिवार में शक्ति, प्रतिभा और नया दृष्टिकोण लाने के लिए धन्यवाद दिया।



### पत्नी की भूमिका की सराहना

*अदाणी ने अपनी पत्नी प्रीति अदाणी की भूमिका की भी सराहना की, जिन्होंने दंत चिकित्सा का करियर छोड़कर 'अदाणी फाउंडेशन' का नेतृत्व संभाला। चेयरमैन ने बताया कि 'अदानी फाउंडेशन' आज देश के 22 राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है और अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुका है।*

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश, पुत्रः** जग राम, **पताः** बाल्मीकि मोहल्ला, ग्राम रानीखेड़ा, दिल्ली, ने **FIR No.: 288/2005 U/s 506(2)/34 IPC थानाः कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 288/2005 U/s 506(2)/34 IPC थानाः कंझावला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेश,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व भारद्वाज
जेएमएफसी-02, कमरा नंबर 113
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3010/RD/2026
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 6159




**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 6158 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |










## तिरंगा लहराया..पिच की मिट्टी चूमी, चैंपियन बनते ही भावुक हुए कप्तान सूर्यकुमार

# भारत ने लगातार दूसरी बार टी-20 विश्व कप जीतकर रचा इतिहास

**भारत ने फाइनल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर 255 रन बनाया और शान से जीते**

**2007 में पहले संस्करण में महेंद्र सिंह धोनी व 2024 में रोहित की कप्तानी में कप जीता**

**सूर्यकुमार यादव का नाम भी विश्व विजेता कप्तानों में शुमार, देशभर में मनाया जश्न**

भाषा ▶▶ अहमदाबाद

सूर्यकुमार यादव की टीम ने भारतीय क्रिकेट का एक और स्वर्णिम अध्याय लिखते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर भारत को तीसरी बार टी-20 विश्व कप दिलाया जिसमें संजू सैमसन की भूमिका अहम रही तो जसप्रीत बुमराह के योगदान को भी याद रखा जायेगा। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार टी-20 विश्व कप जीतने वाली पहली पुरूष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनी। इसके साथ ही तीन साल पहले इसी मैदान पर आस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप फाइनल हारने वाली रोहित शर्मा की टीम के पुराने जख्मों पर भी मरहम लग गया होगा। संजू सैमसन ने 46 गेंद में 89 और अभिषेक शर्मा ने 21 गेंद में 52 रन बनाकर भारत को पावरप्ले में ही 98 रन तक पहुंचाते हुए जीत की नींव रख दी थी। भारत ने



पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पांच विकेट पर 255 रन बनाये। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर को कोल मैकोंची की जगह जैकब डफी को अंतिम एकादश में उतारने का खामियाजा भुगतना पड़ा। करीब 86000 दर्शकों के सामने न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर आउट हो गई। मुंबई के चैंबूर में रहने वाले सूर्यकुमार ने अपना नाम महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद टी-20 विश्व कप जीतने वाले कप्तानों में शामिल कर लिया।

### भारत-255/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू का मैकोंची बो नीशाम | 89 |
| अभिषेक का सीफर्ट बो रविंद्र | 52 |
| ईशान का चैपमैन बो नीशाम | 54 |
| पंड्या का सेंटनेर बो हेनरी | 18 |
| सूर्यकुमार का रविंद्र बो नीशाम | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 8 |
| शिवम दुबे नाबाद | 26 |

अतिरिक्त : आठ रन
योग: 20 ओवर में पांच विकेट पर 255 रन
विकेट पतन : 1-98, 2-203, 3-204, 4-204, 5-226
गेंदबाजी: हेनरी 4-0-49-1, फिलिप्स 1-0-5-0, डफी 3-0-42-0, फर्ग्यूसन 2-0-48-0, सेंटनेर 4-0-33-0, रविंद्र 2-0-32-1, नीशाम 4-0-46-3

### न्यूजीलैंड: 159/10 (19)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| टिम सीफर्ट का ईशान बो वरूण | 52 |
| फिन एलेन का तिलक बो पटेल | 9 |
| रचिन रविंद्र का ईशान बो बुमराह | 1 |
| ग्लेन फिलिप्स बो पटेल | 5 |
| मार्क चैपमैन बो पंड्या | 3 |
| डेरिल मिचेल का ईशान बो पटेल | 17 |
| मिचेल सेंटनेर बो बुमराह | 43 |
| जेम्स नीशाम बो बुमराह | 8 |
| मैट हेनरी बो बुमराह | 0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन नाबाद | 6 |
| जैकब का तिलक बो अभिषेक | 3 |

अतिरिक्त : 12 रन
योग : 19 ओवर में 159 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-32-0, पंड्या 4-0-36-1, पटेल 3-0-27-3, बुमराह 4-0-15-4, वरूण 3-0-39-1, अभिषेक 1-0-5-1

### कई ऊंचाइयां छुई



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इससे हमारे क्रिकेट के प्रति जुनूनी देशवासियों को अपार खुशी और गर्व की अनुभूति हुई है। यह हमारे युवाओं में विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद समृद्ध प्रतिभा का भी प्रमाण है। टी20 विश्व कप जीतकर टीम इंडिया ने इतिहास की कई ऊंचाइयां छुई हैं। टीम के हर खिलाड़ी, पूरे प्रबंधन और सहयोगी स्टाफ को इस सामूहिक जीत के लिए प्रशंसा मिलनी चाहिए। मैं हमारी क्रिकेट टीम के भविष्य में भी निरंतर गौरव हासिल करने की कामना करती हूं।

### सूर्य ने आलोचकों को गलत साबित किया



विश्व कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार कहा कि मैं कप्तान बनने के पांच छह महीने के भीतर टीम को समझने लगा और जुड़ने लगा । फिर मुझे लगा कि बड़ा भाई या पिता बनने की जरूरत नहीं है। उन्हें खुद अपना रास्ता तय करने की आजादी देनी चाहिये ।' मैने रोहित के साथ काफी क्रिकेट खेली है । मुझे पता है कि वह कैसे काम करता था । किन जब वह खेल से विदा लेंगे तो उनका नाम एम एस धोनी, रोहित और कपिल देव के साथ लिया जायेगा ।

### गंभीर के 'मिडास टच' का कमाल



जोश और अपने फैसले पर पूरा यकीन रखने के बीच बहुत पतली रेखा होती है और भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर अक्सर इसी बीच संतुलन बनाकर चलते हैं। वह कभी जल्दबाजी नहीं करते और ना ही अपने फैसलों पर भरोसा खोते हैं। उनके पास काम करने का एक तरीका है और रविवार को भारतीय टीम का लगातार दूसरी आईसीसी टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीतना इसका एक और शानदार उदाहरण था। इतिहास तय करेगा कि वह एक महान रणनीतिकार थे या नहीं।

## खबर संक्षेप

### अर्शदीप कौर ने जीता 25 मी. पिस्टल का टी3 ट्रायल

**नई दिल्ली।** अर्शदीप कौर ने दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर सहित शीर्ष निशानेबाजों को पछाड़ते हुए राष्ट्रीय चयन ट्रायल (ग्रुप ए) की 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।



क्वालीफाइंग दौर में आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने वाली पंजाब की निशानेबाज ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में अनुभवी दिव्या टीएस को 37-36 से पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन राही सरनोबत ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सरनोबत को इससे पहले शूट ऑफ में दिव्या ने पछाड़ा था। मनु फाइनल में छठे स्थान पर रहीं।

### ऑस्ट्रेलियाई महिला क्लासिक: संयुक्त 5वें स्थान पर रहीं दीक्षा

**मजेंडा शोर्स।** दीक्षा डागर ने अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से ऑस्ट्रेलिया महिला क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया



और 2026 सत्र में पहली बार किसी टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा हवा और बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों के बीच अंतिम दौर में अंडर पार स्कोर बनाने वाली तीन खिलाड़ियों में शामिल रहीं। शीर्ष पांच में जगह बनाने की दौड़ में शामिल भारत की प्रणवी उर्स अंतिम दौर में छह ओवर 78 के बेहद खराब स्कोर से 14वें स्थान पर खिसक गईं।

### आईसीसी ने स्थगित की दोहा बैठक

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला टीम को 10 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ पर्थ

ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही, जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया, जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई, जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।



### लूसी ने लिए तीन विकेट

प्रतिका भी इसके बाद ऑफ स्पिनर गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका, जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल गेंदबाज लूसी हैमिल्टन रहीं, जिन्होंने 32 रन पर तीन विकेट चटकाए जबकि सदरलैंड ने 15 और एलेना किंगा ने 23 रन पर दो-दो विकेट हासिल किए।

## रैंडेल का कहर, पांच गेंदों पर चटकाए 5 विकेट

एजेंसी ▶▶ नेपियर

ब्रेट रैंडेल ने नेपियर में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के बीच प्लंकेट शील्ड मैच में इतिहास रच दिया। इस मैच की पहली पारी में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स का स्कोर 4 रन था और टीम का कोई विकेट नहीं गिरा था, लेकिन इसके बाद रैंडेल ने कहर बरपा दिया और 5 गेंदों पर 5 विकेट लिए। फिर नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स का स्कोर 9 रन पर 5 विकेट हो गया। रैंडेल का पहला शिकार हेनरी कूपर हुए, जो उनकी



सटीक इनस्विंगर पर बोल्ड हो गए। इसके बाद जीत रावल आउट हुए और फिर जो कार्टर का विकेट लेकर रैंडेल ने अपनी हैट्रिक पूरी की। फिर उन्होंने रॉबर्ट ओ'डॉनेल को स्लिप में कैच कराया और क्रिस्टियन क्लार्क को आउट किया और 5 गेंदों पर 5 विकेट लेने का कमाल किया।

**फुटबॉल**

## कनाडा ने अर्जेन्टीना को हराया शेरिडन ने बचाए दो पेनल्टी शूट



एजेंसी ▶▶ हैरिसन

गोलकीपर केलेन शेरिडन ने शुरुआती दो पेनल्टी बचाई, जिससे कनाडा ने शीबिलीव्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में गोल रहित ड्रॉ के बाद अर्जेन्टीना को पेनल्टी शूट आउट में हराया।

जोर्डिन हुइतेमा को पहले हाफ में कनाडा की ओर से गोल दागने का स्वर्णिम मौका मिला था लेकिन अर्जेन्टीना की गोलकीपर सोलाना पेरेरा ने उनके शॉट पर हाथ मार दिया, जिसके बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। शीबिलीव्स कप के नए नियमों के अनुसार मैच में अतिरिक्त समय का खेल नहीं होता और नतीजे के लिए सीधे पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया जाता है।

शेरिडन ने अर्जेन्टीना के शुरुआती दो प्रयासों को नाकाम किया और कनाडा ने तब जीत सुनिश्चित की जब विरोधी टीम की वेनिना प्रेनिंगर का शॉट क्रॉसबार से ऊपर से बाहर निकल गया।

## बार्सिलोना ने एथलेटिक बिलबाओ को दी शिकस्त, यमाल ने दागा शानदार गोल



**बार्सीलोना।** लेमिन यमाल के गोल से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हरा दिया। मुकाबले के दौरान दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन यमाल ने 68वें मिनट में गोल दागकर अंक तालिका के शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना के 27 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है। यमाल मौजूदा सत्र में पहले ही 19 गोल दाग चुके हैं। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको मैड्रिड ने रीयाल सोसीदाद को 3-2 से हराया जबकि मार्लोका और ओसासुना का मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा। गिरोना और लेवांते ने भी 1-1 से ड्रॉ खेला।

## डिकॉक, मिलर ने की आईसीसी की आलोचना, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज टीम भारत में फंसी

**नई दिल्ली।** क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है कि उसने कथित तौर पर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बजाय इंग्लैंड के यात्रा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जबकि दोनों टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण हुई दिक्कतों के बीच अब तक स्वदेश लौटने का इंतजार कर रही हैं। दूसरे सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त झेलने वाला इंग्लैंड शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी चार्टर्ड उड़ान से रवाना हुआ। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम हालांकि अब भी भारत में ही हैं। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज दोनों के कोलकाता से एक और चार्टर्ड उड़ान से एक साथ यात्रा करने की उम्मीद है। उड़ान के समय की अभी पुष्टि नहीं हुई है। डिकॉक ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मजेदार है कि आईसीसी ने हमें कुछ नहीं बताया। इस बीच इंग्लैंड किसी तरह से हमारे से पहले कैसे जा रहा है? वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका तो बस अंधेरे में हैं।



## जयपुर की पहचान : अमित पाबूवाल ने बनाई थी टी-20 विश्व कप ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

आईसीसी टी-20 विश्व कप के रविवार को होने वाले फाइनल पर दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों की नजरें रहेंगी तो वहीं जयपुर ने भी इस विश्व कप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है क्योंकि इसकी ट्रॉफी जयपुर में बनी है। जयपुर के प्रसिद्ध ट्रॉफी डिजाइनर अमित पाबूवाल ने इस ट्रॉफी को डिजाइन किया था।

इस ट्रॉफी को डिजाइन करने के पीछे की कहानी पाबूवाल ने बताई , उन्होंने कहा कि 2007 में विश्व कप ट्रॉफी की डिजाइन की रुपरेखा ऑस्ट्रेलिया की मिनाले ब्रायस कंपनी ने तैयार की थी। टी-20 विश्व कप का पहला सत्र 2007 में हुआ था, जिसमें भारत चैंपियन बना था।



### चांदी से ट्रॉफी पर चढ़ाई प्लेटिनम की परत

आईसीसी का कहना था कि इस ट्रॉफी का डिजाइन अन्य ट्रॉफी से अलग हो और दिखने में आधुनिक हो। इसके बाद ट्रॉफी के डिजाइन में सुधार के बाद चांदी से ट्रॉफी बनाई गई, जिस पर प्लेटिनम की परत चढ़ाई गई। इस तरह से ट्रॉफी टिकाऊ, आकर्षक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के योग्य विश्वस्तरीय रूप में तैयार हुई।

### टी20 क्रिकेट की तेज और आधुनिक शैली को दर्शाया

पाबूवाल ने कहा, 'रूपरेखा तैयार होने के बाद इस ट्रॉफी को बनाने का काम आईसीसी ने मुझे सौंपा। मैंने क्रिकेट के लिए सबसे बड़ी चांदी की फ्रेंडशिप कप ट्रॉफी बनाई। इस ट्रॉफी की दुनियाभर में चर्चा हुई। इसके बाद आईसीसी ने टी20 विश्व कप की ट्रॉफी बनाने की जिम्मेदारी मुझे सौंपी।' उन्होंने दावा करते हुए कहा, ' शुरुआत में आईसीसी ने ट्रॉफी बनाने के लिए दो विकल्पों पर विचार किया। इसे मैं तैयार करूं या प्रसिद्ध क्रिस्टल कंपनी स्वारोवस्की। अंततः आईसीसी ने मुझे इस ट्रॉफी का डिजाइन तैयार कर बनाने के लिए चुना।' पाबूवाल ने बताया कि आईसीसी की योजना थी कि ट्रॉफी टाइटेनियम और कांच के संयोजन से बनें। इसमें कुछ हिस्से धातु के और कुछ हिस्से कांच के हों, जिससे कि टी20 क्रिकेट की तेज और आधुनिक शैली को दर्शाया जा सके।

**न्यूजीलैंड महिला टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू ने लिए 125 विकेट**

## ताहुहू का वनडे क्रिकेट से संन्यास, खेले 103 मैच

एजेंसी ▶▶ वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 15 साल तक वनडे फॉर्मेट में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू टी20 में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगी।

ताहुहू ने कहा, वनडे क्रिकेट में टीम की जर्सी पहनना हमेशा से मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात रही है। एक-एक गेम खेलना अद्भुत एहसास था। वनडे क्रिकेट में 100 से ज्यादा मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना, ऐसा है जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। उन्होंने कहा, मैं हर पल को संजो कर रखूंगी और वनडे फॉर्मेट में जो कुछ भी हासिल कर पाई हूं, उस पर बहुत गर्व के साथ जाऊंगी। भारत में वनडे विश्व कप 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए अपना आखिरी वनडे मैच खेलने वाली ताहुहू ने कहा कि वह टी20 के लिए उत्साहित हैं। 2011 की रोज बाउल सीरीज



में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की उम्र में वनडे में डेब्यू करने के बाद से, ताहुहू ने 103 वनडे में 125 विकेट लिए हैं।

### 4 विश्व कप खेल चुकी ताहुहु

ताहुहू ने कहा, आगे बहुत सारी रोमांचक चीजें हैं और मैं टी20 फॉर्मेट में इस टीम में योगदान देना जारी रखने के लिए उत्सुक हूं। 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतना एक बहुत बड़ी कामयाबी थी और मैं इस साल के आखिर में इंग्लैंड में इस टीम को अपना खिताब बचाने में मदद करने के लिए सच में प्रेरित हूं। 35 साल की पेसर उन 12 खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने कीवी महिला टीम के लिए 100 से अधिक वनडे मैच खेले हैं। ताहुहु 4 विश्व कप खेल चुकी हैं। वह लगातार टॉप 10 वनडे गेंदबाजों में शामिल रही हैं। 2023 में उन्हें आईसीसी महिला वनडे टीम ऑफ द ईयर में चुना गया था।

### ली की पेस हमेशा रही ताकत

हेड कोच बेन सॉयर ने कहा, "ली 15 साल से महिला वनडे में टॉप पर हैं, जो एक तेज गेंदबाज के लिए बहुत बड़ी कामयाबी है। ली की पेस हमेशा से एक ताकत रही है, लेकिन उनका प्रतियोगी स्वभाव और इस टीम को आगे बढ़ाने का जोश सबसे अलग रहा है। उन्होंने कहा, ली कुछ समय से वनडे गेंदबाजी ग्रुप की सीनियर सदस्य रही हैं और अगले चार साल के साइकिल में ग्रुप को एक बेहतरीन जगह पर छोड़ रही हैं, जो उनकी नेतृत्व का सबूत है। सॉयर ने कहा कि अपने देश के लिए वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज के तौर पर संन्यास लेने पर उन्हें गर्व होना चाहिए। टीम के लिए उन्होंने नए मानक तय किए हैं।






# ईरान के नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति-फिलहाल ऐलान नहीं
# इजराइल बोला- खामेनेई के हर उत्तराधिकारी को निशाना बनाएंगे

*अमेरिका इजराइल बीते एक सप्ताह से ईरान पर लगातार हमले कर रहे हैं। इसके बाद भी ईरान न झुकने को तैयार है न रुकने को। माना जा रहा है कि ये जंग करीब 6 माह तक चलेगी और पूरी दुनिया में इसका असर दिखाई देगा।*




**ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले के लिए माफी मांगी थी इसके बाद भी हमले**

**खाड़ी के कई देशों में दहशत का माहौल है और मिसाइलों की आवाजें सुनी जा रहीं**

- **खामेनेई की हत्या का बदला ले रहा है ईरान**
- **अमेरिका इस जंग में अब तक करोड़ों डॉलर फूंक चुका**

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति बन गई है, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर चुनने वाली संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने नए लीडर का चयन कर लिया है। असेंबली के सदस्य मोहसिन हेदरी ने कहा कि बहुमत से सबसे योग्य व्यक्ति के नाम को मंजूरी दे दी गई है। एक अन्य सदस्य मोहम्मद मेहदी मीरबाघेरी ने भी इसकी पुष्टि की है।

इस बीच, इजराइली सेना (ईडीएफ) ने ईरान को चेतावनी दी है कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के हर संभावित उत्तराधिकारी को निशाना बनाया जाएगा। आईडीएफ ने यह भी कहा कि उत्तराधिकारी चुनने की प्रक्रिया में शामिल लोग भी टारगेट पर हैं। संभावित उम्मीदवारों में खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई का नाम सबसे आगे बताया जा रहा था।

### जंग की वो 6 बड़ी बातें जो दुनिया को डराती हैं

1. ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया
2. इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा
3. 14 मेडिकल सेंटर्स और 65 स्कूलों पर भी हमला किया गया
4. यूएस-इजराइल और ईरान जंग में अब तक 1701 मौत हुई
5. जंग में अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए
6. इस जंग से पूरी दुनिया में तेल और गैस संकट की बढ़ रही आशंका

### इजराइल की धमकी कहा-खत्म कर देंगे

*गौरतलब है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन के बाद उनके उत्तराधिकारी की चयन प्रक्रिया ऐसे समय पर हो रही है, जब इजराइल की ओर से चेतावनी दी गई है कि वह ईरान के अगले सर्वोच्च नेता को भी निशाना बना सकता है। हाल में ही इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज की ओर से कहा गया कि अगर ईरान इजराइल के साथ अपना टकराव जारी रखता है, तो खामेनेई के उत्तराधिकारी को स्पष्ट रूप से खत्म करने का निशाना बनाया जाएगा।*

### उत्तराधिकारी का नाम नहीं बता रहा ईरान

*इस बात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि ईरान फैसला लेने के बाद भी नए नेता का नाम नहीं बता रहा है।*

## ईरान झुकने को तैयार नहीं कहा-ट्रंप को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे



ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने ट्रंप को सर्वोच्च नेता खामेनेई की हत्या की कीमत चुकाने की चेतावनी दीअमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए, जिनमें खामेनेई की मौत हो गई। ईरान ने अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले जारी रखे हैं और हथियार डालने से इनकार किया है। ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए, जिसमें 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता की मौत हो गई और मिडिल ईस्ट में युद्ध छिड़ गया। ईरान इसके बाद से अमेरिका के ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से अटैक कर रहा है। खामेनेई के करीबी सहयोगी लारीजानी ने रविवार को एक्स पर पोस्ट किया, 'हम अपने नेता और अपनी जनता के खून का बदला लिये बिना रुकेंगे नहीं। ट्रंप को कीमत चुकानी होगी और वह चुकाएंगे।' ईरान ने हथियार डालने से मना कर दिया है। वो लगातार इजराइल और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है।

## लेबनान में इजराइली हमलों में 394 की मौत,कई घायल

लेबनान में इजराइल के हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 394 हो गई है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक मृतकों में 83 बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 1130 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष के बीच लेबनान में हमले तेज हुए हैं।

### ईरान में 400 से ज्यादा ठिकानों पर कर दी एयर स्ट्राइक

इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसकी वायुसेना ने ईरान में 400 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। इन हमलों में बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर और हथियार बनाने वाले ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजराइली रक्षा बल के मुताबिक वायुसेना ने पिछले 24 घंटों में पश्चिमी और मध्य ईरान में व्यापक हमले किए। इस दौरान मिसाइल लॉन्चर, रक्षा प्रणालियों, हथियार भंडारण केंद्रों और अन्य सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को टारगेट किया गया। यह कार्रवाई ऑपरेशन "रोरिंग लायन" के तहत की जा रही है। इस ऑपरेशन के दौरान इजराइली वायुसेना अब तक सैकड़ों स्ट्राइक मिशन पूरा कर चुकी है।

**ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले रोकने वाले बयान पर दी सफाई**

## अमेरिका को ईरान की दो टूक- कहा हम एक इंच जमीन भी नहीं लेने देंगे



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि उनके हालिया बयान को दुश्मनों ने गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें ईरान और उसके पड़ोसी देशों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे और दोस्ताना संबंध बनाए रखना चाहता है। पेजेशकियन ने कहा कि ईरान कई बार यह कह चुका है कि पड़ोसी देशों के साथ भाईचारे और अच्छे रिश्ते होने चाहिए। हालांकि अगर ईरान पर हमला होता है तो जवाब देना उसकी मजबूरी बन जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि जवाबी कार्रवाई का मतलब यह नहीं है कि ईरान का किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह वहां के लोगों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि बार-बार कहा गया है कि हम भाई हैं और हमें पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। हालांकि, हमें हमलों का जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमारा किसी (पड़ोसी) देश के साथ कोई विवाद है या हम उनके लोगों को नाराज करना चाहते हैं।

### अमेरिका को दिया चुभने वाला जवाब

इस बीच अमेरिकी की लगातार धमकियों के बीच पेजेशकियन ने करारा हमला बोला है। उन्होंने साफ कहा कि ईरान देश की एक इंच जमीन भी किसी को नहीं लेने देगा। यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब अमेरिका और इस्त्राइल लगातार अलग-अलग दावे कर रहे हैं। इससे पहले पेजेशकियन ने अमेरिका की उस मांग को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने को कहा गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी उम्मीद रखना सिर्फ एक सपना है, जो कभी पूरा नहीं होगा। राज्य टीवी पर प्रसारित अपने रिकॉर्डेड संदेश में उन्होंने अमेरिका पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ईरान किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है।

### हमलों को रोकने वाले बयान पर आया जवाब

मसूद पेजेशकियन का ये बयान ऐसे समय में आए हैं, जब कुछ रिपोर्टों में यह समझा जा रहा था कि ईरान ने खाड़ी देशों पर हमलों को रोकने का फैसला किया है, हालांकि जमीनी हकीकत इसके विपरीत बताई जा रही थी। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान पर जब हमले होते हैं, तो वह जवाबी कार्रवाई के लिए मजबूर होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसका किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह उनके लोगों को परेशान करना चाहता है। उन्होंने दोहराया कि ईरान हमेशा से अपने पड़ोसियों के साथ 'भाईचारे' और अच्छे संबंधों का पक्षधर रहा है। उनके अनुसार जवाबी कार्रवाई एक मजबूरी है, न कि किसी देश के साथ विवाद या उनके लोगों को नुकसान पहुंचाने की इच्छा। यह बयान ईरान की विदेश नीति के उस पहलू पर प्रकाश डालता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों को बनाए रखने पर जोर देता है, भले ही वह अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने को मजबूर हो।

**ओली ने बालेन को दी बधाई**

## बालेंद्र शाह ने पीएम ओली को भारी मतों से हराया, पीएम की राह मजबूत

एजेंसी ▶▶ काठमांडू



नेपाल में चुनावो में आरएसपी के बालेंद्र शाह ने पीएम केपी ओली को भारी मतों से हराकर सरकार बनाने की राह पर कदम रखा है। पिछले साल पीढ़ीगत बदलाव और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मांग को लेकर हुए हिंसक 'जेन जेड' प्रदर्शनों के बाद हुए पहले आम चुनाव में उन्होंने पारंपरिक राजनीतिक दलों को करारा झटका दिया। रैपर से राजनीतिक नेता बने बालेंद्र शाह 'बालेन', जो राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के पीएम पद के उम्मीदवार हैं, उन्होंने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी– सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली को करीब 50,000 मतों के भारी अंतर से हराया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल चुनाव आयोग ने बताया कि 35 साल के बालेन ने 74 साल के ओली को 18,734 वोट के मुकाबले 68,348 वोट हासिल किए। रात घोषित परिणामों के मुताबिक रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित आरएसपी ने अब तक घोषित 87 सीटों के परिणाम में 70 सीट पर जीत दर्ज की है।

**भारत दौरे के बाद फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की विदाई**

## डिजिटल-तकनीकी साझेदारी पर समझौता भारत व फिनलैंड के संबंध नए मुकाम पर

- **भारत और फिनलैंड के संबंधों में स्थायित्व का दौर: अलेक्जेंडर स्टब**
- **जयशंकर ने कहा-दुनिया की समस्याएं यूरोप की समस्याएं नहीं, इस पर सहमत**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने रविवार को भारत का अपना राजकीय दौरा पूरा किया।

इस अवसर पर भारत सरकार की ओर से ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने उन्हें गर्मजोशी से विदाई दी। राष्ट्रपति स्टब का यह दौरा भारत और फिनलैंड के बीच संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है, जिसमें दोनों देशों ने तकनीक, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया। भारत के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राष्ट्रपति स्टब के भारत दौरे को बेहद महत्वपूर्ण और लाभदायक बताया। मंत्रालय ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रपति स्टब की भारत यात्रा के साथ एक सफल और उपयोगी दौरा संपन्न हुआ। एयरपोर्ट पर राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने उन्हें औपचारिक रूप से विदाई दी। भारत और फिनलैंड के संबंधों ने एक नया मुकाम हासिल किया है। दोनों देशों के बीच संबंध अब डिजिटलाइजेशन स्थायित्व में रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंच गए हैं। भविष्य में द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अपने भारत दौरे के दौरान राष्ट्रपति स्टब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की।

**उपराष्ट्रपति ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से किया संवाद**

## आने वाले समय में कई लखपति दीदी आगे बढ़कर करोड़पति दीदी बनेंगी

- **महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का उपराष्ट्रपति ने दौरा किया**
- **उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता की जमकर सराहना की**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हापानिया में इंटरनेशनल ट्रेन एंड फेयर सेंटर में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सदस्यों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने जमीनी स्तर पर विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण में इन समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत में महिलाओं की भूमिका में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला है। देश अब केवल महिला विकास की अवधारणा से आगे बढ़कर महिला नेतृत्व वाले विकास के दौर में प्रवेश कर चुका है। उपराष्ट्रपति राधाकृष्ण ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही है, जो देश की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कई लखपति दीदी आगे बढ़कर करोड़पति दीदी बनेंगी, जिससे न केवल उनके परिवार बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उकार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं मेला केंद्र में लगाए गए महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का भी दौरा किया। इस दौरान उन्हें त्रिपुरा के विभिन्न जिलों से आए एसएचजी समूहों द्वारा प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प के बारे में जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति ने इन उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### विकसित देश बनाने में महिलाओं का बड़ा योगदान

*इससे पहले, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, इंटरनेशनल विमेंस डे पर हम उन महिलाओं की ताकत, हिम्मत और कामयाबियों का जश्न मनाते हैं जो हमारे परिवारों, समाज और हमारे देश की किस्मत को आकार देती रहती हैं। भारत के लंबे और शानदार इतिहास में हमारी पुरानी ज्ञान परंपराओं की रखवाली करने वाली से लेकर हमारे आजादी के आंदोलन के बहादुर नेताओं और मॉडर्न भारत की तरक्की की अगुआ तक, महिलाएं हिम्मत, समझदारी और दया की मिसाल रही हैं। आज, महिलाएं साइंस, एजुकेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, गवर्नेंस, डिफेंस, स्पोर्ट्स और स्पेस जैसे हर क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही हैं, और भारत को एक मजबूत, सबको साथ लेकर चलने वाला और डेवलप्ड देश बनाने की दिशा में बहुत बड़ा योगदान दे रही हैं। हम एक ऐसा समाज बनाते रहें जहां हर लड़की आजादी से सपने देख सके और हर महिला अपनी पूरी काबिलियत को पहचान सके। इंटरनेशनल विमेंस डे पर सभी महिलाओं को दिल से बधाई और शुभकामनाएं।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109